राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





**11** रानी रामपालमहिला हॉकी की पूर्व कप्तान रानी रामपाल ने संन्यास ........

जस्टिन ट्रूडो गंवा सकते हैं पद, सांसदों ने दे दिया 4 दिन का अल्टीमेटम **12**

वर्ष : 15 | अंक : 192 | नई दिल्ली, शुक्रवार, 25 अक्टूबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

# शरद की पहली लिस्ट जारी 45 नाम: अजित के खिलाफ बारामती से भतीजे को टिकट दिया

**मुंबई, एजेंसी**

मुंबई । शरद पवार गुट की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी एसीपी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए गुरुवार शाम अपनी पहली लिस्ट जारी की। इसमें 45 नाम हैं। पार्टी ने बारामती से युगेंद्र पवार को टिकट दिया है। वे चाचा अजित पवार के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे। अनिल देखमुख को कटोल, जितेंद्र आव्हाड को मुंब्रा कलवा और जयंत पाटील को इस्लामपुर सीट से उम्मीदवार बनाया है। शरद, कांग्रेस-शिवसेना उद्धव के साथ महाविकास अघाड़ी गठबंधन का हिस्सा है। 23 अक्टूबर को तीनों पार्टियों ने 85-85-85 सीटों पर लड़ने की घोषणा की थी। 18 सीटें ब्लॉक की अन्य पार्टियों जिनमें समाजवादी पार्टी, SWP और CPI(M) समेत दूसरे दलों को देने की बात कही गई थी। 15 सीटों पर अभी भी पेंच फंसा हुआ है। शिवसेना की पहली लिस्ट में 65 नाम 23 अक्टूबर की शाम शिवसेना ने 65 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की थी। उद्धव के बेटे आदित्य ठाकरे को वरली से प्रत्याशी बनाया गया है। कोपरी पाचपखाडी से मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के सामने केदार दिघे को टिकट दिया गया। शिक्षा मंत्री दीपक केसरकर के खिलाफ ठाकरे गुट ने सावंतवाडी से पूर्व विधायक राजन तेली को टिकट दिया गया है। कैबिनेट मंत्री अब्दुल सत्तार के खिलाफ सिल्लोड से सुरेश बनकर को चुनाव में उतारा गया है। शिवसेना की लिस्ट में 3 महिलाओं को टिकट दिया गया है। पांच सीटें रउ और 3 सीटें के लिए हैं। महाराष्ट्र महाविकास अघाड़ी में शिवसेना ने सबसे पहले लिस्ट जारी की है। अभी कांग्रेस और की लिस्ट आनी बाकी है। महायुति में अब तक 182 नाम की घोषणा 23 अक्टूबर: अजित गुट की पहली लिस्ट में 38 कैंडिडेट के नाम महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए 23 अक्टूबर को अजित पवार गुट ने पहली लिस्ट जारी की। इसमें 38 कैंडिडेट्स के नाम थे। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार बारामती से चुनाव लड़ेंगे। यह बारामती लोकसभा सीट के अंतर्गत आती है। बारामती लोकसभा सीट शरद पवार की पारंपरिक सीट रही है। यहां से इस बार उनकी बेटी सुप्रिया सुले जीती थीं। सुप्रिया ने लोकसभा चुनाव में अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार को हराया था। 22 अक्टूबर: शिवसेना (शिंदे गुट) की पहली लिस्ट, 35 उम्मीदवारों का ऐलान 22 अक्टूबर की देर रात शिवसेना (शिंदे गुट) ने 45 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की थी। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे कोपड़ी पाचपाखाडी से चुनाव लड़ेंगे। वहीं, मंत्री उदय सामंत को रत्नागिरी से टिकट दिया गया। उट एकनाथ शिंदे ने जून 2022 में तत्कालीन उद्धव सरकार से बगावत की थी। भाजपा के समर्थन से वे मुख्यमंत्री बने। ऐसे में शिंदे के नेतृत्व में यह पहला विधानसभा चुनाव है। 21 अक्टूबर: भाजपा ने 21 अक्टूबर को पहली लिस्ट में 99 नाम विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने 21 अक्टूबर को 99 प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी की। इनमें 6 सीटें एसटी और 4 सीटें एससी के लिए हैं। वहीं, 13 सीटों पर महिलाओं को टिकट दिया है। वहीं, 10 उम्मीदवार ऐसे हैं जो पहली बार चुनाव लड़ेंगे। मौजूदा तीन निर्दलीय विधायकों को भी टिकट दिया है। डिप्टी उट देवेंद्र फडणवीस नागपुर दक्षिण-पश्चिम और महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले कामठी से चुनाव लड़ेंगे। महाराष्ट्र के पूर्व उट अशोक चव्हाण की बेटी श्रीजया चव्हाण को भोकर और पूर्व केंद्रीय मंत्री रावसाहेब दानवे के बेटे संतोष दानवे को भोकरदन सीट से टिकट दिया गया है। सिंगल फेज में 20 नवंबर को चुनाव, 23 नवंबर को रिजल्ट महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को 2024 को खत्म हो रहा है। महाराष्ट्र में महायुति यानी शिवसेना, भाजपा और ठउढ अजित पवार गुट की सरकार है। एंटी इनकम्बेंसी और 6 बड़ी पार्टियों के बीच बंटने वाले वोट को साधना पार्टी के लिए बड़ी चुनौती होगी।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 32.0°C
न्यूनतम तापमान 23.0°C

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 80,405 |
| चांदी | 1,1000 |
| सेंसेक्स | 80,220 |
| निफ्टी | 24,472 |

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रपति मुर्मू शुक्रवार से छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय दौरे पर

रायपुर, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार से छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगी। इस दौरान वह चार उच्च शिक्षा संस्थानों के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रपति के कार्यक्रम को देखते हुए रायपुर और दुर्ग जिलों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इन जिलों में कई स्थानों पर यातायात मार्ग में बदलाव किया गया है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति मुर्मू शुक्रवार को सुबह 11 बजकर 10 मिनट पर रायपुर के स्वामी विवेकानंद विमानतल पहुंचेंगी और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रायपुर जाएंगी, जहां वह दूसरे दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि हैं। अधिकारियों ने बताया कि इसके बाद राष्ट्रपति राजभवन जाएंगी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति शुक्रवार को ही पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार जाएंगी, जहां वह राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर के 14वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। अधिकारियों ने बताया कि बाद में राष्ट्रपति मुर्मू नवा रायपुर स्थित पुरखौती मुक्तांगन का दौरा करेंगी, जहां वह स्थानीय आदिवासियों से बातचीत करेंगी। बाद में वह राजभवन वापस आएंगी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति अगले दिन शनिवार को सुबह गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगी और अन्य कार्यक्रमों के लिए हेलीकॉप्टर से भिलाई (दुर्ग जिला) के लिए रवाना होंगी। अधिकारियों ने बताया कि मुर्मू भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), भिलाई के चौथे दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि होंगी।

# पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने आज रेड लाइट ऑन-गाड़ी ऑफ अभियान स्टीकर किया लॉन्च

## सरकार के प्रदूषण नियंत्रण अभियान के बेहतर कार्यान्वयन के लिए सिविल डिफेन्स वालंटियर लगाए जायेगें

**नई दिल्ली, एजेंसी**

नई दिल्ली। रेड लाइट ऑन-गाड़ी ऑफ₹ जनजागरूकता अभियान के तहत आज दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने आई पी एस्टेट, सी एन जी स्टेशन पर रेड लाइट ऑन-गाड़ी ऑफ अभियान स्टीकर लॉन्च किया।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आई जी एल के सहयोग से पूरी दिल्ली में सी एन जी स्टेशन पर ऑटो के ऊपर ₹ रेड लाइट ऑन-गाड़ी ऑफ अभियान ₹ स्टीकर लगाया जा रहा है। उन्होने आगे कहा कि वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कंट्रोल करने के लिए दिल्ली सरकार ने ₹रेड लाइट ऑन - गाड़ी ऑफ₹ जनजागरूकता अभियान शुरू किया है। सरकार ने 25 सितम्बर को विंटर एक्शन प्लान की घोषणा की थी। जिसके आधार पर संबंधित विभागों ने इसपर गंभीरता पूर्वक कार्य शुरू कर दिया है। दिल्ली में इस समय जो प्रदूषण बढ़ता है उसमें बायोमास वर्निंग और डस्ट से होने वाले प्रदूषण के साथ-साथ वाहनो से होने वाले प्रदूषण का भी योगदान होता है। इसी को देखते हुए 'रेड लाइट ऑन-गाड़ी ऑफ कैंपेन शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि बॉर्डर एरिया में परिवहन विभाग स्पेशल अभियान चलाएगा साथ ही सरकार के प्रदूषण नियंत्रण उपायों के बेहतर कार्यान्वयन के लिए सिविल डिफेन्स वालंटियर लगाए जायेगें। मंत्री श्री गोपाल राय ने बताया कि यह देखा जाता है कि यदि कोई व्यक्ति दिल्ली में अपनी गाड़ी लेकर निकलता है तो वापस घर पहुँचने तक लगभग 8 से 10 रेडलाईट पर रूकता है। यदि वह 2 मिनट एक चौराहे पर रूकता है और अपनी गाड़ी को आफ नहीं करता है तो वह 30 मिनट अपने गाड़ी के ईंधन को व्यर्थ में जलाता है। जिसकी कोई आवश्यकता नहीं है। इसलिए इस नजरिए को बदलने की जरूरत है। हमारा यह पूरा अभियान इसी बात को लेकर है कि हम रेडलाईट पर अपने वाहन को बंद करना अपनी आदत में ले आएं। यह अभियान दिल्ली के नागरिकों का है। सरकार प्रदूषण को दूर करने के लिए अपने प्रयास तो कर ही रही है, इसमें लोगों की जनभागीदारी भी अत्यंत आवश्यक है। गोपाल राय ने कहा कि वाहनों से होने वाले प्रदूषण को लेकर बॉर्डर एरिया में परिवहन विभाग स्पेशल अभियान चलाएगा। दिल्ली में बाहर से बहुत सारी प्राइवेट गाड़ियां आती है उसकी जांच की जायेगी। सरकारी गाड़ियों को लेकर हमने एन सी आर राज्यों के ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर को पत्र लिखा है। गोपाल राय ने कहा कि सरकार के प्रदूषण नियंत्रण अभियान के बेहतर कार्यान्वयन के लिए सिविल डिफेन्स वालंटियर लगाए जायेगें। उन्होंने आगे कहा कि डीडीएमए की बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि प्रदूषण नियंत्रण अभियान जैसे एंटी डस्ट अभियान ,कूड़ा जलाने को रोकने का अभियान , यातायात के सुचारु प्रवाह के लिए आदि अभियानों के बेहतर कार्यान्वयन के लिए सिविल डिफेन्स वालंटियर को लगाया जाएगा।




## प्रदूषण नियंत्रण के लिए दिल्ली में सरकारी दफ्तरों के समय में बदलाव करने पर विचार : गोपाल राय

दिल्ली की आप सरकार प्रदूषण को कंट्रोल करने के लिए कड़े कदम उठा रही है।इसी कड़ी में दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने गुरुवार को हुई दिल्ली डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी की बैठक में प्रदूषण नियंत्रण के उपायों पर अहम चर्चा हुई। बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि दिल्ली में ग्रेप-टू को लागू करवाने के लिए जगह-जगह सिविल डिफेंस वॉलंटियर को तैनात किया जाएगा। दिल्ली में सरकारी दफ्तरों के समय में बदलाव करने करने पर चर्चा हुई, जिससे एक साथ ज्यादा से ज्यादा गाड़ियां सड़कों पर ना रहें। दिल्ली में पड़ोसी राज्यों से आने वाली डीजल बसों को रोकने के लिए स्पेशल ड्राइव चलाई जाएगी, नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई होगी।इसके अलावा दिल्ली में आर्टिफीशिलय बारिश को लेकर गोपाल राय ने बताया कि एलजी साहब ने दिल्ली में पायलट बेस पर आर्टिफीशियल रेन कराने को लेकर केंद्र सरकार करने का आश्वासन दिया है, ताकि दिल्ली में इसका प्रयोग किया जा सके। दिल्ली डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी की बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि दिल्ली में ग्रेप-टू लागू हो गया है, लेकिन इसके इंप्लीमेंटेशन के लिए वर्क फोर्स की कमी है इसलिए सिविल डिफेंस वॉलंटियर को जगह-जगह डिप्लॉय करने को लेकर बैठक में फैसला लिया गया है। डस्ट कंट्रोल, व्हीकल कंट्रोल करने के लिए सिविल डिफेंस के वॉलंटियर लगाए जाएंगे। दिल्ली के कुछ रुट्स को डायवर्ट करने को लेकर चर्चा हुई। इसके लिए ट्रैफिक पुलिस पड़ोसी राज्यों के साथ कॉर्डिनेट करेगी। इसके अलावा हमने दिल्ली में केंद्र सरकार और राज्य सरकार के दफ्तरों की टाइमिंग में बदलाव करने पर भी चर्चा की है। जिससे सड़कों पर एक साथ ज्यादा से ज्यादा गाड़ियां सड़कों पर ना आए। इसी तरह दिल्ली में चारों तरफ से आने वाली डीजल बसों को प्रतिबंधित किया जाएगा। हमने सरकारी डीजल बसों के लिए पड़ोसी राज्यों के परिवहन मंत्रियों को चिट्ठी लिखी हैं। लेकिन इसके अलावा भी दिल्ली में बहुत सारी प्राइवेट डीजल बसें आती हैं, परिवहन विभाग के साथ इनके खिलाफ स्पेशल ड्राइव चलाने की बात हुई है। इसके अलावा बीएस 3 और बीएस 4 की प्राइवेट गाडियों के खिलाफ कार्रवाई करने को लेकर चर्चा हुई है।

## पीएसी की बैठक में नहीं पहुंचीं सेबी प्रमुख, भाजपा ने लोस अध्यक्ष से वेणुगोपाल के आचरण की शिकायत की

**नई दिल्ली, एजेंसी**



नई दिल्ली। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की प्रमुख माधवी पुरी बुच के बृहस्पतिवार को संसद की लोक लेखा समिति (पीएसी) के समक्ष उपस्थित होने में असमर्थता जताने के कारण समिति के प्रमुख के. सी. वेणुगोपाल ने इसकी बैठक स्थगित कर दी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने वेणुगोपाल पर एकतरफा तरीके से निर्णय लेने और असंसदीय आचरण करने का आरोप लगाते हुए लोकसभा अध्यक्ष (स्पीकर) ओम बिरला से शिकायत की। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वेणुगोपाल का कहना है कि बुच की तरफ से आज सुबह साढ़े नौ बजे सूचित किया कि वह निजी कारणों के चलते पीएसी की बैठक में शामिल नहीं हो सकेंगी, जिसके बाद बैठक को स्थगित करने का फैसला किया गया। वेणुगोपाल ने संवाददाताओं से कहा, ह्यह्यसमिति की पहली बैठक में हमने फैसला किया था कि पहले विषय के रूप में हमारी नियामक संस्थाओं की समीक्षा की जाए। इसलिए हमने आज सेबी की प्रमुख को इस संस्था की समीक्षा के लिए बुलाया था। उन्होंने कहा, ह्यह्यसबसे पहले, समिति के समक्ष पेश होने से सेबी प्रमुख के लिए छूट की मांग की गई जिससे हमने इनकार कर दिया। इसके बाद, उन्होंने पुष्टि की थी कि वह समिति के समक्ष पेश होंगी। आज सुबह साढ़े नौ बजे सेबी प्रमुख और इसके अन्य सदस्यों की ओर से सूचित किया गया कि निजी कारणों से वह दिल्ली की यात्रा नहीं कर सकतीं। वेणुगोपाल ने कहा कि एक महिला के आग्रह को ध्यान में रखते हुए बृहस्पतिवार की बैठक को स्थगित करने का फैसला किया गया। भाजपा सदस्यों का आरोप है कि वेणुगोपाल ने स्वतः संज्ञान लेते हुए बैठक स्थगित करने का फैसला किया और इस संबंध में उनकी राय नहीं ली। भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा, यह बहुत बड़ा विषय है। उनका कहना है कि स्वतः संज्ञान लेते हुए फैसला किया गया। आपने कैसे निर्णय लिया? पीएसी का काम सीएजी (नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक) रिपोर्ट पर विचार-विमर्श करना है। उन्होंने कहा कि अलग-अलग संस्थाओं के कामकाज को देखने के लिए संबंधित विभागों की स्थायी समितियां हैं। प्रसाद ने कहा, हमें विश्वस्त सूत्रों से यह जानकारी मिली है कि सीएजी रिपोर्ट में सेबी के बारे में कोई पैराग्राफ नहीं है उन्होंने आरोप लगाया कि पीएसी प्रमुख का आचरण पूरी तरह से असंसदीय है। बाद में, भाजपा नेताओं ने वेणुगोपाल के आचरण को लेकर लोकसभा अध्यक्ष के समक्ष विरोध दर्ज कराया। पीएसी की बैठक के एजेंडे में संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित नियामक निकायों के कामकाज की समीक्षा के लिए समिति के निर्णय के हिस्से के रूप में वित्त मंत्रालय और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के प्रतिनिधियों के मौखिक साक्ष्य शामिल थे। इस एजेंडे में संचार मंत्रालय और भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण के प्रतिनिधियों के मौखिक साक्ष्य भी शामिल थे। एजेंडे में कानून द्वारा स्थापित नियामक निकायों के कामकाज की समीक्षा को शामिल करने के समिति के फैसले का कोई विरोध नहीं था। लेकिन, बुच को बुलाने का वेणुगोपाल का निर्णय सत्तारूढ़ पार्टी के सदस्यों को पसंद नहीं आया। बुच अमेरिकी संस्था हिंडनबर्ग के आरोपों से उत्पन्न हुए राजनीतिक विवाद के केंद्र में रही हैं। बुच के खिलाफ अमेरिकी शॉर्ट-सेलर कंपनी ने हितों के टकराव के आरोप लगाए थे जिसके बाद कांग्रेस ने उन पर और सरकार पर तीखे हमले किए थे। पीएसी के सदस्य निशिकांत दुबे ने गत पांच अक्टूबर को समिति के अध्यक्ष वेणुगोपाल पर केंद्र सरकार को बदनाम करने और देश के वित्तीय ढांचे तथा अर्थव्यवस्था को अस्थिर करने के लिए निरर्थक मुद्दे उठाने का आरोप लगाया था।

## जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने की जरूरत: चिदंबरम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

नई दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा द्वारा सुरक्षा समीक्षा बैठक करने के एक दिन बाद बृहस्पतिवार को कहा कि लोगों ने अपने लिए एक मुख्यमंत्री और सरकार को चुना है, लेकिन मुख्यमंत्री के पास कोई अधिकार नहीं है। चिदंबरम ने यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा तत्काल बहाल करना जरूरी है। उन्होंने ह्यएक्सह्न पर पोस्ट किया, ह्यह्य(बैठक में) निर्वाचित मुख्यमंत्री मौजूद नहीं हैं। उन्हें आमंत्रित किया गया था या नहीं, मुझे नहीं पता। जम्मू-कश्मीर से जुड़े कानून के तहत पुलिस और सार्वजनिक व्यवस्था एलजी (उप राज्यपाल) के लिए आरक्षित विषय हैं। उन्होंने कहा कि लोगों ने अन्य चीजों के अलावा अपनी सुरक्षा के लिए एक मुख्यमंत्री और सरकार को चुना है, लेकिन मुख्यमंत्री के पास कोई अधिकार नहीं है। चिदंबरम ने कहा कि यही कारण है कि जम्मू-कश्मीर को आधा राज्य बताया जाता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा तत्काल बहाल करना जरूरी है। उप राज्यपाल सिन्हा ने बुधवार को घाटी में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के सुरक्षा ऑडिट करने, महत्वपूर्ण स्थानों पर चौबीस घंटे नाके लगाने, रात में गश्त और निगरानी का निर्देश दिया। सिन्हा ने यहां राजभवन में एक बैठक में कश्मीर संभाग के लिए सुरक्षा समीक्षा के दौरान ये निर्देश दिए। यह बैठक रविवार को गांदरबल जिले के गगनगीर इलाके में एक सुरंग के निर्माण में शामिल श्रमिकों पर हुए घातक आतंकवादी हमले के बाद हुई। इस हमले में एक स्थानीय चिकित्सक और छह प्रवासी मजदूरों समेत सात लोगों की मौत हो गई थी। प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े संगठन द रजिस्टेंस फ्रंट ने इस बर्बर हमले की जिम्मेदारी ली थी।

## भाजपा ने छठ घाट पर मंच सजाया, आम आदमी पार्टी को यमुना की सफाई का वादा याद दिलाया

नई दिल्ली/ एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी ने बृहस्पतिवार को यहां यमुना छठ घाट पर एक मंच बनाया जहां दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए दो कुर्सियां रखकर यमुना की सफाई के आम आदमी पार्टी के वादे को याद दिलाया गया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने एक बयान में कहा कि पार्टी की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने यमुना में डुबकी लगाई और दिल्ली सरकार के भ्रष्टाचार के लिए माफी मांगी। सचदेवा ने बुधवार को केजरीवाल को यमुना में डुबकी लगाने की चुनौती देते हुए कहा था कि पूर्व मुख्यमंत्री ने दिल्ली की जनता से वादा किया था कि वह 2025 की छठ पूजा से पहले यमुना को साफ कर देंगे ताकि लोग नदी में स्नान कर सकें। दिवाली से कुछ दिन बाद मनाए जाने वाले छठ पर्व से पहले, सत्तारूढ़ आप और भाजपा के बीच नदी में भारी प्रदूषण और जहरीले झाग के मुद्दे पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। भाजपा ने आईटीओ के पास छठ घाट पर एक मंच बनाया और उस पर लाल कालीन बिछाकर दो कुर्सियां रखी गईं जिन पर आतिशी और केजरीवाल के नाम लिखे थे। दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा, म इंतजार कर रहे हैं कि केजरीवाल और दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी आएं और यमुना की हालत देखें। उनके स्वागत के लिए दो कुर्सियां रखी गई हैं और लाल कालीन बिछाया गया है।

**तूफान** नौसेना ने अपनी इस तैयारी में आवश्यक कपड़े, पीने का पानी, भोजन, दवाएं और आपातकालीन राहत सामग्री की व्यवस्था की है.........

# चक्रवाती तूफान दाना के गंभीर होने की आशंका, सशस्त्र बलों ने की तैयारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

नई दिल्ली। ओडिशा व पश्चिम बंगाल के तट पर चक्रवाती तूफान दाना के गंभीर प्रभाव की आशंका है। ऐसे में भारतीय नौसेना मानवीय सहायता और आपदा राहत अभियान चलाने की तैयारी कर चुकी है। पूर्वी नौसेना कमान ने आंध्र प्रदेश, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में नौसेना के प्रभारी अधिकारियों के साथ समन्वय में यह आपदा प्रतिक्रिया तंत्र सक्रिय किया है। समुद्र से भी राहत प्रयासों के लिए, पूर्वी बेड़े के दो जहाज आपूर्ति, बचाव और गोताखोर टीमों के साथ तैनात किए गए हैं। भारतीय नौसेना स्थिति पर कड़ी निगरानी रख रही है और हाई अलर्ट पर है। भारतीय नौसेना का कहना है कि वह चक्रवात दाना से प्रभावित लोगों को व्यापक मदद देने के लिए तैयार है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, प्रभावित होने की आशंका वाले क्षेत्रों में लोगों को मेडिकल सहायता उपलब्ध कराने की भी व्यवस्था की गई है। राज्य प्रशासन द्वारा मांगे जाने पर चिकित्सा सहायता प्रदान की जाएगी। इसके लिए नौसेना की कमांड बेस यार्ड (बीवीवाई), मटेरियल ऑर्गनाइजेशन और नौसेना अस्पताल आईएनएचएस कल्याणी जैसी इकाइयों के साथ मिलकर काम कर रही है। नौसेना ने अपनी इस तैयारी में आवश्यक कपड़े, पीने का पानी, भोजन, दवाएं और आपातकालीन राहत सामग्री की व्यवस्था की है। हजार्ड इवेंट डिजास्टर रिस्पांस पैलेट को उन क्षेत्रों में सड़क मार्ग व प्रमुख स्थानों पर तैनात किया गया है, जहां चक्रवात से नुकसान होने की संभावना है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, जरूरत पड़ने पर समन्वित बचाव और राहत कार्यों में सहायता के लिए बाढ़ राहत और गोताखोर टीमें जुटाई जा रही हैं। चक्रवाती तूफान ह्यदानाह्न के 24 व 25 अक्टूबर के बीच पश्चिम बंगाल और ओडिशा के तटों से टकराने की आशंका है। तूफान की आशंका को देखते हुए भारतीय वायु सेना व तटरक्षक बल (आईसीजी) ने भी इस क्षेत्र में कई एहतियाती उपाय किए हैं। समुद्र में जान-माल की सुरक्षा के लिए ये उपाय किए गए हैं। रक्षा मंत्रालय का कहना है कि नौसेना, वायुसेना व आईसीजी स्थिति पर नजर रख रहे हैं। चक्रवात से उत्पन्न होने वाली किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं। पश्चिम बंगाल और ओडिशा में समुद्री जहाजों, विमानों और रिमोट ऑपरेटिंग स्टेशनों को एक्टिव किया गया है। भारतीय वायु सेना ने चक्रवात दाना की तैयारी के लिए 150 एनडीआरएफ कर्मियों और 25 टन राहत सामग्री को भुवनेश्वर पहुंचने का काम किया है। इसके लिए यहां वायु सेना के आईएल- 76 और एक एएन-32 विमान को तैनात किया गया है।



## तीन राज्यों पर ध्वस्तीकरण संबंधी आदेश की अवमानना के आरोप वाली याचिका पर सुनवाई से न्यायालय का इनकार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को उस याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया जिसमें उत्तराखंड, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के प्राधिकारियों पर संपत्तियों के ध्वस्तीकरण संबंधी उसके आदेश की अवमानना का आरोप लगाया गया था। न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति पी के मिश्रा और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि वह याचिकाकर्ता की याचिका पर विचार करने की इच्छुक नहीं है, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कथित कृत्य से जुड़ा नहीं है। पीठ ने कहा, हम भानुमती का पिटारा नहीं खोलना चाहते। अदालत ने कहा कि वह संपत्तियों के ध्वस्तीकरण से प्रभावित लोगों की सुनवाई करेगी। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि हरिद्वार, जयपुर और कानपुर में प्राधिकारियों ने उच्चतम न्यायालय के उस आदेश की अवमानना करते हुए संपत्तियों को ध्वस्त कर दिया, जिसमें कहा गया था कि उसकी अनुमति के बिना ध्वस्तीकरण नहीं किया जाएगा। शीर्ष अदालत ने इससे पहले कई याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिसमें यह दलील दी गई थी कि कई राज्यों में अपराध के आरोपियों की संपत्तियों सहित अन्य संपत्तियों को ध्वस्त किया जा रहा है। उच्चतम न्यायालय ने 17 सितंबर के अपने आदेश में प्राधिकारियों को उसकी इजाजत के बिना आपराधिक मामलों में आरोपियों की संपत्ति समेत अन्य संपत्तियों को एक अक्टूबर तक ध्वस्त नहीं करने का निर्देश था। शीर्ष अदालत ने कहा था कि यह रोक तब तक जारी रहेगी जब तक वह मामले में निर्णय नहीं करती। हालांकि उसने स्पष्ट किया था कि उसका आदेश सार्वजनिक सड़कों, फुटपाथों, रेलवे लाइन या जलाशयों जैसे सार्वजनिक स्थानों पर बने अनधिकृत ढांचों पर लागू नहीं होगा।



राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, शुक्रवार,25 अक्टूबर, 2024




## संक्षिप्त समाचार

### विद्यार्थियों ने रैली निकालकर दिया नशा मुक्ति का संदेश

**लंबगांव (टिहरी), एजेंसी।** राजकीय इंटर कॉलेज कंडियाल गांव के छात्र-छात्राओं ने विद्यालय से पंडरगांव तक नशामुक्त रैली निकालकर ग्रामीणों नशा मुक्ति का संदेश दिया। छात्र-छात्राओं ने ग्रामीणों को नशे के प्रचलन पर रोक लगाने के लिए रैली के माध्यम से जागरूक किया। नशा मुक्त रैली का नेतृत्व कर रहे राज्य आंदोलनकारी देवी सिंह पंवार ने कहा कि एक माह के भीतर क्षेत्र के पट्टी उपली रमोली के उपला और निचला कंडियाल गांव, पंडरगांव, दीनगांव, सिलोडा सहित पांच गांव में संपन्न हुए शादी-समारोह एवं अन्य सार्वजनिक कार्यों पर शराब नहीं परोसी गई। जल्द ही उपली पट्टी के संपूर्ण गांवों और क्षेत्र में नशा मुक्ति अभियान चलाए जाएगा। इस मौके पर क्षेत्र पंचायत सदस्य रोशन नौटियाल, भाजपा मुखेम मंडल अध्यक्ष राजपाल राणा, कुंवर सिंह पंवार, यशपाल कंडियाल, भगवान सिंह पंवार, धनपाल पंवार, राकेश कंडियाल, सुंदर लाल, तरूणा देवी, चंद्रकला देवी, सुंदरी देवी, नारायणी देवी आदि मौजूद थे।

### खाता खतौनी की नकल नहीं निकलने पर कांग्रेसियों ने उठाए सवाल

**घनसाली (टिहरी), एजेंसी।** घनसाली और बालगंगा तहसील में सरकारी वेबसाइट खराब पड़े होने पर खाता-खतौनी की नकल नहीं निकलने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रोष जताया है। कहा कि खाता-खतौनी के अभाव में लोगों के आवश्यक प्रमाणपत्र नहीं बन पा रहे हैं। कांग्रेस के भिलंगना ब्लॉक इकाई अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद जोशी ने कहा कि सरकार जनहित के मुद्दों को लेकर संवेदनशील नहीं है। कहा पिछले 20 दिनों से अधिक समय से घनसाली और बालगंगा तहसील में खात-खतौनी निकालने वाली सरकारी साइड खराब होने से लोगों की खाता-खतौनी नहीं निकल पा रही है, जिससे क्षेत्र के लोगों के जन्म, मृत्यु प्रमाणपत्र, श्रम कार्ड आदि जरूरी कागजात नहीं बन पा रहे हैं। कहा कि मुख्यमंत्री स्वरोजगार व्यवसाय वेबसाइट और अपनी सरकार अपना पोर्टल भी कई दिनों से बंद पड़ा है। बालगंगा ब्लॉक इकाई अध्यक्ष जसवीर सिंह नेगी, विनोद लाल शाह, लाखीराम तिवाड़ी, मनोज तिवाड़ी, विजय राणा, विकास सेमवाल आदि मौजूद थे। इस बाबत घनसाली तहसीलदार हरीश जोशी ने बताया कि सर्वर डाउन चलने से खाता-खतौनी की नकल नहीं निकल पा रही है। ग्रामीणों की सुविधा के लिए भूलेख पोर्टल से खाता-खतौनी नकल निकालने की व्यवस्था की गई है, जिसके बाद राजस्व उपनिरीक्षक से नकल का सत्यापन करवाई जा सकती है, लेकिन नकल सत्यापन के लिए बिजली और पानी का बिल उपलब्ध करना जरूरी है।

### बिना अनुमति बहुमंजिला भवन बनाने पर किया सील

**नई टिहरी, एजेंसी।** बिना अनुमति के बहुमंजिला भवन निर्माण करना एक भवन स्वामी को भारी पड़ गया। जिला विकास प्राधिकरण ने बिना अनुमति के बहुमंजिला भवन बनाने पर सीलिंग की कार्रवाई अमल में लाई है। प्राधिकरण के सचिव/एडीएम केके मिश्रा ने बताया कि नई टिहरी के सेक्टर 2 में शिकायत मिली थी कि भवन स्वामी गीता सकलानी ने अवैध तरीके से निर्माण कार्य किया है। बुधवार को विभागीय तकनीकी टीम मौके पर जांच करने पहुंची, जिसमें बहुमंजिला भवन पर अवैध निर्माण पाया गया। भवन को सील कर दिया गया है। एडीएम ने कहा कि बीते दिनों बौराड़ी में भी एक होटल को अवैध निर्माण के चलते सील किया गया था। उन्होंने शहरवासियों से अपील की है कि बिना प्राधिकरण के नक्शा पास और अनुमति के कोई भी निर्माण कार्य नहीं किया जाए।

### एमडीडीए ने दो अवैध निर्माण किए सील

**ऋषिकेश, एजेंसी।** एमडीडीए ने दो अवैध निर्माणों को सील किया है। एमडीडीए के सहायक अभियंता शशांक सक्सेना ने बताया कि हरिद्वार रोड स्थित उग्रसेन नगर निवासी अनुज कुमार के निर्माणाधीन बहुमंजिला भवन को सीज किया गया है। बताया कि उक्त भवन का निर्माण बाहरी व्यक्तियों द्वारा तथ्यों का छुपा कर स्वीकृत मानचित्र के विरुद्ध किया जा रहा था। वहीं दूसरी कार्रवाई के तहत एमडीडीए ने भारत विहार स्थित न्यू आवास विकास निवासी ललित तिवारी के अवैध निर्माण को सील किया है।

# एनएच पर बीच रास्ते में खराब हुई रोडवेज की बस, यात्रियों में मची चीख पुकार

**अल्मोड़ा, एजेंसी।**
हल्द्वानी से अल्मोड़ा को चली रोडवेज की बस अल्मोड़ा-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग पर हल्द्वानी से महज 10 किमी दूर दोगांव के पास इंजन ओवरहीट होने से बीच सड़क पर खराब हो गई। इस दौरान बस पलटने से बाल-बाल बच गई। इससे यात्रियों में चीख पुकार मच गई।




हल्द्वानी से अल्मोड़ा को चली रोडवेज की बस अल्मोड़ा-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग पर हल्द्वानी से महज 10 किमी दूर दोगांव के पास इंजन ओवरहीट होने से बीच सड़क पर खराब हो गई। इस दौरान बस पलटने से बाल-बाल बच गई। इससे यात्रियों में चीख पुकार मच गई। बाद में मौके पर दूसरी बस भेजकर यात्रियों को रवाना किया गया।

रोडवेज डिपो अल्मोड़ा की बस (यूके-07पीए 2803) बुधवार को दिन के 1.40 बजे हल्द्वानी से अल्मोड़ा को रवाना हुई। हल्द्वानी से करीब 10 किमी दूर अल्मोड़ा-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग पर दोगांव के पास बस का इंजन ओवरहीट होने से बीच सड़क में बस खराब हो गई। इससे यात्रियों में चीख पुकार मच गई। बस में सवार सभी 25 यात्री बस रुकते ही बाहर निकल आए। बस खराब होने की सूचना मिलने पर अल्मोड़ा डिपो की हल्द्वानी में मौजूद दूसरी बस को मौके पर भेजकर यात्रियों को गंतव्य को रवाना किया गया। चालक ने बस को ठीक करने का काफी प्रयास किया लेकिन बस ठीक नहीं है। चालक बस को हल्द्वानी स्थित डिपो कार्यशाला में ले गया है।

यात्रियों को बेहतर यातायात सुविधा का दावा करने वाला उत्तराखंड परिवहन निगम के दावे हवाई साबित हो रहे हैं। रोडवेज की खटारा बसें सफर के दौरान यात्रियों को आराम कम बल्कि दर्द अधिक दे रही हैं। सफर के दौरान रास्ते में कभी भी बस खराब हो जाती है। कई बार धक्के लगाकर बस स्टार्ट होती है।

जिला मुख्यालय स्थित रोडवेज डिपो से लखनऊ, गुरुग्राम, दिल्ली, देहरादून, चंडीगढ़ समेत विभिन्न रूटों पर 14 सेवाओं का संचालन किया जाता है। रोडवेज की बसों की हालत बेहतर नहीं है। कल पुर्जे मार्ग में कभी भी खराब हो जाते हैं। इसकी तस्दीक आंकड़े कर रहे हैं। 28 जुलाई को हरिद्वार से अल्मोड़ा रही बस चौघानपाटा में बीच सड़क पर खराब हो गई थी। इसके बाद 30 अगस्त को अल्मोड़ा-मासी बस करबला में खराब हो गई थीं। 20 सितंबर को कार्यशाला से रवाना हुई रोडवेज की मासी बस करबला के पास पानी छोड़ने लगी थी। चालक ने जैसे तैसे बस ठीक की। स्टेशन पहुंचने पर बस का गैस किट फट गया। इसके करीब एक पखवाड़े बाद बागेश्वर डिपो की बरेली से बागेश्वर जा रही बस अल्मोड़ा के चौघानपाटा में बीच सड़क पर खराब हो गई थी। एक अक्तूबर को रोडवेज वर्कशॉप से स्टेशन आ रही अल्मोड़ा-चंडीगढ़ बस संख्या यूके-07-पीए-2802 का माल रोड पर पंजाब नेशनल बैंक के समीप प्रेशर पाइप फट गया।

## शादी का झांसा देकर चचेरे भाई ने युवती से किया दुष्कर्म, 5 महीने की गर्भवती होने पर शादी से किया इनकार

**रुड़की, एजेंसी।**
उत्तराखंड के रूड़की में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। दरअसल, यह मामला गंगनहर कोतवाली क्षेत्र का है जहां पर एक युवती ने अपने चचेरे भाई पर शादी का झांसा देकर छह माह से लगातार दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है और युवती 5 माह की गर्भवती भी है। ऐसे में युवक ने शादी से इंकार कर दिया है। इसके चलते युवती के परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी है। वहीं, पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।

प्राप्त सूचना के मुताबिक रूड़की गंगनहर कोतवाली क्षेत्र निवासी एक युवती के पेट में दर्द होने पर उसके परिजन युवती को दवाई दिलाने के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां पर डॉक्टर ने उन्हें ऐसी बात बताई कि उनकी आंखे फटी की फटी रह गई। दरअसल, जब डॉक्टर ने उसकी जांच की तो पता चला कि युवती पांच माह की गर्भवती है। वहीं डॉक्टर ने जब उन्हें पूरी बात बताई तो युवती के परिवार के लोग दंग रह गए। युवती के मुताबिक इसके पीछे उसके चचेरे भाई की करतूत है। युवती ने बताया कि करीब 6 माह पहले जब परिवार के सभी लोग बाहर गए हुए थे तो उसका चचेरा भाई उनके घर आया था और उसने उसके साथ दुष्कर्म किया था।

आरोप है कि चचेरा भाई उसे शादी का झांसा देकर छह माह तक दुष्कर्म करता रहा। लेकिन अब वह शादी करने से साफ इंकार कर रहा है। इसके बाद युवती के परिजनों ने गंगनहर कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। वहीं इस मामले में सीओ रूड़की नरेंद्र पंत ने बताया कि तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं पर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## माजरीग्रांट में पांच करोड़ की लागत से बनेगा पशुबाड़ा

**ऋषिकेश, एजेंसी।** माजरीग्रांट में पांच करोड़ रुपये की लागत से कुल 0.7 भूमि पर पशुबाड़ा बनाया जाएगा। जिसके लिए डोईवाला विधायक ने अपनी निधि से दस लाख रुपये दिए हैं। बाकि धनराशि प्रदेश सरकार की ओर से दी जाएगी। पशुबाड़ा बनाने के लिए जल्द ही भूमि पूजन का कार्य किया जाएगा। रानीपोखरी में आंचल दुग्ध उत्पादन मेले का शुभारंभ करते हुए क्षेत्रीय विधायक बृजभूषण गैरोला ने कहा कि पांच करोड़ की लागत से बनने वाले पशुबाड़े में निराश्रित पशुओं को रखने की व्यवस्था की जाएगी। इससे सड़कों पर घूम रहे गोवंश और दूसरे निराश्रित पशुओं को रखा जा सकेगा। विधायक ने कहा कि माजरी में प्रदेश के सबसे बड़े पशु चिकित्सालय की स्थापना के लिए भूमि पूजन कर दिया गया है। एक से दो साल के अंदर यह पशु चिकित्सालय कार्य करने लगेगा।

# डॉ. मनीष नाजा एरीज के निदेशक बने, कार्यभार संभाला

**नैनीताल, एजेंसी।** नगर से सटे मनोरा पीक पपर स्थित आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान एवं शोध संस्थान (एरीज) के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. मनीष नाजा ने मंगलवार को एरीज के पूर्णकालिक निदेशक का पदभार ग्रहण कर लिया है। डॉ. नाजा ने एरीज में स्ट्रेटोस्फीयर ट्रोपोस्फेरिक रडार (एस्ट्राड) सुविधा और वायुमंडलीय अनुसंधान के क्षेत्र में कई अन्य सहयोगी परियोजनाओं की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मंगलवार को डॉ. नाजा ने एरीज के प्रभारी निदेशक डॉ. बृजेश कुमार से एरीज के पूर्णकालिक निदेशक का पदभार ग्रहण किया। डॉ. नाजा की नियुक्ति वर्ष 2006 में एरीज में हुई थी। निदेशक का पद भार संभालने से पहले वह सीनियर वैज्ञानिक के पद पर कार्यरत थे और बीते चार वर्षों से संस्थान के वायुमंडलीय विज्ञान विभाग का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने लगभग 90 शोध पत्रों का सह-लेखन किया है और आठ छात्रों का पीएचडी के लिए मार्गदर्शन किया है। उनका शोध प्राथमिक रूप से निचले वायुमंडल के विभिन्न उपक्षेत्रों जैसे अल्प मात्रा की गैसों, एरोसोल, मौसम विज्ञान, पवन गतिकी, वायु प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन पर केंद्रित है।

## थत्यूड़ बाजार में टैक्सी संचालन के लिए बनाए तीन प्वाइंट

**थत्यूड़ (टिहरी), एजेंसी।**
त्योहारी सीजन को देखते हुए बाजार में जाम की समस्या से निपटने के लिए थानाध्यक्ष ने व्यापारियों और टैक्सी यूनियन के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर ट्रैफिक प्लान बनाया है।

बैठक में थानाध्यक्ष अमित शर्मा ने कहा कि दीपावली के त्योहार पर बाजार में काफी भीड़ उमड़ने पर जाम की स्थिति बनती है, जिससे आमजन के साथ ही टैक्सी चालकों और व्यापारियों को भी कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सभी लोग व्यवस्था बनाने में सहयोग करेंगे, तो किसी प्रकार की समस्या नहीं आएगी। व्यापारियों और टैक्सी चालकों ने बाजार में जाम की समस्या से निपटने के उपाय करने की मांग की।

थानाध्यक्ष ने बैठक में बताया कि ट्रैफिक जाम की समस्या से निपटने के लिए यहां मुख्य बाजार में टैक्सी-मैक्सी के लिए तीन प्वाइंट बनाए गए हैं। प्लान के तहत नैनबाग क्षेत्र के वाहन यहां ढाणा रोड पर पार्क की जाएगी। क्यारी, रुयासी, ललोटना, टिकरी, बंगार, डिगोन और मूगललोड़ी के वाहन मुख्य बाजार प्वाइंट से संचालित किए जाएंगे, जबकि पुल पार बाजार के पास तेवा, बंगशी, मोलधार क्षेत्र की गाड़ियों का प्वाइंट निर्धारित किया गया है। सर्राफा व्यापारियों से भी दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाने को कहा गया है। उन्होंने सभी टैक्सी चालकों से सहयोग बनाने की अपील की है। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष भोला सिंह परमार, व्यापार मंडल अध्यक्ष अकबीर पंवार, महामंत्री विक्रम सिंह चौहान, रमेश रावत, कुलबीर रावत, गोविंद सिंह नेगी, टैक्सी यूनियन अध्यक्ष सज्जन सिंह चौहान, जगत सिंह असवाल, अनीश कुमार, हरीभजन सिंह पंवार आदि मौजूद थे।

## ग्रामीणों ने दो संदिग्ध लोगों को किया पुलिस के हवाले

**ऋषिकेश, एजेंसी।** रायवाला के ग्रामीणों ने साधु वेश में घूम रहे दो संदिग्धों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया। ग्राम प्रधान सागर गिरी ने थाना पुलिस से क्षेत्र में घूम रहे संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

रायवाला क्षेत्र में इन दिनों साधु के वेश में कुछ संदिग्ध लोग घूम रहे हैं। ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर रायवाला ग्राम प्रधान सागर गिरी ने पुलिस को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने पुलिस को बताया कि रायवाला गांव में कुछ दिनों से साधु संदिग्ध अव्यवस्था में घूमते दिखाई दे रहे हैं। इनसे पूछताछ की गई तो अधिकांश लोगों के पास पश्चिमी उत्तर प्रदेश के आधार कार्ड पाए गए।

इनमें से कई साधु दूसरे समुदाय के मिले हैं, जो अपनी पहचान छिपा कर गांव में घूम रहे थे। ग्राम प्रधान ने बताया कि भिक्षा मांगने के नाम पर ये लोग बेवजह घरों में घुसकर लोगों से अनावश्यक पूछताछ कर रहे हैं। ग्राम प्रधान ने इनकी ओर से दिखाए गए आधार कार्ड फर्जी होने की बात कही है।

गांव में घूम रहे कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र चौहान ने बताया कि क्षेत्र में संदिग्ध अव्यवस्था में घूमने वाले लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## शराब के नशे में धुत्त होकर झूमती दिखीं युवतियां, देने लगी गंदी-गंदी गालियां और ट्रैफिक कर दिया जाम

**हल्द्वानी, एजेंसी।**
शराब के नशे में धुत्त तीन युवतियों ने खेड़ा गौलापार में एक होटल के बाहर जमकर हंगामा काटा। तीनों ने गालीगलौज कर सड़क पर वाहनों के आवाजाही रोक दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तीनों को हिरासत में लिया। थाने लाने के बाद इन्हें स्वजन के हवाले कर दिया गया।

काठगोदाम से गौलापार को जाने वाले रास्ते में एक होटल है। पुलिस के अनुसार सोमवार की रात तीन युवतियां कार में सवार होकर होटल के बाहर पहुंची। तीनों शराब के नशे में धुत्त थी। जिन्होंने होटल के आगे सड़क पर हंगामा शुरू कर दिया। राहगीरों व आसपास के लोगों ने उन्हें समझाने का प्रयास किया। युवतियों के सिर शराब का नशा इस कदर सवार था कि उन्होंने समझाने वाले लोगों से ही गालीगलौज कर दी।

थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि होटल के आगे जाम की सूचना मिली थी। इस पर



सिपाही को भेजा गया। जहां तीन युवतियां नशे में हंगामा कर रही थी। उन्होंने बताया कि तीनों युवतियों को महिला दारोगा थाने लेकर आईं। युवतियां बनभूलपुरा की रहने वाली थीं। देर रात तीनों के स्वजन को थाने बुलाया और उन्हें घर भेज दिया।

हल्द्वानी- मुखानी थाना क्षेत्र में एक सवर्ण ने जमीन बेचने का सौदा कर लिया। उसे जब पता चला कि खरीददार अनुसूचित जाति का है तो जमीन का सौदा तोड़ लिया। सौदा तोड़ने से नाराज वाल्मीकि समाज के लोगों ने कोतवाली में पहुंचकर हंगामा किया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

गांधीनगर के वार्ड नंबर 27 निवासी सुरेश कुमार वाल्मीकि ने पुलिस को बताया कि वह नगर निगम के सुपरवाइजर पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने डहरिया में एक हजार स्क्वायर फीट का प्लाट खरीदा। जिसका सौदा 30 लाख रुपये में हो गया था। उनका कहना है कि प्लाट मालिक को पांच दिन पहले 50 हजार रुपये बयाना दे दिया था।

## डीएवी पीजी कॉलेज देहरादून और बिड़ला परिसर श्रीनगर फाइनल में पहुंचा

**चंबा (टिहरी), एजेंसी।**
गढ़वाल केंद्रीय विवि के स्वामी रामतीर्थ परिसर में पुरुष वर्ग की दो दिवसीय अंतर महाविद्यालय वॉलीबाल प्रतियोगिता शुरू हो गई। पहले दिन डीएवी पीजी कॉलेज देहरादून और बिड़ला परिसर श्रीनगर की टीमों ने शानदार प्रदर्शन कर फाइनल में प्रवेश किया। आज बृहस्पतिवार प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला होगा। बुधवार को बादशाहीथौल परिसर में वॉलीबाल प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच एसआरटी परिसर टिहरी और पौड़ी परिसर के बीच खेला गया, जिसमें टिहरी की टीम ने 25-10, 25-07 से जीत दर्ज की। दूसरे मैच में पैठाणी महाविद्यालय ने डीबीएस पीजी कॉलेज देहरादून को 25-16, 25-15, डीएवी पीजी कॉलेज देहरादून ने ओएमआईटी ऋषिकेश को 25-10, 25-11 और बिड़ला परिसर श्रीनगर की टीम ने एमआईटी ऋषिकेश को 25-20, 25-15 से हराकर दूसरे राउंड में प्रवेश किया। पहले सेमीफाइनल में डीएवी पीजी कॉलेज ने एसआरटी परिसर बादशाहीथौल को 25-23, 25-22 और 25-24 से जबकि दूसरे सेमी फाइनल में बिड़ला परिसर श्रीनगर ने राठ महाविद्यालय पैठाणी को 25-20, 25-19 से हराया। आज बृहस्पतिवार को प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

## दीपावली के बाद हरिद्वार रोड पर चलेगा बुलडोजर

**ऋषिकेश, एजेंसी।**
हरिद्वार रोड पर अतिक्रमण से हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। इससे पर्यटकों, स्थानीय निवासियों व यात्रियों को खासी दिक्कतें होती हैं।

ऋषिकेश शहरी क्षेत्र में दीपावली के बाद अतिक्रमण के खिलाफ अभियान तेज होगा। इस संबंध में डीएम ने निर्देश दिए हैं। बुधवार को डीएम किसी निरीक्षण के लिए ऋषिकेश पहुंचे थे। इस दौरान पत्रकारों के साथ बातचीत में शहर के मुख्य मार्ग हरिद्वार रोड सहित अन्य मार्गों व बाजारों में अतिक्रमण का मुद्दा उठा। हरिद्वार रोड पर अतिक्रमण से हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है।

इससे पर्यटकों, स्थानीय निवासियों व यात्रियों को खासी दिक्कतें होती हैं। डीएम सबिन बंसल ने संबंधित अधिकारियों को अतिक्रमण के खिलाफ अभियान तेज करने के निर्देश दिए हैं। एनएच के अधिशासी अभियंता नवनीत पांडे ने बताया कि शहर में करीब 81 स्थाई अतिक्रमण चिह्नित किए गए हैं। दीपावली के बाद अभियान तेज किया जाएगा।



## गौशाला में 13 पशुओं की मौत से मचा हड़कंप, कई जानवरों की हालत गंभीर; नहीं चल पा रहा बीमारी का पता

**रुड़की, एजेंसी।**
उत्तराखंड के रुड़की में से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। इसमें निजी गौशाला में पिछले कुछ दिनों के अंतराल में 13 पशुओं की मौत हो चुकी हैं। साथ ही अन्य कई पशुओं की हालत गंभीर हैं। इस दौरान हैरान करने वाला मामला यह है कि इन पशुओं की बीमारी का पता नहीं चल पा रहा है। इसके चलते पशु चिकित्सकों के लिए भी यह एक चिंता का विषय बना हुआ है।

मिली जानकारी के अनुसार रुड़की पनियाला रोड स्थित शिव कॉलोनी में निजी गौशाला में 13



पशुओं की मौत की खबर सामने आई है। इसी के साथ ही गौशाला में कई जानवर अभी भी गंभीर रूप से बीमार चल रहे है। इनमें कुछ गाय और कुछ बछड़े भी शामिल हैं। ऐसे में जहां एक तरफ पशु चिकित्सक डॉक्टर रोहित सिंह ने बताया कि फूड प्वाइजनिंग है। लेकिन अगर फूड प्वाइजनिंग होता तो दवाइयां से रिकवरी होती। लेकिन दवाइयां से भी रिकवरी नहीं हो रही है। इसके चलते पशुओं की बीमारी के बारे में पता न चल पाना स्वास्थ्य विभाग के लिए चिंता का विषय बन गया है।

वहीं, गौशाला संचालक संजय शर्मा का कहना है कि वर्ष 2012 से यह गौशाला चलाई जा रही है। लेकिन ऐसा पहले कभी नहीं हुआ है। इस मामले को संज्ञान में लेते हुए मौके पर रुड़की के ज्वाइंट मजिस्ट्रेट पहुंचे और स्थिति की गंभीरता को देख कर जांच के आदेश दिए हैं। इसी के साथ सभी निजी गौशाला संचालकों से अपील की है कि नियमावली के अनुसार ही गौशालाएं चलाए।

## आनेकी पुल के नीचे मिला युवक का शव, नहीं हुई शिनाख्त

**हरिद्वार, एजेंसी।**
सिडकुल थाना क्षेत्र में एक युवक का शव मिला है। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मोर्चरी में भिजवा दिया है। युवक सीसीटीवी कैमरों में गांव में घूमता हुआ दिखाई दिया है। वह नीचे कैसे गिरा इसकी पड़ताल पुलिस ने शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, सोमवार दोपहर करीब एक बजे आनेकी पुल के नीचे एक शव पड़ा होने की सूचना पुलिस को मिली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचे। उसके बाएं पैर में चोट लगी हुई थी, दाहिना पैर घुटने के पास से मुड़ा मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेने के बाद आसपास के लोगों को बुलाकर पहचान कराने का प्रयास किया, मगर शिनाख्त नहीं हो पाई। एसओ मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि करीब 38 वर्षीय मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। मृतक ने आर्मी ग्रीन कलर की हॉफ टीशर्ट और काले रंग का लोवर पहना हुआ था। दाहिने हाथ में सफेद रंग का धागा बंधा है। शव को मोर्चरी में भिजवा दिया गया है।

## दो दुकानों के ताले तोड़कर चोरों ने उड़ाया नकदी और सामान

**रूड़की, एजेंसी।** चोरों ने दो दुकानों के शटर तोड़कर लाखों रुपये के सामान और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। दुकान मालिकों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

पिरान कलियर सोहलपुर रोड मुर्करबपुर में एक मार्केट में मलिक कंफेक्शनरी और एक जनरल स्टोर की दुकान है। कंफेक्शनरी स्वामी शेरखान निवासी माहीग्रान बंदा रोड, रुड़की ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह रविवार शाम को अपनी दुकान को बंद करके घर चले गए थे। रात को करीब दो बजे सूचना मिली कि किसी ने दुकान का शटर तोड़कर सामान चोरी कर लिया है। वह रात को ही अपनी दुकान पर पहुंचे तो दो शटर टूटा हुआ था। दुकान के अंदर जाकर देखा तो दुकान में रखी करीब दो लाख की नकदी और 50 हजार रुपये के सिक्के और अन्य सामान गायब था। किराने की दुकान के मालिक तौकीर अमीन निवासी बेड़पुर ने बताया कि चोरों ने उनकी दुकान का शटर उखाड़कर नौ हजार रुपये के सिक्के और अन्य सामान चोरी कर लिया है।

# आज एक बार फिर से लोकतंत्र की जीत हुई और भाजपा शासित केंद्र सरकार लोकतंत्र की ताकत के सामने हार गई : सौरभ भारद्वाज

## भाजपा ने यह भी नहीं सोचा कि इन हजारों लोगों के घर में अब चूल्हा कैसे जलेगा : सौरभ भारद्वाज

**जानकारी**

- भाजपा नेता विजेंद्र गुप्ता ने महिला बस मार्शलों के साथ मारपीट की और उन पर झूठे मुकदमे किये : सौरभ भारद्वाज

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




दिल्ली सचिवालय में हुई एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री श्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, कि पिछले दिनों पूरे देश ने देखा की कैसे भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार के इशारे पर, दिल्ली सरकार के अलग-अलग विभागों जैसे दिल्ली महिला आयोग, दिल्ली ट्रांसपोर्ट डिपार्मेंट, दिल्ली सरकार के अस्पताल आदि में कॉन्ट्रैक्ट पर काम करने वाले हजारों गरीब परिवार के लड़के लड़कियों को नौकरी से निकाल दिया गया कउन्होंने कहा कि भाजपा शासित केंद्र सरकार ने एक बार भी नहीं सोचा कि 18 से 20 हजार रुपये प्रति माह पाने वाले इन गरीब लड़के लड़कियों का परिवार कैसे चलेगा? इन गरीब लोगों में ज्यादातर सभी का परिवार इन्हीं के ऊपर आश्रित है कअब जब इनको नौकरी से निकाल दिया गया है तो उनके घर में राशन कहां से आएगा? जो किराए पर रहते हैं वह लोग किराया कहां से भरेंगे? अपने बच्चों के स्कूल की फीस कहां से देंगे? सभी बातों को दरकिनार करते हुए भाजपा की केंद्र सरकार ने एक झटके में हजारों गरीब लड़के लड़कियों को नौकरी से निकाल दिया कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि अब यह सभी गरीब और बेरोजगार लोग इकट्ठा हो गए हैं और लगातार केंद्र सरकार की तानाशाही के खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं कउनके संघर्ष में, उनके हक की लड़ाई में आम आदमी पार्टी के विधायकों और मंत्रियों ने उनके कंधे से कंधा मिलाकर इनका सहयोग किया कमंत्री सौरभ भारद्वाज ने बताया कि संघर्ष के दौरान इन गरीब बस मार्शलों को बहुत सी यातनाएं भी झेलनी पड़ी कमहिला बस मार्शल को लात मारी गई, थप्पड़ मारे गए और उल्टा बस मार्शलों पर ही भाजपा के नेता द्वारा झूठे मुकदमे कर दिए गए परंतु इन महिला बस मार्शलों ने और अन्य तमाम लोगों ने हिम्मत नहीं हारी कउन्होंने बताया कि इन सभी संघर्षों के साथ-साथ आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल जी द्वारा इन गरीब लड़के लड़कियों की नौकरी की दोबारा से बहाली के लिए जो वादा किया गया था और जो मेहनत की गई आज वह रंग लाई है कउन्होंने कहा अंतत केंद्र सरकार को इन गरीब बस मार्शलों के संघर्ष के आगे झुकना पड़ा है कउन्होंने कहा कि जो साहस इन महिला बस मार्शल ने दिखाए मैं इनके जज्बे को सलाम करता हूं ककैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, कि आज लोकतंत्र की जीत हुई है और लोकतंत्र की ताकत के सामने केंद्र सरकार को हारना पड़ा है कअंततः केंद्र सरकार ने यह स्वीकार किया है, कि दिल्ली सरकार इन सभी कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारियों को दिल्ली सरकार के कार्यों में नियुक्ति करके वेतन दे सकती है कउन्होंने बताया कि जिस प्रकार से दिल्ली सरकार ने इन सभी सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स को रेड लाइट ऑन गाड़ी आफ कैंपेन को क्रियान्वित करने के लिए तथा ओड इवन जैसे दिल्ली सरकार के कार्यक्रमों को क्रियान्वित करने के लिए तैनात किया था, उसी श्रृंखला में अब दिल्ली सरकार प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए और एनफोर्समेंट एक्टिविटीज को अमली जामा पहनाने के लिए जैसे कि खुले में कूड़ा जलाने को रोकने के लिए, इमारतों के निर्माण कार्य की निगरानी के लिए, कूड़े के पहाड़ों में जानबूझकर आग लगाने की शरारतों की निगरानी जैसे कार्यों के लिए इन सभी सिविल डिफेंस वालंटियर जिनको बस मार्शल के तौर पर तैनात किया गया था, अगले 4 महीने के लिए इन्हें नियुक्त किया जाएगा और इसी दौरान यह कोशिश भी की जाएगी, कि इन सभी सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स को बस मार्शल की तरह फिर से बहाल किया जाए ककैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि आज मैं उन सभी सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स को बधाई देना चाहता हूं, खासतौर पर उन सभी बस मार्शल को जिन्होंने कई बार चंदगी राम अखाड़े के पास हम लोगों के साथ धरना प्रदर्शन किया, जिन्हें हमारे साथ केंद्र की पुलिस द्वारा सड़कों पर घसीटा गया, कभी सिविल लाइन थाने तो कभी बुराड़ी थाने में उन सभी को हमारे साथ डिटेन करके बंद रखा, उन्होंने कहा कि मैं उन सभी को सलाम करता हूं, कि उनके संघर्ष की वजह से आज हजारों हजार सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स के घर में एक उम्मीद जगी है

# कांग्रेस पार्टी में शामिल कई आप नेता

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने आज आम आदमी पार्टी के उत्तर पूर्वी दिल्ली के सांसद प्रतिनिधि इस्लाम मलिक को उनके सैंकड़ो साथियों के साथ कांग्रेस पार्टी में शामिल किया और सभी को कांग्रेस का पटका पहनाकर उनका संगठन में स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक हसन अहमद और अली मेंहदी भी मौजूद थे। देवेन्द्र यादव ने कहा कि इस्लाम मलिक और उनके साथियों के कांग्रेस में शामिल होने से उत्तर पूर्वी दिल्ली में हमारी ताकत बढ़ेगी, क्योंकि क्षेत्र में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है और इनके साथ बड़ी तादात में मुस्लिम समाज जुड़ा है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनावों के बाद कांग्रेस की विचारधारा और कार्यशैली में भरोसा जताकर दूसरी पार्टी के लोगों के कांग्रेस के साथ जुड़ने का सिलसिला जारी है, जिससे कांग्रेस का कुनबा लगातार बढ़ रहा है। इसी कड़ी में प्रदेश अध्यक्ष ने आम आदमी पार्टी के तिमारपुर विधानसभा सचिव प्रवीण सोनकर को कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करवाई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष आदेश भारद्वाज, पीके मिश्रा, पूर्व निगम पार्षद अमरलता सांगवान मुख्य रुप से मौजूद थी। पार्टी में शामिल होने वालों बताया कि वो कांग्रेस के आदर्शो, परम्परा, विचारधारा और सकारात्मक सोच तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय मल्लिकार्जुन खड़गे और जन नायक राहुल गांधी जी के प्रभावशाली व्यक्तित्व और उनके देशवासियों के अधिकारों और हितों के लिए संसद से सड़क तक संघर्ष से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि कांग्रेस परिवार में शामिल हुए सभी लोगों का दिल की गहराईयों से स्वागत करता हॅ। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की विचारधारा, माननीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व और जन प्रिय नेता राहुल गांधी जी की जनता के लिए संघर्ष की लड़ाई से प्रेरित होकर दूसरी पार्टी के लोग कांग्रेस के साथ जुड़ रहे है। उन्होंने कहा कि सपने दिखाने और उनकी हकीकत में बड़ा अंतर होता है, कांग्रेस पार्टी में शामिल होने वाले लोगों को भाजपा और आम आदमी पार्टी ने धोखा दिया, जिसके कारण इनका विश्वास वहां खत्म हो गया। श्री यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी गरीबों पिछड़ों, वंचितों के लिए काम करती है। मै विश्वास दिलाता हूॅ कि कांग्रेस में शामिल होने वाले लोगों को उचित सम्मान और स्थान दिया जाएगा।

## नोएडा में दलित प्रेरणा स्थल के पास अज्ञात महिला का मिला शव

नोएडा। नोएडा के विभिन्न जगहों पर एक महिला समेत तीन अज्ञात लोगों का शव मिला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस आयुक्त के मीडिया प्रभारी ने बताया कि थाना फेस-वन क्षेत्र के दलित प्रेरणा स्थल के पास एक 40 वर्षीय अज्ञात महिला का शव सड़क किनारे मिला है। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत हो रहा है कि महिला की मौत सड़क हादसे के चलते हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस शव की पहचान कराने का प्रयास कर रही है। उन्होने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चलेगा। उन्होंने बताया कि थाना दादरी क्षेत्र में एक 48 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव पुलिस को मिला है। पुलिस शव की पहचान कराने का प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि थाना सेक्टर-63 क्षेत्र में एक 50 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव पुलिस को मिला है। उन्होंने बताया कि पुलिस शव की पहचान कराने का प्रयास कर रही है।

**संक्षिप्त खबरें**

### पोलियोमाइलाइटिस से उत्पन्न लगातार खतरे को पहचानना आवश्यक



नई दिल्ली। इस विश्व पोलियो दिवस पर, पोलियोमाइलाइटिस से उत्पन्न लगातार खतरे को पहचानना आवश्यक है, विशेष रूप से भारत के मेघालय में हाल ही में देखी गई पोलियो घटना के मद्देनजर। पोलियो, एक अत्यधिक संक्रामक वायरल बीमारी है जो मल-मौखिक संचरण के माध्यम से फैलती है और मुख्य रूप से पांच साल से कम उम्र के बच्चों को प्रभावित करती है, जिससे अपरिवर्तनीय पक्षाघात होता है और कुछ मामलों में मृत्यु हो जाती है। दशकों की प्रगति के बावजूद, यह बीमारी वैश्विक स्वास्थ्य जोखिम बनी हुई है, खासकर भारत जैसे देशों के लिए, जो पोलियो मुक्त हैं, हालांकि पुनरुत्थान से बचने के लिए सतर्क रहना चाहिए। दिल्ली के बाल रोग विशेषज्ञ सलाहकार डॉ. अनिल कुमार ड्रोलिया कहते हैं, पोलियो एक वैश्विक खतरा बना हुआ है, और इसके खिलाफ लड़ाई में टीकाकरण हमारा सबसे प्रभावी उपकरण है। निष्क्रिय पोलियो वैक्सीन (आईपीवी), 6 सप्ताह से शुरू होकर, बच्चों में महत्वपूर्ण प्रतिरक्षा बनाता है, उन्हें इस जीवन-परिवर्तनकारी वायरस के अपरिवर्तनीय प्रभावों से बचाता है। यह जरूरी है कि हर बच्चे को यह महत्वपूर्ण टीका समय पर मिले। डॉ. ड्रोलिया बताते हैं, पोलियो मुक्त रहने में भारत की 12 साल की सफलता हमारे टीकाकरण कार्यक्रमों की ताकत का प्रमाण है, लेकिन हम आराम नहीं कर सकते। वायरस अभी भी दुनिया के कुछ हिस्सों में फैल रहा है, और वैश्विक यात्रा पोलियो मुक्त क्षेत्रों में पुनः परिचय को एक निरंतर खतरा बनाती है। सतर्कता महत्वपूर्ण है।

# शिरोमणि अकाली दल ने 104 साल पुरानी पार्टी के गौरवशाली इतिहास को समाप्त करने का फैसला किया

नई दिल्ली। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों ने कहा है कि शिरोमणि अकाली दल के कार्यकारी अध्यक्ष बलविंदर सिंह भुंदर के नेतृत्व में पार्टी की वर्किंग कमेटी द्वारा आज जो चार उपचुनावों में न लड़ने का निर्णय लिया गया है, वह 104 साल पुरानी पार्टी के इतिहास को समाप्त करने की दिशा में उठाया गया एक कदम है। आज यहां मीडिया से बातचीत करते हुए सरदार कालका और सरदार काहलों ने कहा कि यह बहुत ही हैरानी की बात है कि हमेशा पंजाब और सिख कौम के मुद्दों के लिए लड़ने वाली पार्टी, चाहे वह पंजाब के मुद्दे हों या आपातकाल के खिलाफ संघर्ष, 104 साल पुरानी पार्टी ने हमेशा अग्रिम मोर्चे पर लड़ाई लड़ी है, लेकिन अब अकाली दल उपचुनावों में लड़ने से ही भाग गया है। उन्होंने कहा कि पार्टी का यह फैसला साबित करता है कि पार्टी की छवि लगातार गिर रही है। उन्होंने कहा कि जो पार्टी कभी कौम और देश के मुद्दों पर संघर्ष करती थी, आज वह चार सीटों पर उपचुनाव भी लड़ने से भाग गई है, और इससे बड़ी गिरावट और कोई नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि यह बहुत हैरानी की बात है कि जिस पार्टी में सांसद और विधायक हैं और वह चुनाव लड़ने से भाग जाए, यह बहुत ही शर्मनाक व्यवहार है। उन्होंने कहा कि भले ही पार्टी अध्यक्ष सरदार सुखबीर सिंह बादल को तन्हाखिया करार दिया गया हो, लेकिन कोर कमेटी या वर्किंग कमेटी के फैसले ने साबित कर दिया है कि वे सभी सिर्फ डमी सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी ने आज यह ऐलान कर दिया है कि वह किसी भी लायक नहीं है कि जो चुनाव लड़ सके। उन्होंने कहा कि इससे स्पष्ट है कि उम्मीदवार चाहे कोई भी हो, शिरोमणि अकाली दल की जमानत जब्त होना तय है। उन्होंने कहा कि यह भी बहुत शर्मनाक बात है कि अकाली दल के 7 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार से मुलाकात कर चुनाव के लिए मिन्नतें कीं। उन्होंने कहा कि और भी शर्मनाक बात यह है कि दिल्ली के नेता मंजीत सिंह जीके और परमजीत सिंह सरना भी आज की बैठक में कुछ भी नहीं बोल सके।

# स्थायी नौकरी का वादा कर केवल वोट बैंक बनाया केजरीवाल ने : दीपक गाबा

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली के लाखों युवाओं और अन्य वर्ग के लोगो को स्थायी नौकरी देने का वादा कर आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने अपना वोट बैंक बनाया और तीन-तीन बार दिल्ली की सत्ता हांसिल की। लेकिन अपना वादा नहीं निभाया जिसके चलते अस्थाई कर्मियों के रोजगार पर अक्सर तलवार लटकती रहती है। यह कहना है भारतीय जनता पार्टी शाहदरा जिले के महासचिव दीपक गाबा का। दीपक गाबा कहते हैं कि आम आदमी पार्टी और उनके मुखिया अरविन्द केजरीवाल ने दिल्ली के लाखों युवाओं के भविष्य को दाँव पर लगाकर 2013 में सभी को रोजगार देने और ठेकेदारी व अनुबंधित कर्मचारियों को स्थायी देने नौकरी देने का वादा किया था और एक उम्मीद में दिल्ली के युवाओं ने केजरीवाल के झूठ से भ्रमित होकर उन्हें हर चुनाव में बहुमत दिया। दीपक गाबा कहते हैं कि अरविन्द केजरीवाल एक बार फिर दिल्ली महिला आयोग की 253 अनुबंधित महिला कर्मचारियों की वापसी कराने की दुहाई दे रहे है। इससे पहले 10 हजार बस मार्शलों की नियुक्ति पर भी केजरीवाल ने बड़े-बड़े बयान दिए थे, लेकिन हुआ कुछ नही, क्योंकि अरविन्द केजरीवाल की सरकार ने सरकारी विभागों में जितनी भी नियुक्तियां की है या तो अनैतिक अस्थाई नियुक्तियां है या अनुबंधित नियुक्ति जिनकी समय सीमा तय होती है, फिर पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल क्यों दिल्ली की जनता को भ्रमित करने वाले बयान दे रहे है। दीपक गाबा ने कहा कि दिल्ली सरकार में अनुबंधित 23000 से अधिक गैस्ट टीचर, लगभग 8000 आंगनबाड़ी और आशा वर्कर, 10000 मार्शल, सिविल डिफेंस के कर्मचारी और 5000 से अधिक अस्पतालों के डाटा एंट्री आपरेटर व सहायक स्टॉफ, हजारों सफाई कर्मचारी, माली आदि को केजरीवाल जी ने स्थाई नौकरी देने की बजाय अस्थाई नौकरी पर रखकर वोट बैंक तो मजबूत किया, लेकिन आज जब हजारों लोगों की नौकरी सिर्फ इसलिए चली गई है कि इनकी नियुक्ति नियमानुसार नही की गई, इसमें इन गरीब लोगो का दोष सिर्फ इतना रहा कि इन्होंने भ्रष्ट और धोखेबाज अरविन्द केजरीवाल पर भरोसा किया।

# महिलाओं के सशक्तिकरण के लिये सिलाई मशीनें वितरित की

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



अखिल भारतीय संस्था तरुण मित्र परिषद ने आज एक सादे कार्यक्रम में सेवा भारती द्वारा कैलाश नगर, दिल्ली मे संचालित प्रशिक्षण केंद्र में 10 सिलाई मशीनें जरूरतमंद महिलाओं को प्रदान कीं। इस प्रशिक्षण केंद्र का उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना और उनके जीवन को सशक्त बनाना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए परिषद के अध्यक्ष मनोज कुमार जैन (मनोनीत निगम पार्षद) ने बताया कि परिषद द्वारा वर्तमान मे 53वां दिव्यांग कैम्प जूनागढ (गुजरात) मे लगाया गया है। इस अवसर पर परिषद के महासचिव अशोक जैन ने कहा, हमारी संस्था पिछले 49 वर्षों से न केवल दिल्ली, बल्कि पूरे देश में जरूरतमंद लोगों का सहयोग और सेवा करती आ रही है। समाज के विभिन्न वर्गों, विशेषकर बच्चों और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हम कृत संकल्पित हैं। परिषद के कार्यक्रम में अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ-साथ परिषद के महासचिव अशोक जैन, सहसचिव आलोक जैन, संगठन सचिव राकेश जैन, राम किशोर शर्मा, सेवा भारती के प्रांत विद्यार्थी प्रमुख सतीश शर्मा, प्रांत पर्यावरण टोली से महेंद्र अग्रवाल, और अन्य विशिष्ट अतिथि भी मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के महत्व पर जोर दिया गया, और समाज के कमजोर वर्गों की सहायता के लिए इस तरह के प्रयासों को भविष्य में भी जारी रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

## केजरीवाल जी वादा पूरा करो, एक बार यमुना में डुबकी लगाकर दिखाओ : रोमेश चन्द्र गुप्ता

नई दिल्ली। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कई साल पूर्व दिल्ली के लोगो से वादा किया था अगले साल में आप लोगो के साथ स्वच्छ यमुना में डुबकी लगाऊंगा। लेकिन अगला साल तो क्या अब तो कई साल बीत चुके हैं बावजूद इसके डुबकी लगाने की बात तो दूर अब तो वे इस बाबत चर्चा भी नहीं करते। यह कहना है भारतीय जनता पार्टी शाहदरा जिले के महामंत्री रोमेश चन्द्र गुप्ता का। रोमेश चन्द्र गुप्ता कहते हैं दिल्ली सरकार की घोर लापरवाही के चलते यमुना राजधानी दिल्ली में जहरीली हो चुकी है। रोमेश चन्द्र गुप्ता कहते हैं मनुष्य तो क्या अब जल जन्तु भी यमुना में घुसने से भय खाते हैं। लेकिन दिल्ली की सरकार को शर्म तक नहीं आती यमुना की हालत देख कर। रोमेश चन्द्र गुप्ता कहते हैं अरविन्द केजरीवाल ने एक बार फिर से 2025 तक यमुना की सफाई का दावा करके कहा था कि वो यमुना में स्वयं डुबकी लगाऐंगे। रोमेश गुप्ता कहते हैं कि दूषित यमुना का झाग वाला पानी भी भ्रष्टाचार से जुड़ा दिख रहा है, जब दिल्ली जल बोर्ड ने यमुना सफाई में 6500 करोड़ खर्च किए तब भी यमुना दूषित और दूषित होती जा रही है। उन्होंने कहा कि अपनी जिम्मेदारी से भागने के लिए दिल्ली में समस्या कोई भी हो आप पार्टी के पास हर विषय पर एक रटा रटाया जवाब है कि सबके लिए पड़ौसी राज्य, उपराज्यपाल और केन्द्र सरकार को जिम्मेदार है। राजधानी में पानी भर जाए, सड़के टूटी हो, महिलाओं को पेंशन न मिले हर मामले में इनके पास एक ही जवाब है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के नालो पानी बिना ट्रीट करके सीधा यमुना में डाला जा रहा है, इसके लिए कौन जिम्मेदार है।

# भाजपा ने जिन बस मार्शलों और सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स को नौकरी से निकाला था, दिल्ली सरकार उन्हें दोबारा बहाल कर रही है - आतिशी

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने अपना वादा फिर निभाया। सीएम आतिशी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि दिल्लीवालों के बेटे केजरीवाल जी ने एक बार फिर अपना वादा निभाया है, भाजपा ने जिन बस मार्शलों और सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स को नौकरी से निकाला था, दिल्ली सरकार उन्हें दोबारा बहाल कर रही है। आने वाले 4 महीनों में उन्हें प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े कामों में लगाया जाएगा। सभी बस मार्शल्स को बधाई, उनसे यह भी वादा है कि 4 महीने के बाद भी उनको स्थायी तौर पर रोजगार देने का रास्ता निकाला जायेगा । आज केजरीवाल जी ने दिखा दिया कि किसी-ना-किसी तरीके से वो दिल्लीवालों के काम करवा कर ही चैन लेते हैं। उधर, दिल्ली सचिवालय में हुई एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री श्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, कि पिछले दिनों पूरे देश ने देखा की कैसे भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार के इशारे पर, दिल्ली सरकार के अलग-अलग विभागों जैसे दिल्ली महिला आयोग, दिल्ली ट्रांसपोर्ट डिपार्मेंट, दिल्ली सरकार के अस्पताल आदि में कॉन्ट्रैक्ट पर काम करने वाले हजारों गरीब परिवार के लड़के लड़कियों को नौकरी से निकाल दिया गया कउन्होंने कहा कि भाजपा शासित केंद्र सरकार ने एक बार भी नहीं सोचा कि 18 से 20 हजार रुपये प्रति माह पाने वाले इन गरीब लड़के लड़कियों का परिवार कैसे चलेगा? इन गरीब लोगों में ज्यादातर सभी का परिवार इन्हीं के ऊपर आश्रित है कअब जब इनको नौकरी से निकाल दिया गया है तो उनके घर में राशन कहां से आएगा? जो किराए पर रहते हैं वह लोग किराया कहां से भरेंगे? अपने बच्चों के स्कूल की फीस कहां से देंगे? सभी बातों को दरकिनार करते हुए भाजपा की केंद्र सरकार ने एक झटके में हजारों गरीब लड़के लड़कियों को नौकरी से निकाल दिया कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि अब यह सभी गरीब और बेरोजगार लोग इकट्ठा हो गए हैं और लगातार केंद्र सरकार की तानाशाही के खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं कउनके संघर्ष में, उनके हक की लड़ाई में आम आदमी पार्टी के विधायकों और मंत्रियों ने उनके कंधे से कंधा मिलाकर इनका सहयोग किया कमंत्री सौरभ भारद्वाज ने बताया कि संघर्ष के दौरान इन गरीब बस मार्शलों को बहुत सी यातनाएं भी झेलनी पड़ी कमहिला बस मार्शल को लात मारी गई, थप्पड़ मारे गए और उल्टा बस मार्शलों पर ही भाजपा के नेता द्वारा झूठे मुकदमे कर दिए गए कपरंतु इन महिला बस मार्शलों ने और अन्य तमाम लोगों ने हिम्मत नहीं हारी कउन्होंने बताया कि इन सभी संघर्षों के साथ-साथ आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल जी द्वारा इन गरीब लड़के लड़कियों की नौकरी की दोबारा से बहाली के लिए जो वादा किया गया था और जो मेहनत की गई आज वह रंग लाई है कउन्होंने कहा अंतत केंद्र सरकार को इन गरीब बस मार्शलों के संघर्ष के आगे झुकना पड़ा है कउन्होंने कहा कि जो साहस इन महिला बस मार्शल ने दिखाए मैं इनके जज्बे को सलाम करता हूं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, कि आज लोकतंत्र की जीत हुई है और लोकतंत्र की ताकत के सामने केंद्र सरकार को हारना पड़ा है क अंततः केंद्र सरकार ने यह स्वीकार किया है, कि दिल्ली सरकार इन सभी कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारियों को दिल्ली सरकार के कार्यों में नियुक्ति करके वेतन दे सकती है क उन्होंने बताया कि जिस प्रकार से दिल्ली सरकार ने इन सभी सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स को रेड लाइट ऑन गाड़ी आफ कैंपेन को क्रियान्वित करने के लिए तथा ओड इवन जैसे दिल्ली सरकार के कार्यक्रमों को क्रियान्वित करने के लिए तैनात किया था, उसी श्रृंखला में अब दिल्ली सरकार प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए और एनफोर्समेंट एक्टिविटीज को अमली जामा पहनाने के लिए जैसे कि खुले में कूड़ा जलाने को रोकने के लिए,
इमारतों के निर्माण कार्य की निगरानी के लिए, कूड़े के पहाड़ों में जानबूझकर आग लगाने की शरारतों की निगरानी जैसे कार्यों के लिए इन सभी सिविल डिफेंस वालंटियर जिनको बस मार्शल के तौर पर तैनात किया गया था, अगले 4 महीने के लिए इन्हें नियुक्त किया जाएगा और इसी दौरान यह कोशिश भी की जाएगी, कि इन सभी सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स को बस मार्शल की तरह फिर से बहाल किया जाए

कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि आज मैं उन सभी सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स को बधाई देना चाहता हूं, खासतौर पर उन सभी बस मार्शल को जिन्होंने कई बार चंदगी राम अखाड़े के पास हम लोगों के साथ धरना प्रदर्शन किया, जिन्हें हमारे साथ केंद्र की पुलिस द्वारा सड़कों पर घसीटा गया, कभी सिविल लाइन थाने तो कभी बुराड़ी थाने में उन सभी को हमारे साथ डिटेन करके बंद रखा, उन्होंने कहा कि मैं उन सभी को सलाम करता हूं

## मार्शलों की बहाली का एलजी ने दिया आदेश

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा उठाए गए 10 हजार मार्शलों के मुद्दे पर दिल्ली के उपराज्यपाल द्वारा उनकी बहाली के आदेश का स्वागत करते हुए कहा कि दिल्ली के प्रदूषण को खत्म करने के मकसद से मार्शलों के रूप में काम करने वाले सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स की बहाली का आदेश भारतीय जनता पार्टी द्वारा पिछले लंबे समय से किये जा रहे संघर्ष का परिणाम है। इससे न केवल भाजपा की जीत हुई है बल्कि आम आदमी पार्टी के उस कुचक्र का भी पदार्फाश हो गया है जो आप सरकार द्वारा जान बूझकर चलाया गया था। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी सरकार की ओर से इन्हें लगातार गुमराह किया जा रहा था, क्योंकि बस मार्शलों के रूप में इन्हें बहाल किया ही नहीं जा सकता था, क्योंकि इन्हें आपदा प्रबंधन के लिये सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स के रूप में ही अस्थाई रूप में भर्ती किया गया था और अब उपराज्यपाल ने प्रदूषण जैसी आपदा के प्रबंधन के लिये ही इन्हें पुनः नियुक्त करने का आदेश दिया है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हमने विधानसभा में भी इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था और दिल्ली के उपराज्यपाल को भी इन 10 हजार मार्शलों की नौकरी बहाल करने के लिए भाजपा विधायक दल की ओर से ज्ञापन सौंपा गया था।

**उत्तर रेलवे**

**TENDER NOTICE**

ई–निविदा (ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

| | | |
|---|---|---|
| | एन आई टी | 87, 88, 89 -2024-25-डब्ल्यू-4 |
| 1 | काम का नाम (स्थान के साथ) | **87)** दो वर्ष की अवधि के लिए एडीईएन/जेएचएल अनुभाग में ब्रिज जोन कार्य पी.ई. के लिए 30.06.2026 **कार्य की समान प्रकृति** : ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य। |
| | | **88)** दो वर्ष की अवधि के लिए एडीईएन/जेएचआई अनुभाग में ब्रिज जोन कार्य पी.ई. के लिए 30.06.2026 **कार्य की समान प्रकृति** : ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य। |
| | | **89)** दो वर्ष की अवधि के लिए एडीईएन/आरओके अनुभाग में ब्रिज जोन कार्य पी.ई. के लिए 30.06.2026 **कार्य की समान प्रकृति** : ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य। |
| 2 | काम की अनुमानित लागत रुपये | **87)** रुपये 7999368.30 **88)** रुपये 8499769.30 **89)** रुपये 8999535.55 |
| 3 | अग्रिम राशि (रुपये) | (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा।) (नोटः रेलवे बोर्डों के पत्र संख्या 2015/सीई-आई/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आईआर ई पी एस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए, ईएमडी के रूप में, स्वीकार नहीं किया जाएगा।) **87)** रु. 160000.00 **88)** रु. 170000.00 **89)** रु. 180000.00 |
| 4 | काम की समाप्ति अवधि | **87)** 24 महीने **88)** 24 महीने **89)** 24 महीने |
| 5 | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | 19.11.2024 को 15:00 बजे तक तथा 19.11.2024 को 15:00 बजे निविदा खुलना है। |
| 6 | वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा | यह निविदा आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट अर्थात **www.ireps.gov.in** पर उपलबध है। |

**No. 128-W/280/OET/2024-25/W-IV/87, 88, 89 Date 24.10.2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3309/24

**उत्तर रेलवे**

**'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना के तहत स्टॉल स्थापित करने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं।**

क) **कुल छः (06) स्टॉल:** गाजियाबाद, दिल्ली शाहदरा, पानीपत, कुरुक्षेत्र मेरठ कैंट और बहादुरगढ़ स्टेशनों पर।

ख) **कुल छब्बीस (26) ट्राली :** बादली, पालम, जींद, जाखल, मानसा, टोहाना, नरवाना, टपरी, शामली, नोली, दिल्ली किशनगंज, फरीदाबाद, फरीदाबाद न्यू टाउन, ओखला, नरेला, तुगलकाबाद, दिल्ली सफदरजंग, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज, मुरादनगर, परतापुर, देवबंद, खतौली, सकौती टांडा, आनंद विहार टर्मिनल और मोदीनगर स्टेशनों पर)

- गाजियाबाद, कुरुक्षेत्र, मेरठ कैंट और बहादुरगढ़ स्टेशनों पर स्टॉल स्थापित करने की अवधि प्रति चरण में 90 दिन होगी।
- उपरोक्त (ख) समूह के अंतर्गत दिए गए स्टेशनों पर ट्राली स्थापित करने की अवधि 30 दिन होगी।
- NSG 1,2,3 और 4 स्टेशनों पर रजिस्ट्रेशन शुल्क 2000 रु. की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा और NSG 5 (जींद, जाखल, मानसा, टोहाना, नरवाना, ओखला, बादली, टपरी, शामली, दिल्ली किशनगंज, खतौली, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज, मुरादनगर, देवबंद और दिल्ली सफदरजंग) & NSG 6 (परतापुर और सकौती टांडा) स्टेशनों के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क 1000 रु. की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा।
- प्रतिभागी के लिए पात्रता मानदंड निम्नलिखित हैः–

क) विकास आयुक्त हस्तशिल्प, विकास आयुक्त हथकरघा, या अपेक्षित राज्य /केंद्र सरकार प्राधिकरण द्वारा जारी कारीगरों/बुनकर आईडी कार्ड धारक।

ख) भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राइफेड) /राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (एनएचडीसी)/खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी)/गैर सरकारी संगठन और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के उद्यम पोर्टल पर सूक्ष्म उद्यमों के साथ पंजीकृत और सामाजिक संगठनों, राज्य सरकार के साथ निकायों आदि के साथ नामांकित /पंजीकृत व्यक्तिगत कारीगर/बुनकर/शिल्पकार।

ग) पीएमईजीपी (प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम) के साथ पंजीकृत स्वयं सहायता समूह।

घ) समाज के हाशिए पर या कमजोर वर्ग।

ड़.) किसी भी अलग प्रतीक चिन्ह की अनुमति प्रदान नही की जाएगी।

- आवेदक को स्टेशन अधीक्षक को एक वचन पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें यह संकेत दिया जाएगा कि ट्रेन संचालन, यात्री सुरक्षा और रेलवे की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के लिए कोई गतिविधि नहीं की जाएगी।
- आवेदक द्वारा का आवेदन इस अधिसूचना के जारी होने के बाद 29.10.2024, 15:00 बजे तक स्टेशन अधीक्षक को संबोधित व जमा किया जा सकता है व उसी दिन खोला जाएगा।
- सभी अनुमोदित प्रतिभागियों का प्राथमिकता रोस्टर बनाने के लिए एसएस और स्टेशन प्रबंधक/अनुभागीय सीएमआई और नामांकित वित्त प्रतिनिधि द्वारा सभी अनुमोदित आवेदकों की उपस्थिति में स्टेशन पर आयोजित ड्रा के माध्यम से प्राथमिकता निर्धारित की जाएगी।
- एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना रेलवे बोर्ड वाणिज्यिक परिपत्र संख्याः 12/2022 एवं 09/2023 के तहत/अधीन मान्य होगी, उपरोक्त परिपत्र वेबसाइट www.indianrailways.gov.in & URL: https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2022/OSOP%20Policy.pdf और https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2023/CC%20%2009%20of%202023. पर उपलब्ध है।
- इस से सम्बंधित किसी भी जानकारी के लिए आवेदक संबंधित स्टेशनों के स्टेशन अधीक्षक या सीएमआई से संपर्क कर सकता है।

3291/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# आईसीसीआई कॉमर्स चैम्बर फोरम द्वारा आयोजित थर्ड राष्ट्रीय बिजनेस एन्ड एजुकेशन एक्सीलेंस कॉन्क्लेव हुई

● भारत सरकार के राज्य मंत्री डॉ राज भूषण चौधरी ,एआईसीटीई अधिकारी डॉ चंद्रशेखर ,सांसद लवली आनंद ,हारवर्ड एडजंक्ट प्रोफे डॉ कुलनीत सूरी,यूथ मैनेजमेंट विश्लेषक डॉ नयन गाँधी एवं कई गणमान्य रहे उपस्थित

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



हाल ही में भारत की राजधानी नई दिल्ली के पांच सितारा ली मेरिडियन के अंतराष्ट्रीय कांफ्रेंस हाल में प्रतिष्ठित आईसीसीआई कॉमर्स चैम्बर फोरम द्वारा आयोजित राष्ट्रीय बिजनेस एन्ड एजुकेशन एक्सीलेंस कॉन्क्लेव में शिक्षा के विभिन्न आयामों ,इंडस्ट्री एकेडेमिक पार्टनर शीप ,आउटकम बेस्ड एजुकेशन पर विस्तृत से व्याख्यान प्रस्तुत किये गए .कांफ्रेंस निदेशक मानवेन्द्र ,मनोज दुबे ने बताया की राजस्थान से कोटा शिक्षा नगरी के डायनामिक इन्फ्लुएंसर युवा मैनेजमेंट विश्लेषक डॉ नयन प्रकाश गाँधी आउटकम बेस्ड एजुकेशन के मुख्य वक्ता रहे . आमंत्रित अतिथियों वक्ताओं में ये रहे मौजूद कांफ्रेंस निदेशक मानवेंद्र ने बताया की आमंत्रित अतिथियों एवं वक्ताओं में मिनिस्टर ऑफ स्टेट भारत सरकार से डॉ राज भूषण चौधरी,सांसद लवली आनंद ,एआईसीटीई चीफ कोऑर्डिनेटिंग अधिकारी डॉ बुद्धा चंद्रशेखर ,विश्वविख्यात हारवर्ड यूनिवर्सिटी की एडजंक्ट प्रोफेसर डॉ कुलनीत सूरी , युवा मैनेजमेंट विश्लेषक डॉ नयन प्रकाश गाँधी ,ग्रुप जीएम आईआरसीटीसी मनोज कुमार शर्मा , जेपी एजुकेशन ग्रुप के प्रेसिडेंट कमांडर सुरिंदरजीत सिंह,अक्षय पात्र फॉउंडेशन नेशनल एग्जीक्यूटिव कौंसिल मेंबर गोविन्द दत्ता दास ,आई टी एस एजुकेशन ग्रुप निदेशक डॉ अजय कुमार ,इलीट चैम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रेसिडेंट अनूप मित्तल ,आईसीसीआई प्रेसिडेंट डॉ कैलाश बिहारी सिंह ,मंनाक्ले टेक्नोलॉजीज के निदेशक डॉ ऋषि मोहन भटनागर ,परविंदर सिंह ,संजीव कुमार एवं भारत के दस से अधिक राज्यों से कई शिक्षाविद ,युवा पालिसी एक्सपर्ट कोटा शिक्षा नगरी से युवा गाँधी ने यूथ इंडस्ट्री एजुकेशन पर दिया जोर भारतीय युवा टेलेंट को भारत में ही सर्व करने पर दिया जोर सेकड़ो गणमान्य की गरिमामयी उपस्थति में आमंत्रित सेशन स्पीकर के रूप में कोटा शिक्षा नगरी से युवा मैनेजमेंट विश्लेषक डॉ नयन प्रकाश गाँधी ने अपना प्रजेंटेशन दिया . भारतीय उच्च शिक्षा के विभिन्न आयामों पर गाँधी ने विस्तृत से अपना व्यक्तव्य दिया और भारत के जैसे युवा देश में गुणवत्ता पूर्ण स्किल बेस्ड इंडस्ट्री डिमांड बेस्ड एजुकेशन आधारित सेक्टर स्पेसिफिक आधारित एजुकेशन पर जोर दिया और केंद्र सरकार के उच्च पालिसी धारको को विनम्र आग्रह किया की डिग्री कोर्स कंटेंट मुख्य कॉम्पोनेन्ट इंडस्ट्री , स्टूडेंट और देश के आगामी भावी सेक्टर विशेष को रिसर्च कर प्रारम्भ किया जाये .पुरे विश्व की द्दष्टि भारत देश पर ही है और पूरा विश्व का डेटा नामचीन विकसित देशो के पास जा रहा है ,डेटा भारत देश की मुठी में कैसे हो इस पर कोटा शिक्षा नगरी से युवा मैनेजमेंट विश्लेषक डॉ नयन प्रकाश गाँधी ने कांफ्रेंस में मौजूद युवाओ , शिक्षाविदों एवं विभिन्न स्टेट एवं केंद्रीय पोलिसीधारको को अपने रिसर्च बेस्ड व्यक्तव्य के माध्यम से निवेदन किया युवा टेलेंट का उपयोग देश हित में कैसे हो यह सोचना होगा यूथ टेलेंट ड्रिवेन पालिसी लानी होगी जिससे देश का स्कॉलर ,साइंटिस्ट ,मेनेजमेंट थिंकर ,डेवलपमेंट एक्सपर्ट्स ,इंजीनयर देश के स्टार्टअप इंडस्ट्री में कैसे लीड कर सके इस पर मंथन करना होगा ,सभी उच्चाधिकारी ,इंडस्ट्रियलिस्ट को स्वयं से पहल करनी होगी और अपने भावी देश के भविष्य युवा प्रोफेशनल्स को सबसे पहले देश हित में देश में रखना होगा .गाँधी ने सीबीएसई एवं स्टेट बोर्ड के स्कुल संचालको को अपने व्यक्तव्य में बताया की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षक रिक्रूटमेंट ,स्किल्ड प्रैक्टिकल असेस्स्मेंट लैब्स और उचित अनुपात से सामाजिक उत्तरदायित्वता के साथ जरूरतमंद को स्कूली प्रवेश और छात्रवत्ति आदि पर जोर दिया तभी हम शुरूवाती तौर से स्थानीय टेलेंट निकाल पाएंगे .अंत में गाँधी को शील्ड मोमेंटो उपरना द्वारा सम्मनित किया गया .कांफ्रेंस निदेशक मनोज दुबे ने बताया की पूरी कांफ्रेंस में युवा गाँधी के प्रभावी पूर्ण संवाद की प्रशंसा उपस्थित सभी प्रतिभागियों अतिथियों ने की . गाँधी को मिला मोस्ट इन्फ्लुएंस करियर डेवलपमेंट कोच अंडर फोर्टी राष्ट्रिय सम्मान कांफ्रेंस समापन में नई दिल्ली आईसीसीआई चैम्बर का सर्वोत्कृष्ट मोस्ट इन्फ्लुएंटीएल अकादमिक लीडरशिप करियर डेवलपमेंट कोच अंडर ४० राष्ट्रिय कांफ्रेंस में नवाजा गया .गाँधी को यह सम्मान उनके ऐकडेमिक ,लीडरशिप ,स्टूडेंट्स स्किल करियर डेवेलपमेंट क्षेत्र में लगातार सराहनीय सक्रियता एवं प्रभावपूर्ण उत्कृष्ट यूथ प्रोफेशनल्स एक्सेक्यूटिव प्रशिक्षण आदि में अतुलनीय योगदान हेतु प्रदान किया गया .

# भाजपा कार्यकताओं ने महरौली में प्रदर्शन किया अरविंद केजरीवाल की गाड़ी को घेरा

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



नई दिल्ली, । आम आदमी पार्टी का दिल्ली में जनसंपर्क अभियान चल रहा है. इसमें पार्टी के तमाम बड़े नेता अलग-अलग इलाकों में पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल का पत्र लोगों तक पाहुंचा रहे हैं. बुधवार शाम अरविंद केजरीवाल महरौली विधानसभा क्षेत्र पहुंचे, जहां भाजपा कार्यकताओं ने प्रदर्शन किया. पदयात्रा के दौरान भाजपा कार्यकताओं और स्थानीय लोगों ने काले झंडे दिखाया. प्रदर्शनकारियों ने केजरीवाल की गाड़ी के आगे बैठकर विरोध प्रकट किया. प्रदर्शन में भारतीय जनता पार्टी की पूर्व पार्षद और पिछले विधानसभा में महरौली विधानसभा से बीजेपी की उम्मीदवार कुसुम खत्री और उनके पति नरेंद्र खत्री भी शामिल थे. कुसुम खत्री ने बताया कि महरौली की जनता इलाके में सीवर की समस्या से परेशान है, जिसके कारण यह प्रदर्शन किया गया. उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को हल करने के लिए यह प्रदर्शन एक आवश्यक कदम था. प्रदर्शनकारियों ने केजरीवाल सरकार से इलाके की समस्याओं का समाधान करने की मांग की. इससे पहले जनसंपर्क अभियान पर सांसद संजय सिंह ने मुहिम चलाई है. सिंह ने मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में संजय सिंह ने जनसंपर्क अभियान के तहत युसूफ सराय मार्केट में पदयात्रा की थी. इस दौरान उन्होंने स्थानीय दुकानदारों और आम जनता के बीच पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का पत्र बांटा था. उनके साथ स्थानीय विधायक सोमनाथ भारती भी थे. उन्होंने मार्केट के दुकानदारों को केजरीवाल के पत्र के माध्यम से सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी.

# प्रदुषण बढ़ा रही खाली चल रही डीटीसी बसें बंद करें। थान सिंह यादव

● सरकारी कर्मियों को साइकल से दफ्तर आने पर भत्ता देकर प्रोत्साहित करें। पंचायत संघ
● गांव पंचायतों से आग्रह आने जाने के लिए साइकल पर जोर दें। थान सिंह यादव

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली पंचायत संघ ने गांव नांगलोई सईदान में बढ़ते प्रदूषण को लेकर पंचायत प्रमुखों की बैठक की इसमें दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को बढ़ा रही डीटीसी की खाली चल रही बसों को लेकर माननीय उपराज्यपाल से जांच की मांग की है। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने मुख्यमंत्री से मांग की कि बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए सरकारी कर्मियों व अधिकारियों को अतिरिक्त भत्ता देकर साइकल से दफ्तर आने के लिए प्रोत्साहित करें। ओर सभी राजनैतिक दलो के प्रदेशाध्यक्षों से आग्रह किया की प्रदुषण से गैस चैम्बर बनी दिल्ली को बचाने के लिए वे अपने सभी कार्यकताओं से साइकल का इस्तेमाल करने की अपील करें। सभी गांव पंचायतों से आग्रह किया की वे भी प्रदुषित होती दिल्ली को बचाने में अपना योगदान करें।

पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा की ज्यादातर डीटीसी खाली बसों को एक के पीछे एक चलते देखा जा सकता है। इनकी वजह से दिल्ली के अंदर काफी समय से प्रदूषण व ट्रैफिक जाम बढ़ रहा है। समय की मांग है की प्रत्येक बस रूटों की जांच हो ओर दिल्ली में नये सिरे से सभी रूटों का सर्वे होना बहुत जरूरी है। ओर बड़ी बसों को हटाकर छोटी बसों को लगाएं और इनके रूट छोटे बनाएं।

पंचायत संघ की मांग है शहर के अंदर बसें ज्यादा चल रही है। इनको कम कर दिल्ली देहात गांवों तक लगाया जाए। इनके रूट छोटे तय किया जाए ज्यादा लंबे रूटो की बसों को तुरंत बंद किया जाए। ग्रीन कलर, रेड कलर,ब्लू कलर की बसों के अलग अलग जोन बना कर चलाया जाए। पीक ओवर छोड़कर दिल्ली में ज्यादातर समय बसों में यात्रियों की संख्या बहुत कम होती है जिससे विभाग को रेवेन्यू का नुकसान हो रहा है। ओर जिन कम्पनियों की बसे किलोमीटर स्कीम पर चल रही ये बसें सिर्फ अपने चक्कर लगाने में लगी होती हैं इनको यात्रियों व डीटीसी के नफे नुकसान से कोई लेना देना नहीं है।

# शाहदरा जिला से बिटकॉइन कारोबारी का अपहरण, पुलिस ने दो युवकों को सुरक्षित बरामद किया



नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली, । शाहदरा जिला के आनंद विहार इलाके से आई एक चौंकाने वाली घटना में पुलिस ने अपहरण के शिकार बने दो युवकों को सफलतापूर्वक बरामद कर लिया है. अपहरणकताओं ने दोनों युवकों का अपहरण उनकी ही कार में किया था और फिर उनसे 2 लाख रुपये की मांग की थी. पुलिस ने घटना में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनकी पहचान साद, फरमान और फरीद के रूप में हुई है. सभी आरोपी उत्तर-पूर्वी दिल्ली के निवासी हैं. 22 अक्टूबर 2024 को आनंद विहार पुलिस स्टेशन में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई, जिसमें यह जानकारी दी गई कि कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने शिकायतकर्ता के दोस्तों से पैसे की मांग की है. पुलिस की टीम, जिसमें आईओ/एसआई प्रियांक और हेड कांस्टेबल विकास शामिल थे, तुरंत मौके पर पहुंची. वहां उन्हें आशुतोष शर्मा नामक एक गवाह मिला, जिसने बताया कि उसके दोस्तों का अपहरण कर लिया गया है और उन्हें सीलमपुर की ओर ले जाया गया है. त्वरित पुलिस कार्रवाईः पुलिस ने घटना की गंभीरता को समझते हुए तुरंत आर्यन शर्मा के मोबाइल फोन की लोकेशन ट्रैक की. जल्द ही, टीम ने दोनों पीड़ितों, आर्यन और तनिष्क को सीलमपुर में सुरक्षित पाया. पुलिस ने घटनास्थल पर तीन किडनैपरों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि दो अन्य भागने में सफल रहे. विवाद और अपहरण की वजहः पूछताछ में यह तथ्य सामने आया कि आर्यन, आशुतोष मिश्रा और तनिष्क राजमणि बिटोक्स नामक एक कंपनी में निवेश करते थे, जो बिटकॉइन के कारोबार का दावा करती है. आर्यन ने फरीद से 2 लाख रुपये उधार लिए थे, लेकिन उन्हें नुकसान हुआ और वे फरीद को पैसे वापस नहीं कर पाए. इससे पहले, फरीद ने आर्यन का मोबाइल फोन और घड़ी छीन ली थी. जैसे ही आर्यन ने फरीद से अपनी चीजें वापस मांगी, अपहरण की घटना घटित हुई. पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई और आरोपियों से बरामदगीः आर्यन और तनिष्क को जबरन कार में बिठाकर ले जाया गया और उन्हें कागजो पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया गया, जिसके बाद आरोपियों ने 40,000 रुपये की रंगदारी भी वसूल की. आशुतोष ने भागकर पुलिस को इस घटना की सूचना दी, जिस पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आर्यन की लोकेशन का पता लगा लिया. आईओ/एसआई प्रियांक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर आरोपियों को पकड़ने की कोशिश की. हालांकि, कुछ आरोपी मौके से भागने में सफल रहे लेकिन पुलिस ने आर्यन से 30,000 रुपये भी बरामद किए.

## कछुए की तस्करी करने के आरोप में मां-बेटी गिरफ्तार, 14 कछुए बरामद



नोएडा । नोएडा पुलिस ने कछुओं की तस्करी करने के आरोप में मां-बेटी को गिरफ्तार कर, उनके पास के 14 कछुए बरामद किए हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि दोनों को अदालत में पेश किया जा रहा है। पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) राम बदन सिंह ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर फेज-एक पुलिस थाने की टीम ने सेक्टर-10 से कमलेश और उसकी बेटी ज्योति को गिरफ्तार किया है जिनके पास के 14 कछुए बरामद किए गए। उन्होंने कहा, ह्यपूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे मथुरा जिले में यमुना नदी से कछुए पकड़कर उन्हें राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में बेचने के लिए लाती थीं और पहले भी एनसीआर में कई जगह कछुआ बेच चुकी हैं। बताया जाता है कि दीपावली के अवसर पर कछुआ को शुभ मानते हुए लोग उनकी पूजा करते हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि ये लोग इसी का फायदा उठाकर कछुओं की तस्करी कर उन्हें बेचने के लिए लाए थे।

# नोएडा में प्रॉपर्टी डीलर की हत्या के मामले में दो लोग गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

नोएडा, । नोएडा में प्रॉपर्टी डीलर की हत्या के मामले में दादरी पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि आरोपियों के पास से प्रॉपर्टी डीलर का लूटा हुआ सोने का सामान, नकदी, मोबाइल फोन आदि सामान बरामद हुआ है और दोनों आरोपी मृतक के परिचित थे। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि मंगलवार की देर रात थाना दादरी क्षेत्र के कोट पुल के पास एक फॉर्च्यूनर कार में सवार संजय यादव नामक प्रॉपर्टी डीलर की गला दबाकर हत्या करके शव को आग लगा दी गई थी। उन्होंने बताया कि मामले की जांच कर रही थाना पुलिस ने वारदात में शामिल विशाल राजपूत और जीत चौधरी को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने कहा कि आरोपियों के पास से मृतक का सोने का कड़ा, सोने की दो अंगूठी व चेन, 62 हजार 500 नकदी, दो मोबाइल फोन तथा कुत्ते का पट्टा बरामद हुआ है, जिससे गला घोंटकर यादव की हत्या की गई थी। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि आरोपी यादव के परिचित थे। पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने यादव के साथ बियर पी और जब उसे थोड़ा सा नशा हो गया तो उन्होंने उसका सोना के सामान लूट लिया, इसके बाद कार में पड़ा कुत्ते का पट्टा डालकर उसका गला घोंट दिया। पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने अंधेरा होने पर यादव की लाश को कार की पिछली सीट पर डालकर एक कंबल से ढक दिया और दादरी की तरफ ले आए। पुलिस ने कहा कि आरोपियों ने कोट पुल के पास सुनसान जगह पर गाड़ी रोककर यादव का शव ड्राइवर की सीट पर रखकर आग लगा दी।

## एसएमए की जानलेवा बीमारी से ग्रसित दो बच्चियों को बचाने की आप सांसद ने शुरू की मुहिम



नई दिल्ली, । आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी (एसएमए) टाइप-1 बीमारी से ग्रसित दो बच्चियों की जिंदगी बचाने के लिए देशभर के लोगों से आर्थिक मदद की गुहार लगाई है. गुरुवार को उन्होंने दोनों बच्चियों के माता-पिता की मौजूदगी में प्रेस कांफ्रेंस कर बच्चियों की जान बचाने के लिए मुहिम की शुरूआत की. उन्होंने कहा कि एक 11 महीने और दूसरी 8 महीने की दो बच्चियों को एसएमए टाइप-1 की गंभीर बीमारी है. इसमें बच्चे का जीवन ढाई से तीन साल का होता है. इस बीमारी के इलाज के लिए लगने वाले इंजेक्शन की कीमत 17 करोड़ रुपए है. जो सारी छूट के बाद 10-11 करोड़ रुपए का पड़ता है. एक सामान्य मां-बाप के लिए महंगे इंजेक्शन खरीद पाना असंभव है, ऐसे में सरकार और देशवासियों को मदद के लिए आगे आना चाहिए. उन्होंने देश के 140 करोड़ लोगों से अपील की है कि जितना भी संभव हो, इन बच्चियों की जान बचाने में मदद करें. इंजेक्शन के लिए अमेरिकी सरकार से बात करें प्रधानमंत्री मोदीः सिंह ने अपने इस महीने की अपनी पूरी तनख्वाह से दोनों बच्चियों को 1-1 लाख रुपए की मदद की है. साथ ही केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को भी मदद के लिए पत्र लिखने की बात कही है. उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी अपील है कि वह राजनीति को अलग रखकर इस इंजेक्शन को सस्ते में उपलब्ध कराने के लिए अमेरिकी सरकार से बात करें. उन्होंने कहा कि संसद में भी भारत सरकार से मांग की थी कि जब तक भारत सरकार ऐसे मामलों में

## दीवाली और छठ पर सात हजार विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी

नई दिल्ली। दीपावली और छठ पूजा के मद्देनजर भारतीय रेलवे ने 7,000 विशेष ट्रेनें चलाने का फैसला किया है। इससे त्योहारी सीजन में दो लाख अतिरिक्त लोगों को रोजाना ट्रेन में यात्रा करने की सुविधा मिलेगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को यह ऐलान किया। इनमें से बड़ी संख्या में विशेष ट्रेनें दिल्ली-एनसीआर के स्टेशनों से चलेंगी। कैबिनेट फैसलों की जानकारी देने के लिए आयोजित संवाददाता सम्मेलन में वैष्णव ने कहा कि त्योहारों के मौके पर इतनी बड़ी संख्या में विशेष ट्रेनें चलाने का यह रिकॉर्ड है। पिछले साल करीब 4,500 ट्रेनें चलाई गई थीं, वह भी अपने आप में एक रिकॉर्ड था। लेकिन इस बार संख्या और बढ़ा दी गई है। इस बीच,रेलवे अधिकारियों ने बताया कि यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए मंत्रालय ने इस साल सेवाओं को बढ़ाने का फैसला किया है। उत्तर रेलवे (एनआर) इस अवधि के दौरान बड़ी संख्या में ट्रेन चलाएगा क्योंकि बड़ी संख्या में यात्री देश के पूर्वी भागों में आवाजाही करते हैं। उत्तर रेलवे ने हाल ही में एक प्रेस बयान में कहा कि वह लोगों को उनके गंतव्य तक पहुंचने में मदद करने के लिए विशेष ट्रेन के लगभग 3,050 फेरे संचालित करेगा। इसमें कहा गया है, वर्ष 2023 में भारतीय रेलवे ने विशेष त्योहार ट्रेन चलाईं, जिसमें उत्तर रेलवे ने विशेष ट्रेन के 1,082 फेरे संचालित किए। इस साल ट्रेन के 3,050 फेरे संचालित किए जाएंगे, जो 181 प्रतिशत की वृद्धि है। इसमें कहा गया है विशेष ट्रेन के अलावा, अधिक यात्रियों को समायोजित करने के लिए ट्रेन में अतिरिक्त कोच भी जोड़े जा रहे हैं।

## ताहिर हुसैन ने यूएपीए मामले में दलील पेश की

नई दिल्ली। दिल्ली हिंसा मामले में आरोपी ताहिर हुसैन के वकील ने गुरुवार को कड़कड़डूमा कोर्ट में दलील पेश की। वकील ने कहा कि सरकार की नीति के खिलाफ बोलना देश के खिलाफ तब तक नहीं कहा जा सकता, जब तक कि यह देश की अखंडता, सुरक्षा और संप्रभुता के लिए हानिकारक न हो। अदालत में आरोप तय करने पर बहस चल रही है। यह मामला यूएपीए अधिनियम के तहत दर्ज किया गया है। हुसैन के वकील राजीव मोहन ने अपनी दलीलें पेश कीं।

## सीबीएसई ने जारी की कक्षा 10वीं और 12वीं की प्रैक्टिकल परीक्षा की तारीखें

नई दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की ओर से प्रायोगिक और थ्योरी परीक्षाओं की तिथि का ऐलान कर दिया गया है. इसके मुताबिक, शैक्षणिक वर्ष 2024-2025 के लिए 10वीं और 12वीं कक्षाओं की प्रैक्टिकल परीक्षाएं एक जनवरी, 2025 से शुरू होंगी. जबकि, थ्योरी परीक्षाएं 15 फरवरी, 2025 से आयोजित कराई जाएंगी. सीबीएसई के एग्जाम कंट्रोलर डॉ. संयम भारद्वाज द्वारा इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं. इसके अलावा शीतकालीन सत्र वाले स्कूलों में प्रैक्टिकल परीक्षा 5 नवंबर से 5 दिसंबर के बीच आयोजित की जाएगी. इसके पीछे कारण है कि शीतकालीन सत्र वाले स्कूलों में जनवरी में शीतकालीन अवकाश रहता है. सीबीएसई के अनुसार, वर्ष 2025 में आयोजित की जाने वाली 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में देश-विदेश के आठ हजार स्कूलों में लगभग 44 लाख छात्र परीक्षा में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे. सीबीएसई बोर्ड का नियम अनुसार, 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में वही छात्र शामिल हो सकते हैं. जिनकी उपस्थिति 75% तक रहेगी. सीबीएसई अधिकारियों का कहना है कि बोर्ड केवल चिकित्सा आपात स्थिति, राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों में भागीदारी और अन्य गंभीर कारणों जैसे मामलों में छात्र-छात्राओं को 25 प्रतिशत उपस्थिति की छूट प्रदान करता है. लेकिन, इस छूट को प्राप्त करने के लिए संबंधित कारण के दस्तावेज जमा करने होंगे. उल्लेखनीय है कि इससे पहले सीबीएसई द्वारा अपनी वेबसाइट पर 10वीं और 12वीं का सैंपल पेपर भी जारी किए जा चुके हैं. छात्र-छात्राएं परीक्षा की तैयारी के लिए सैंपल पेपर की भी मदद ले सकते हैं. सैंपल पेपर सीबीएसई बोर्ड की वेबसाइट पर जाकर डाउनलोड कर सकते हैं. इसके अलावा सीबीएसई ने स्कूलों को थ्योरी और प्रैक्टिकल परीक्षा के अंक वितरण को लेकर भी गाइडलाइंस जारी की है, जिससे स्कूल अंकों को अपलोड करने में गलती ना करें.

## सड़कों की नहीं हो पा रही सफाई : राजा इकबाल सिंह

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष सरदार राजा इकबाल सिंह ने निगम की सत्तारुढ़ आम आदमी पार्टी (आप) पर वायु प्रदूषण को लेकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि निगम की आप सरकार के चलते सड़कों की सफाई नहीं हो पा रही है। इससे दिल्ली में वायु प्रदूषण बढ़ रहा है। सड़कों की सफाई के लिए जरूरी मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीनों की कमी है। दुख की बात है कि जब से निगम की सत्ता में आप सरकार आई है तब से एक भी नई मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीन नहीं खरीदी गई है। नेता प्रतिपक्ष ने बताया कि जब भाजपा की सरकार निगम में थी तो केंद्र सरकार के सहयोग से 52 मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीनों को सड़कों की सफाई के लिए उतारा था। समय के साथ इनकी संख्या को बढ़ाया जाना था। आप सरकार ने निगम का कार्य पूरी तरह से ठप कर दिया है। न तो दिल्ली में सफाई के लिए कोई कार्य और न ही वायु प्रदूषण को कम करने के लिए आप सरकार कोई कदम उठा रही है। महापौर को चाहिए कि वह दिल्ली के वायु प्रदूषण के नियंत्रण पर विफल होने पर दिल्ली की जनता से माफी मांगे और निगम से इस्तीफा दे।

## हत्या के चार घंटे के अंदर नाबालिग समेत पांच पकड़े

नई दिल्ली। कल्याणपुरी इलाके में बुधवार तड़के अजीत उर्फ पग्गल की हत्या के मामले को हत्या के चार घंटे के अंदर सुलझा लिया। पुलिस ने मामले में एक नाबालिग समेत पांच लोगों को पकड़ा है। पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि वारदात में इस्तेमाल एक चाकू जैसा धारदार हथियार, एक टूटा हुआ लकड़ी की तख्ती, टूटी बोतल, टूटा पत्थर का स्लैब और ईंट बरामद हुआ है। पकड़े गये आरोपियों की पहचान कल्याणपुरी झुग्गी निवासी राहुल उर्फ गुग्ली, देव उर्फ लीची, कल्लू, शिवा उर्फ बक्कू और नाबालिग के रूप में हुई है। जबकि मृतक अजीत उर्फ पग्गल है। पुलिस ने वारदात के बाद घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपियों की पहचान की और उन्हें दबोच लिया।

# मेरी प्रधानमंत्री मोदी से भी अपील है कि वह राजनीति को अलग रखकर इस इंजेक्शन को सस्ते में उपलब्ध कराने के लिए अमेरिकी सरकार से बात करें- संजय सिंह

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी टाइप-1 बीमारी से ग्रसित दो बच्चियों की जिंदगी बचाने के लिए देशभर के लोगों से आर्थिक मदद की गुहार लगाई है। गुरुवार को उन्होंने दोनों बच्चियों के माता-पिता की मौजूदगी में प्रेस वार्ता कर बच्चियों की जान बचाने के लिए मुहिम की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि 11 महीने की सहरिस और 8 महीने की कियारा रावत को एसएमए टाइप-1 की गंभीर बीमारी है, इसमें बच्चे का जीवन ढाई से तीन साल का होता है। इस बीमारी के इलाज के लिए लगने वाले इंजेक्शन की कीमत 17 करोड़ रुपए है, जो सारी छूट के बाद 10-11 करोड़ रुपए का पड़ता है। एक सामान्य मां-बाप के लिए महंगे इंजेक्शन खरीद पाना असंभव है, ऐसे में सरकार और देशवासियों को मदद के लिए आगे आना चाहिए। मैं देश के 140 करोड़ लोगों से प्रार्थना करता हूं कि आपसे जितना भी संभव हो इन बच्चियों की जान बचाने में मदद करें। मैं इस महीने की अपनी पूरी तनख्वाह से दोनों बच्चियों को 1-1 लाख रुपए की मदद कर रहा हूं। हम केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को भी मदद के लिए पत्र लिखेंगे। मेरी प्रधानमंत्री मोदी से भी अपील है कि वह राजनीति को अलग रखकर इस इंजेक्शन को सस्ते में उपलब्ध कराने के लिए अमेरिकी सरकार से बात करें। आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता कर कहा कि 11 महीने की सहरिस और 8 महीने की कियारा रावत नाम की दो बच्चियां स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी (एसएमए) टाइप-1 की गंभीर बीमारी का शिकार हैं। इस बीमारी में बच्चे का जीवन ढाई से तीन साल का होता है, उसके बाद उसे बचाना असंभव हो जाता है। मैंने देश की संसद में भी भारत सरकार से मांग की थी कि जब तक भारत सरकार ऐसे मामलों में हस्तक्षेप नहीं करेगी तब तक ऐसे बच्चों को बचाना बहुत मुश्किल है। स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी एक अत्यंत गंभीर बीमारी है, जिसके इंजेक्शन की कीमत करीब 17 करोड़ रुपए है। सरकार द्वारा इसमें टैक्स की छूट देने के बाद यह करीब 10-11 करोड़ रुपए का पड़ता है। कोई भी मां-बाप अपने बच्चों को इंजेक्शन लगाने के लिए इतने पैसे कहां से लाएंगे। एक सामान्य मां-बाप अपने बच्चों के लिए इतना महंगा इंजेक्शन नहीं लगवा सकते। ऐसे में अगर सरकार और देश के प्रधानमंत्री इनका दर्द नहीं समझेंगे तो इनकी मदद कैसे होगी? इसे राजनीति से अलग रखना चाहिए। संजय सिंह ने कहा कि इस इंजेक्शन को नारवोटिस नामक एक अमेरिकी कंपनी बनाती है। मेरी केंद्र सरकार से हाथ जोड़कर अपील है कि वह अमेरिकी सरकार से बात करके इस इंजेक्शन को सस्ते में उपलब्ध कराने के लिए अनुरोध करें। मैंने कई बच्चों के मामले में लोगों से अपील की और अपनी तरफ से भी सहयोग किया, अपने साथियों की तरफ से सहयोग कराया, जिससे चार-पांच बच्चों को इंजेक्शन लगाकर उनका जीवन बचाया जा सका। संजय सिंह ने आगे कहा कि इन दोनों बच्चों को एसएमए में भी सबसे गंभीर टाइप-1 की बीमारी है। 11 महीने की सहरिस जिसके पिता नदीम और मां रुकसार हैं। वहीं, 8 महीने की बच्ची कियारा रावत के पिता मनीष रावत बाहर काम करते हैं और मां लवली गोसाई हैं। मैं सभी देशवासियों से इन दोनों बच्चियों के लिए हाथ जोड़कर विनती करता हूं। भारत 144 करोड़ लोगों का देश है, लोगों का बहुत विशाल ह्रदय है। अगर लोग अपनी रोज की कमाई से इन बच्चियों की मदद के लिए एक फीसदी भी दे देंगे तो इन बच्चियों का जीवन बचाया जा सकता है। मेरी लोगों से विनती है कि 100 रुपए से लेकर एक लाख तक, या जितनी भी उनकी क्षमता हो, इन बच्चियों के लिए दान करें। संजय सिंह ने कहा कि मेरी सबसे विनती है कि इन बच्चियों की मदद के लिए बढ़-चढ़कर आगे आएं। मैं इन बच्चियों की मदद के लिए भारत सरकार से भी अनुरोध करूंगा और प्रधानमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री को चिट्ठी भी लिखूंगा कि अगर इन बच्चियों को सरकार के माध्यम से सस्ते में इंजेक्शन दिलवाया जा सके तो बहुत बड़ी मदद होगी। संजय सिंह ने कहा कि मैं अपनी इस महीने की पूरी तनख्वाह इन दोनों बच्चियों की मदद के लिए दूंगा। मैं दोनों बच्चियों को एक-एक लाख रुपए सहयोग के लिए दूंगा। लेकिन मेरे अकेले के सहयोग से कुछ नहीं हो पाएगा। इसलिए अगर देश के 17 करोड़ लोग भी एक-एक रुपए दे देंगे तो इन बच्चियों की जान बच जाएगी। ऐसे कर सकते हैं दोनों बच्चियों की आर्थिक मदद दोनों बच्चियों के माता-पिता ने क्राउड फंडिंग के लिए इंपैक्ट गुरु नामक ऐप पर बच्चियों का अकाउंट बनाया है। जहां सहरिस और कियारा रावत से जुड़ी सारी जानकारी दी गई हैं। सहरिस की मदद करने के लिए बैंक अकाउंट नंबर 2223330011812667 पर पैसे भेज सकते हैं। इसके अलावा सहरिस के पिता का मोबाइल नंबर 9899807433 है। वहीं कियारा रावत की मदद के लिए बैंक अकाउंट नंबर 2223330023605028 में पैसे भेज सकते हैं।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, शुक्रवार, 25 अक्टूबर, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### बाइक चोरी की प्राथमिकी दर्ज

जमुई [ झाझा ] घर पर लगी बाइक चोरी हो जाने के बाद बाइक मालिक ने थाना में अज्ञात चोर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। इस संदर्भ में लक्ष्मीपुर मटिया क रहने वाले नरेश कुमार ने बताया कि सिचाई विभाग के नजदीक एक मकान में किराए पर रहता हूं। पेट्रोल पंप से बाइक में तेल भरवाने के बाद अपने घर के पास बाइक लगाकर घर के अंदर चला गया और जब बीस मिनट के बाद घर से बाहर निकला तो बाइक गायब था।

### 5 लोगों पर बिजली चोरी का प्राथमिकी हुई दर्ज

जमुई [ झाझा ] बिजली चोरी करने वालों के खिला विद्युत विभाग के द्वारा चलाए जा रहे छापेमारी अभियान के तहत अलग अलग जगहों से पांच लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ने के बाद उनलोगों के खिलाफ थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। कनीय विद्युत अभियंता आदित्य कुमार के द्वारा दर्ज करवाए गए आवेदन में बताया गया कि बोसबगान में राबड़ी देवी, जगदीश यादव, सुनीता कुमारी तथा सुंदरनगर मे बेरोनिका मुर्मू और नीतू देवी को अपने अपने घर में अवैध तरीके से बिजली चोरी करते पकड़ा है। उक्त सभी पकड़े गए लोगों ने विभाग को 101904 रूपए की राजस्व क्षति पहुंचाया है।

# प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम का एडीएम ने किया शुभारम्भ

## समस्या निवारण के लिए सभी विभागों का लगाया गया स्टाल, सभी विभागों में आये 200 आवेदन

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई प्रखंड अंतर्गत इंदपै पंचायत के प्रांगण में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में ह्लप्रशासन आपके द्वारह्व कार्यक्रम की शुरूआत फीता काट कर एवं दीप प्रज्वलित कर की गई। सर्वप्रथम जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा ने बताया कि ह्लप्रशासन आपके द्वारह्व कार्यक्रम में जिला स्तरीय पदाधिकारी द्वारा बारी बारी से राज्य सरकार के संचालित सभी लोक-कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को देते हुए चर्चा की गई है। साथ ही जिलाधिकारी महोदया ने बताया कि राज्य सरकार कृत संकल्पित हैं जिसके लिए फ्लैक्स के माध्यम से जगह-जगह पर लोक कल्याणकारी योजनाओं का प्रचारझ्प्रसार तीव्र गति से किया जा रहा है। जिलाधिकारी श्रीमती शर्मा ने आमजनों की समस्या के त्वरित निवारण हेतु सभी जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी महोदया द्वारा राज्य सरकार के विभिन्न तरह की संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई ' सभी ने संबोधन को ध्यान पूर्वक सुनने के लिए सभा स्थल पर उपस्थित रहें और अंत तक सुने। जिलाधिकारी महोदया द्वारा सभी विभागों के पदाधिकारियों को आमजनों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहने का निदेश दिया गया। ह्लप्रशासन आपके द्वारह्व कार्यक्रम में आमलोगों की उपस्थिति काफी अधिक थी। जिला पदाधिकारी महोदया ने उपस्थित सभी ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि संबंधित विभाग मध निषेध, आईसीडीएस, समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, योजना विभाग, परिवहन विभाग, उद्योग विभाग श्रम विभाग इत्यादि के द्वारा लगाए गए स्टालों पर जाकर अपना आवेदन का निष्पादन करवा सकेंगे। जिलाधिकारी महोदया द्वारा बताया गया कि समेकित बाल विकास सेवा अंतर्गत दी जाने वाली सेवाएं एवं राष्ट्रीय पोषण मिशन अभियान अंतर्गत एनीमिया, वृद्धि निगरानी, पूरक पोषाहार, ह्लपोषण भी पढ़ाई भीह्व, पर्यावरण संरक्षण तथा सेवाओं की गुणवत्ता के वृद्धि एवं पारदर्शिता लाने हेतु तकनीक का उपयोग व पोषण को प्रभावित करने वाले क्षेत्र आदि विषयों पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी महोदया द्वारा सभी सीडीपीओ को निदेशित किया कि वे प्रखंड के प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्रों पर प्रतिदिन औचक निरीक्षण करने को कहा। साथ ही एनीमिया जांच हेतु स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से एनीमिया जांच कैंप लगाकर एनीमिया की जांच करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी महोदया द्वारा उक्त शिविर में बच्चे का अन्नप्राशन कराया गया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी अभय कुमार तिवारी मद्य निषेध अधीक्षक सुभाष कुमार, सिविल सर्जन जमुई तथा जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शशांक कुमार सहित सभी जिला व प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# दीपावली मनाने की तारीख को लेकर बैठी मंडली, 31 अक्टूबर को मनेगी दीपावली

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। इस बार दीपावली मनाने की तारीख को लेकर भारी संयम से व्याप्त है। कोई 31अक्टूबर तो कोई एक नवंबर को दीपावली होने की बात कह रहा है। दीपावली मनाने के लिए तिथि पर चल रहे संशम की स्थिति को लेकर गिद्धौर के ब्राह्मणों की विद्वत मंडली ने स्थिति स्पष्ट करते हुए हर हाल में 31 अक्टूबर को ही दीपावली मनाने को शुभ बताया है। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के सदस्य पंडित विमल मिश्रा ने जानकारी देते हुए कहा है कि 31 अक्टूबर को ही दीपावली मनाई जाएगी।बाबा बूढ़ानाथ मंदिर के पंडित कपूर्री पंडित ने कहा कि कार्तिक मास के मुख्य पर्व, त्यौहार पर विद्वतजनों द्वारा शास्त्रीय मंथन एवं बनारस पंचांगों के आधार पर निर्णय लिया गया है। इस मौके पर ब्राह्मण महासभा के सदस्य सच्चिदानंद मिश्रा ने बताया कि कार्तिक माह के मुख्य पर्व को जनहित में जानकर हेतु प्रकाशित किया गया है बनारस का पंचांग के अनुसार 29 अक्टूबर मंगलवार को धनतेरस( धनत्रयोदशी ) 30 अक्टूबर बुधवार को देव का दीया( छोटी दीपावली ) और 31 अक्टूबर गुरुवार को दोपहर 3:00 बजे के बाद प्रदोष काल से दीपावली पूजा शुरू होगी और रात 3 बजे तक सिंह लग्न तक जारी रहेगी। 2 नवंबर शनिवार को अन्नकूट, गोवर्धन पूजा, 3 नवंबर को भैया दूज, चित्रगुप्त पूजा 5 नवंबर को छठ का नहाए खाय होगा। 6 नवंबर को खरना, 7 नवंबर को उपवास पहला अर्ध्य और 8 नवंबर को छठ का पारण होगा। 10 नवंबर को अक्षय नवमी, भुआ दान होगा। प्रतिप्रदा में न मनाएं दीपावली ब्राह्मणों की विद्वत मंडली ने तर्क देते हुए बताया कि मुख्यतः दीपावली कार्तिक माह के अमावस्या के दिन होता है। जिसमें प्रदोषकाल से रात भर अमावस्या होती है। इस बार 31 अक्टूबर 2024 गुरुवार की रात अमावस्या बीत रहा है। यह चित्रा एवं प्रीति योग में होगा। दूसरे दिन अमावस्या दिन में सिर्फ शाम 6:12 तक है और फिर प्रतिपदा शुरू हो जाता है। प्रतिपदा में दीपावली नहीं होती है।

# शिक्षा-दीक्षा : 22 से 24 तक होगी ऑनलाइन परीक्षा 10 से 20 नवंबर के बीच एडमिट कार्ड होगा डाउनलोड

प्रात : किरण संवाददाता



गिद्धौर। जिले के वैसे छात्र-छात्रा जो टैलेंट सर्च टेस्ट इन साइंस ऑनलाइन प्रतियोगिता परीक्षा के लिए आवेदन नहीं कर सके हैं, उनके लिए अच्छी खबर है। अब 30 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकेगा। राष्ट्रीय गणित दिवस 2024 एवं राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2025 के अवसर पर आयोजित होने वाले श्रीनिवास रामानुजन टैलेंट सर्च टेस्ट इन मैथमेटिक्स एवं सर सीवीरमन टैलेंट सर्च टेस्ट इन साइंस ऑनलाइन प्रतियोगिता परीक्षा के लिए 30 अक्टूबर तक आवेदन किया जा सकता है। छात्रों का मुक्त ऑनलाइन पंजीकरण 30 अक्टूबर तक होगा। एडमिट कार्ड डाउनलोड करने की तिथि 10 से 20 नवंबर निर्धारित की गई है। जबकि ऑनलाइन परीक्षा 22 से 24 नवंबर तक आयोजित की जाएगी। वहीं परिणाम की घोषणा 12 दिसंबर को होगा। छात्रों को ३३स्त्र/ ्२३ल्लर२ल्लिे.ङ्क.ल्ल पोर्टल पर अपना पंजीकरण करना होगा। कक्षा 6 से 12वीं तक के विद्यार्थी होंगे शामिल परीक्षा का आयोजन ऑनलाइन होगा। प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर शिक्षा विभाग के विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी विभाग के निदेशक सह विशेष सचिव उदयन मिश्रा ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को पत्र लिखा है। बता दें की प्रतियोगिता परीक्षा में कक्षा 6 से 12वीं तक के छात्र शामिल होंगे। पत्र के अनुसार राष्ट्रीय गणित दिवस 2024 व राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2025 के अवसर पर आयोजित होने वाले श्रीनिवास रामानुजन टैलेंट सर्च टेस्ट इन मैथमेटिक्स एवं सर सीवी रमन टैलेंट सर्च टेस्ट इन साइंस ऑनलाइन प्रतियोगिता परीक्षा आयोजन कराने का निर्णय लिया गया है। एक घंटे की होगी परीक्षा, रहेगी नेगेटिव मार्किंग परीक्षा से पूर्व छात्रों को मॉक टेस्ट के लिए लिंक प्रदान किया जाएगा। परीक्षा का आयोजन राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय या पॉलिटेक्निक संस्थान में होगा। परीक्षा में सरकारी व निजी विद्यालय के छात्र शामिल हो सकते हैं। प्रतियोगिता परीक्षा चार शिफ्ट में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा का समय 60 मिनट होगी। जिसमें कुल 25 वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे। सभी प्रश्नों के लिए चार अंक निर्धारित है। गलत उत्तर देने पर 0.25 अंक की कटौती की जाएगी। गणित व विज्ञान के लिए अलग-अलग प्रश्न पत्र होंगे। प्रश्न पत्र हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों माध्यम में होंगे।

### अवैध बालू लोड ट्रैक्टर जब्त

प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर ( मुंगेर )।संग्रामपुर थाना क्षेत्र के विभिन्न बालू घाटों पर अवैध बालू के उठाव एवं परिवहन को लेकर की गई छापेमारी अभियान के तहत गुरुवार की सुबह थाना क्षेत्र के बढोनिया हाई स्कूल के समीप अवैध बालू लोड ट्रैक्टर को जप्त कर थाना लाया गया। इस दौरान पुलिस वाहन को देखते ही ट्रैक्टर चालक ने ट्रैक्टर पर लोड बालू को ट्रैक्टर के डाला से गिराकर मौके से फरार हो गया। थाना अध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि अवैध बालू लोड ट्रैक्टर को जब्त कर अग्रतर कार्यवाही हेतु जिला खनन पदाधिकारी को इसकी सूचना दे दी गई।

### 5.4 लीटर देसी महुआ शराब के साथ दो कारोबारी गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर ( मुंगेर )।अवैध शराब के निर्माण सेवन और परिवहन को लेकर की गई छापेमारी अभियान के तहत बुधवार की देर शाम थाना क्षेत्र के चंदनिया गांव में अवैध देसी महुआ शराब के साथ दो कारोबारी को गिरफ्तार कर मध्य निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में मुंगेर भेज दिया गया थाना अध्यक्ष तारकेश्वर कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार शराब कारोबारी चंदनिया गांव निवासी देव कुमार सहित एक महिला कारोबारी लाल परी देवी को न्याय हिरासत में मुंगेर भेज दिया गया है गिरफ्तार दोनों शराब कारोबारी के पास से 5.4 लीटर देसी महुआ शराब बरामद किया गया इधर शराब के नशे में शोर शराबा कर रहे संग्रामपुर निवासी ब्रह्मदेव तांती को संग्रामपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर थाना लाया गया जिसे ब्रेथ एनालाइजर से जांच में शराब पीने की पुष्टि होने के बाद न्यायिक हिरासत में मुंगेर भेज दिया गया।

# मध्याह्न भोजन डिप्टी डायरेक्टर बिहार ने किया दर्जनों विद्यालयों का औचक निरीक्षण

- डिप्टी डायरेक्टर ने शिक्षकों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व मध्याह्न भोजन मेन्यु अनुसार संचालन करने तथा विद्यालय परिसर को साफ सफाई का दिया कड़ा निर्देश



प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। शिक्षा विभाग के निर्देश पर गुरूवार को मध्याह्न भोजन डिप्टी डायरेक्टर बिहार बालेश्वर यादव ने प्रखंड के मडैया पंचायत अवस्थित दर्जनों स्कूलों का औचक निरक्षण किया।मडैया पंचायत के राजकीये बुनियादी मध्य विद्यालय नवकाडीह, उत्क्रमित मध्य विद्यालय धरवा, उच्च विद्यालय हिरम्बा, नवीन प्राथमिक विद्यालय बेला का औचक निरीक्षण करते हुए शिक्षा का स्तर व मध्याह्न भोजन का जायजा लिया और विधि व्यवस्था को लेकर कई निर्देश दिए। विद्यालय परिसर में शौचालय की साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल का समुचित व्यवस्था, मध्याह्न भोजन, एफ.एल.एन.किट एवं टीएलएम का नियमित उपयोग, वर्ग कक्ष, उपस्थित पंजी, शिक्षक उपस्थिति पंजी, चावल का स्टॉक, रंग-रोगन की जाँच की गई और कड़े निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान पाठशाला में मध्याह्न भोजन के साप्ताहिक पोषण चार्ट की जांच की गई। उन्होंने मध्याह्न भोजन डिप्टी डायरेक्टर नही एक शिक्षक के भांति बच्चों को हिन्दी व गणित से आरोही-अवरोही के बारे में बताया एवं उससे संबंधित प्रश्न पूछे जिसका जवाब बच्चों ने बखूबी दिया।मध्याह्न भोजन डिप्टी डायरेक्टर बालेश्वर यादव ने भविष्य के कल्पना को साकार करने के लिए बच्चों को कई गुरुमंत्र दिए.डिप्टी डायरेक्टर बालेश्वर यादव ने स्कूली बच्चों से कहा कि यदि ईमानदारी पूर्वक लक्ष्य निर्धारित किया जाए एवं अभी से ही नियमित पढ़ाई की जाए तो निश्चित रूप से लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकती है। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि पढ़ाई में दिक्कत हो तो बेहिचक अपने शिक्षकों से जानकारी लेनी चाहिए। मौके पर डिप्टी डायरेक्टर ने शिक्षको को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व मध्याह्न भोजन मेन्यु अनुसार संचालन करने तथा विद्यालय परिसर को साफ सफाई को लेकर कड़े निर्देश दिये। इस मौके पर जमुई डीपीएम दीपक कुमार लक्ष्मीपुर प्रखंड साधन सेवी मध्याह्न भोजन राजीव मिश्रा नवीन प्राथमिक विद्यालय बेला के प्रधानाध्यापिका पुनम कुमारी, पुष्पा कुमारी, नेहा, नरेन्द्र यादव, सीता कुमारी, राजेश कुमार, सुरेन्द्र कुमार ताँती, किशोर कुमार, प्रवीण कुमार उपस्थित थे।

# गिद्धौर बाजार के व्यवसाईयों ने डीएम से नो एंट्री लगाने कि लगाई गुहार

## गिद्धौर बाजार के सकरी सड़कों पर बालू लाद फरार्टा भरते है मालवाहक ट्रक

- हर वक्त सड़क दुर्घटना का बना रहता है खतरा

प्रात : किरण संवाददाता



गिद्धौर। गिद्धौर बाजार के व्यवसाईयो ने दिन में बाजार कि तंग सड़को से बालू लाद निकल रहे ट्रको के आवागमन पर रोक लगाने कि मांग जिले कि डीएम अभिलाषा शर्मा से की है।बताते चलें की गिद्धौर बाजार होकर कोल्हुआ, दाबिल, गरसंडा होकर जमुई को जोड़ने वाली बायपास सड़क है। महीनो पूर्व से इस बायपास सड़क पर गिद्धौर बाजार होकर बानपुर, दाबिल व चांगोडीह व कोल्हुआ गांव में बने बालू डंप यार्ड पर सैंकड़ो की संख्या में बालू लादने मालवाहक ट्रक पहुंचते हैं। और खनन विभाग स्थानीय प्रशासन द्वारा इन्हे खुली छूट भी दे दी गई है।दिन में हो रहे मालवाहक ट्रको के परिचालन से गिद्धौर बाजार में पूरे दिन अफरा तफरी का माहौल बना रहता है।और हर वक्त बाजार से बालू लाद आ जा रहे सैंकड़ो ट्रकों से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।जिसे लेकर अब गिद्धौर बाजार के दुकानदारों ने जमुई डीएम से सुबह नौ बजे से लेकर रात्रि के दस बजे तक मालवाहक ट्रको के परिचालन पर नो एंट्री लगाने की मांग की है। व्यवसाई संगठन के किशन वर्णवाल, प्रकाश मोदी, सुरेश मोदी, पंकज कुमार, गोपाल कुमार, सुखदेव वर्णवाल, सुबोध वर्णवाल, पप्पू कुमार आरटीआई कार्यकर्ता विमल कुमार मिश्रा ने कहा कि पिछले दो महीने से जिला प्रशासन से दिन में हो रहे बालू लदे ट्रको के परिचालन पर रोक लगाने की गुहार हम दुकानदारों द्वारा लगाई जा रही है। लेकिन जिला प्रशासन और स्थानीय प्रशासन कान में तेल डाल कर अब तक सोया हुआ है। हर रोज कोल्हुआ बायपास सड़क से बालू लाद दिन में हो रहे ट्रकों के परिचालन से गिद्धौर बाजार सहित लार्ड मिंटो टावर चौक के समीप जाम ही जाम लगा रहता है।लेकिन अब तक जिला प्रशासन द्वारा इस गंभीर समस्या पर विचार नही किया जा रहा है। कहा कि जिस प्रकार बालू लदे ट्रको से मोटी रकम उगाही के चक्कर में दिन में भी बालू ढुलाई के लिए संवेदको को हरी झंडी दे दी गई है। उससे किसी भी वक्त गिद्धौर बाजार में अनियंत्रित बालू लदे ट्रकों के चपेट में आ कर किसी भी वक्त स्थानीय दुकानदार सहित अन्य ग्रामीणों की जान जा सकती है।व्यवसाई संगठन के सदस्यो ने जमुई डीएम अभिलाषा शर्मा से दिन दहाडे बालू लदे ट्रकों के धड़ल्ले से हो रहे परिचालन पर रोक लगाने की गुहार लगाई है।

# भाजपा एमएलसी ने चरघरा में पार्टी के पदाधिकारियों के साथ कि बैठक



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] बुधवार की देर शाम चरघरा में भाजपा एमएलसी लालमोहन गुप्ता भाजपा नेता शैलेश कुमार के आवास पर पहुंचकर स्थानीय लोगों से मुलाकात करते हुए लोगों के साथ बैठक किया। जिसमें क्षेत्र में पार्टी के विस्तार को लेकर लोगों से चर्चा किया। एमएलसी ने इस क्षेत्र का भ्रमण के बारे में बताया कि पार्टी की ओर से दो सितंबर से शुरू है और यह अंतिम पड़ाव पर है 23-25 तक मेघा सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। उसी क्रम में मेरा प्रवास इस क्षेत्र के लिए हुआ है। उन्होंने कहा कि एक करोड़ के लक्ष्य है और लक्ष्य के करीब पार्टी पहुंच चुकी है। इस दौरान उन्होंने कहा कि पार्टी का नारा है कांग्रेस मुक्त भारत और इससे अनुमान लगाया जा सकता है हरियाणा में भी इसका नजारा सामने आया भी है। वही झारखंड और महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनाव पर उन्होंने कहा कि चुनाव लड़ने लिए भाजपा हमेशा तैयार रहती है और दावा के साथ यह कहता हूं कि दोनो राज्यों में भारी बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनेगी। अगले वर्ष बिहार में होने वाले चुनाव को लेकर उन्होनें कहा कि बिहार में फिर से डबल इंजन यानि एनडीए की सरकार बनेगी। इस बार भी विकास का मुद्दा है और जनता विकास चाहती है। जन स्वराज पार्टी के बारे में एमएलसी ने कहा कि जन स्वराज पार्टी का कोई भविष्य नही है और बिहार की जनताएनडीए और महागठबंधन दो ग्रुप में बंट चुकी है। एमएलसी ने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि नीतीश कुमार बिहार के सीएम है और एनडीए के मुखिया है उसके नेतृत्व में चुनाव लड़ा जाएगा। बिहार के चुनाव होने के बाद नीतीश कुमार के सीएम बनने पर उन्होनें कहा कि नीतीश कुमार का यह फैसला होगा। एमएलसी ने कहा कि भविष्य में भाजपा का मुख्यमंत्री बनेगा या नही यह अभी नही कहा जा सकता है फिलहाल हमलोगों का मुखिया सीएम नीतीश कुमार है। बैठक में परमेश्वर यादव, नगर अध्यक्ष सूरज सिंह, प्रशांत सुल्तानियां सहित कई लोग मौजूद थे।

# जिलाधिकारी ने एशियन हॉकी चैंपियनशिप 2024 ट्रॉफी का किया भव्य स्वागत

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई जिले के श्री कृष्ण सिंह स्टेडियम में एशियन हॉकी चैंपियनशिप ( महिला ) 2024 ट्रॉफी का भव्य स्वागत जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में सभी पदाधिकारियों एवं जिला वासियों के द्वारा की गई । जिलाधिकारी श्रीमती शर्मा ने कहा कि खेल का हमारे जीवन में अहम भूमिका है ' जिसे लेकर राज्य सरकार भी कृत संकल्पित है । इसी क्रम में उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण का एक अच्छा उदाहरण है तो हमारी यह टीम है । खेल में अक्सर यह देखा जाता है कि टीम एकता के साथ खेलते हैं और लक्ष्य को प्राप्त करते हैं । जिलाधिकारी महोदया ने कहा कि यह बहुत गर्व की बात है कि राजगीर, बिहार में पहली बार एशियन हॉकी चैंपियनशिप ( महिला ) 2024 दिनांक 11 नवंबर से 20 नवंबर तक किया जा रहा है, जिसमें एशिया के विभिन्न देशों के टीम हिस्सा लेंगे। जिलाधिकारी महोदया द्वारा बताया गया कि जमुई जिले के हर पंचायतों में एक खेल के मैदान बनाया जाएगा। फिलहाल कई पंचायतों में यह प्रक्रियाधीन है। उन्होंने कहा कि परिवार में अगर महिला पढ़ती है आगे बढ़ती है तो पूरा परिवार आगे बढ़ता है। बच्चियों को संदेश दिया कि आगे बढ़ते रहिए सरकार एवं प्रशासन आपके साथ है परिवार आपके साथ है लक्ष्य को हासिल करना है रुकना नहीं बढ़ते रहना है। उक्त कार्यक्रम में जिला स्तरीय पदाधिकारी, हॉकी चैंपियनशिप विजेता ( महिला ), गणमान्य लोग, स्कूली बच्चे तथा अन्य लोग उपस्थित रहे।

### ग्रामीणों को सुरक्षित करने के लिए रेलवे ने लगाया वैरियर

बरियारपुर ( मुंगेर )। ऋषि कुण्ड हाल्ट के पहुंच पथ में रेल प्रशासन के द्वारा बैरियर लगाई जाने से रतनपुर पंचायत निवासियों को परेशान का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि यातायात के लिए कोई फूल साधन नहीं होने के कारण हम लोग रेल पटरी पार कर इस पार से उस पर आते और जाते हैं रेलवे द्वारा बैरियर लगाने से कोई भी यात्रियों के साथ अगर लैगेज रहने से आर-पार होना कठिनाई के सामना करना पड़ रहा हैं।

# फुटबॉल तीरंदाजी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 18 खिलाड़ी पूर्णिया हुए रवाना

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] पूर्णिया में होने वाले राज्य स्तरीय एकलव्य खेलकूद प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए गुरूवार को वनवासी कल्याण आश्रम की ओर से जिला से अंडर 17 फुटबॉल टीम और अंडर 19 तीरंदाजी की टीम से कुल 18 खिलाड़ी झाझा से पूर्णिया के लिए रवाना हुए। इस दौरान वनवासी कल्याण आश्रम के नगर समिति के पदाधिकारी कालिका प्रसाद , अध्यक्ष राजकिशोर सिंह, उपाध्यक्ष सत्यनारायण वर्मा, सचिव भक्तिनाथ झा, कोषाध्यक्ष बमशंकर बररवाल एवं संरक्षक ओमप्रकाश पासवान, जितेंद्र ने प्रतियोगिता में फुटबॉल और तीरंदाजी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन बढ़ाते हुए विजय प्राप्ति की शुभकामनाएं दिया। मौके पर जिला सचिव रूपल सिंह एवं आश्रम के जिला संगठन मंत्री शिवलाल हांसदा ने कहा कि प्रत्येक वर्ष खेलकूद का कार्यक्रम आयोजित होते आ रहा है। इस बार पूर्णिया में जो भी टीम का चयन होगा उसे राष्ट्रीय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के लिए रायपुर छतीसगढ़ के लिए भेजा जाएगा।

# पैसरा गांव के ग्रामीणों को मिला जिला प्रशासन का साथ

प्रात : किरण संवाददाता



मुंगेर । जिला प्रशासन मुंगेर एवं सीआरपीएफ के समेकित प्रयास से बुधवार को धरहरा प्रखंड के बी 215 एफओबी सीआरपीएफ कैम्प पैसरा में सुशासन एवं समावेशी विकास कैंप का आयोजन जिलाधिकारी मुंगेर अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर सीआरपीएफ डीआईजी संदीप सिंह, एसएसबी के समादेष्टा मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद, उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह सहित प्रखंड के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एएसपी अभियान कुणाल कुमार कर रहे थे। कैम्प में उपस्थित पैसरा गांव के सैकड़ों ग्रामीण महिलाओं के बीच जहां किचेन सेट, साड़ी, कंबल, किशोरियों के बीच हाइजीन किट, युवाओं के बीच खेल सामग्री तथा बच्चों के बीच स्कूल बैग आदि का वितरण किया गया। ग्रामीणों के स्वास्थ्य जाँच के लिए चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया जहां ग्रामीणों को निःशुल्क चिकित्सा सेवा तथा जरूरी दवाएँ भी दी गई। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन एवं सीआरपीएफ के इस प्रयास की सराहना करते हुए सभी पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया। पदाधिकारियों को अपनी समस्याओं से भी ग्रामीणों ने अवगत कराया, जिस पर जिलाधिकारी ने उनकी सभी समस्याओं पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वहीं जीविका परियोजना द्वारा कुल 167 समूहों एवं ग्राम संगठन के वित्त पोषण मद में दो करोड़ चार लाख 50 हजार रुपए का चेक भी वितरित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हमलोगों का आपके बीच उपस्थित होने की सबसे बड़ी वजह अपलोगों के बीच सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना है, ताकि आप सभी सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ उठा सकें। साथ ही आपकी हर समस्याओं को सुन कर उस पर त्वरित कार्रवाई भी स्थानीय पदाधिकारियों द्वारा किया जाएगा। उन्होंने उपस्थित किशोरियों और युवाओं से कहा कि आप सभी देश के भविष्य हैं। आप के लिए सरकार ने स्कूलों में समुचित शिक्षा की व्यवस्था कर रखी है, इस लिए आप खुद को हर हाल में शिक्षित बनाएं। आप में ही से कोई आईएएस आइपीएस अधिकारी भी बन सकते हैं और भी कई पदों पर नौकरी पा सकते हैं। इसके लिए आप का शिक्षित होना आवश्यक है। सरकार उच्च शिक्षा के उच्चतर शिक्षा के लिए भी योजना चला रखी है। बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से उच्च शिक्षा के राज्य सरकार द्वारा चार लाख की राशि दी जाती है, जिससे आप उच्च शिक्षा के साथ ही नौकरी भी पा सकते हैं। आप खुद को साबित करें और सरकार की सभी योजनाओं का लाभ उठाएं। महिलाओं को नौकरी में भी राज्य सरकार एक तिहाई का आरक्षण दे रही है और यही वजह है कि आज बिहार सरकार के विभिन्न विभागों में महिलाएं नौकरी कर रही हैं। आप की रुचि यदि खेल में है ।

### छात्र के साथ मारपीट में दो शिक्षक पर प्राथमिकी हुई दर्ज

जमुई [ झाझा ] नगर क्षेत्र स्थित महात्मा गांधी प्लस टू उच्च विद्यालय में बुधवार को दशवीं कक्षा के छात्र के साथ शिक्षकों के द्वारा मारपीट किए जाने के मामलें में छात्र मो. आसीफ की मां बैजलपुरा गांव की रहने वाली सहिया खातुन ने थाना में दो शिक्षक के खिलाफ आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज आवेदन में छात्र की मां ने बताया कि मेरे बेटे को स्कूल में शिक्षक ने कुछ काम करने के लिए बोला जिसपर मेरा बेटा काम नही किया तो प्रिंसिपल डॉ. राजाराम नागमणि और एक अन्य शिक्षक संजीव कुमार ने बेरहमी से मारपीट करते हुए घायल कर दिया।

# विद्यालय परिसर मे किया पौधारोपण कार्यक्रम



जमुई [ झाझा ] गुरू पुष्य नक्षत्र के पावन अवसर पर प्रखंड क्षेत्र स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेनीबांक पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किय गया जिसमें एसबीआई के एजीएम जेपी सिंह, चीफ ऑडिटर दिलीप कुमार, पूर्व शाखा प्रबंधक सह समाजसेवी शैलेश कुमार, मिथलेश कुमार, चीफ मैनेजर ग्रामीण बैंक रोहन राज, विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका बिंदु कुमारी एवं अन्य लोगों के द्वारा धरती को हराभरा रखने को लेकर कई फलदार एवं छायेदार पौधा लगाया। एजीएम, पूर्व शाखा प्रबंधक, प्रभारी प्रधानाध्यापिका सहित अन्य बैंक के अधिकारियों ने ग्रामीणों, छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह जीवन को जीने के लिए भोजन पानी की आवश्यकता है ठीक उसी तरह सबसे महत्वपूर्ण चीज ऑक्सीजन है। ऑक्सीजन हमे शुद्ध वातावरण से मिलता है लेकिन आज के बढ़ते प्रदूषण और धरती पर पेड़ पौधा की कमी होने के कारण शुद्ध वातावरण नही मिल पा रहा है जिसके कारण मानव जाति के साथ धरती पर रहने वाले जीव जंतु पर इसका गहरा असर पड़ रहा है। शुद्ध, संतुलित वातावरण के लिए हमलोगों को धरती पर अधिक से अधिक पेड़ पौधा लगाना आवश्यक है और उसका ख्याल रखना हमलोगों की जिम्मेवारी है।

# आत्महत्याएं एक त्रासदी ?

मानव हताशा व निराशा के भंवर से मुकाबला करने के बजाए मौत ही आखिरी विकल्प ढूंढ रहा है। जबकि दुनिया में कोई भी चीज असंम्भव नहीं है। हताशा के अन्धेरे में दीये बूझ रहे हैं। इन बूझते दीयों को बचाने के लिए समाज को एक रूपरेखा तैयार करनी होगी। ताकि इस भयानक प्रवृति पर विराम लग सके। समाज में टूटते परिवार, बेरोजगारी, गरीबी, व अशिक्षा, तनाव के मुख्य कारण हैं। आज के युवा कैरियर को लेकर भी परेशान है। मनमाफिक रोजगार न मिलने के कारण तनावग्रस्त रहते है। प्रेम में असफलता, परीक्षा मे फेल होने, कर्ज न चुकाने, के कारण भी मौत को गले लगा रहा है। युवा वर्ग में यह प्रवृति बडे पैमाने पर बढती जा रही है। यदि इस पर संज्ञान न लिया तो भविष्य में मुशिकलें पैदा होगी। भारत एक ऐसा देश है जहां सबसे अधिक आत्महत्याएं होती है। प्रतिदिन आत्महत्याओं की खबरें सुर्खियां बनती है। इंसान खुद तो मर जाता है लेकिन पीछे तडफने के लिए पूरा परिवार छोड देता है। दहेज के कारण भी आत्महत्याएं बढ रही है। देश के अन्नदाता कहलाने वाले किसान का आत्महत्या करने का कारण कभी सरकारी नीतियां बनती है। तो कभी मौसम की बेरूखी। पिछले पन्द्रह सालों में एक लाख से भी अधिक किसान आत्महत्या कर चुके है। आज तक किसी किसान ने अकाल, बाढ, भूखमरी के कारण आत्महत्या तक नहीं की लेकिन सरकारी नीतियां ही इसका कारण बन रही हैं। लोगों ने अपनी जीवन लीलाएं खत्म की है। आत्महत्याओं के औसतन तीन सौ मामले प्रतिदिन सामने आते है। भारत के परिपेक्ष्य मे आत्महत्या के तरीकों में फांसी लगाना, आग लगाना, तथा जहरीला पदार्थ निगलना, मुख्य है, देश मे घटित इन मामलों से भविष्य की भयानक तस्वीर दिख रही है। समाजशास्त्री कहते हैं कि सामाजिक सुरक्षाबोध, पारिवारिक जुडाव, और तनाव से दूरी ही आत्महत्याओं पर अंकुश लगा सकती है। हताशा के कदम रोकने के लिए सामूहिक प्रयास करने होगें। ताकि समाज से इस प्रवृति को दूर किया जा सके। देश के युवाओं की नकारात्मक सोच को सकारात्मक बनाना होगा। सामजिक परिद्दश्य को बदलना हर नागरिक का कर्तव्य है। समाज के बुध्दिजीवी लोगों को इस पर मनन करना चाहिए। युवा देश के कर्णधार होते हैं जो देश की दिशा बदल सकते हैं। इन्हे दिगभ्रमित होने से बचाना जरूरी है। युवाओं का मार्गदर्शन करना होगा ताकि निराशा व हताशा से दूर रह सके। यह देश हित व जनहित के लिए बेहद लाजिमी है। सरकारों को भी इन घटनाओं को अनदेखा नहीं करना चाहिए। यदि अब भी इन घटनाओं के प्रति कदम न उठाये तो अनमोल जिंदगियां। भौतिकवादी सोच ने समाज में कई तरह के पतन पैदा किए है। पैसे की भूख व अतिवादी सोच ने उपहार में लोगों को एकाकी जीवन व तनाव दिया है। आज मानव जीवन में तनाव इतना अधिक बढ गया है। कि बच्चे से लेकर जवान व बूढे, शिक्षित से लेकर अशिक्षित, छात्र से लेकर उच्च अधिकारी, किसान, गरीब से लेकर अमीर सभी तनाव से ग्रस्त है। मानसिक तनाव के कारण देश में सामूहिक आत्महत्याओं की प्रवृति बेतहाशा बढती जा रही है। ऐसा क्यों यह एक यक्ष प्रश्न बनता जा रहा है 'देश में बढती आत्महत्याएं एक गंभीर चिन्ता का विषय बनता जा रहा है। आज युवा में बढती कुंठा, असहनशीलता, और असफलता आत्महत्याओं का कारण बन रहे है। यह आंकड़ा बड़े पैमाने बढ़ता ही जा रहा है यह बहुत ही चिंतनीय है समाज के बुद्धिजीवी वर्ग को इस पर चिंतन मनन करना होगा ' ताजा घटनाक्रम मे 25 जुलाई को मंडी के लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज मे एम बी बी एस के एक प्रशिक्षु छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली यह छात्र राजस्थान का रहने वाला था फरवरी मे भी ऐसा ही एक मामला एम्स बिलासपुर में घटित हुआ था जहाँ एक एमबीबीस छात्र ने तीसरी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली थी ' ऐसे आत्महत्या के मामले बहुत ही दुखद है ' युवा हताश होता जा रहा है और सहनशक्ति खोता जा रहा है और आत्महत्या जैसे कदम उठा रहा है ' देश मे छात्रों द्वारा आत्महत्या के बहुत मामले हो चुके हैं और यह निरंतर बढ़ते ही जा रहे हैं '2021से लेकर अक्टूबर 2024 तक असंख्य लोग अपनी जीवन लीला समाप्त कर चुके हैं यह मामले बढ़ते ही जा रहे हैं इन मामलों को रोकना होगा 'आत्महत्याओं के मामले रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं।

# प्रियंका गांधी का पहला ही चुनाव दक्षिण से

कभी आरएसएस का नारा था गर्व से कहो हम हिन्दू हैं। देश भर की दिवारों पर लिखवाया गया था। मतलब निर्भय रहो! मगर अब तो डर सिखाया जा रहा है। देश की अस्सी प्रतिशत आबादी को अगर आप डर की स्थिति में पहुंचा रहे हैं तो इसका मतलब क्या है? मतलब है बस हमें वोट देते रहो। और इस डर में जियो की जब हम न होंगे तो तुम खतरे में घिर जाओगे। नेहरू-गांधी परिवार की और से एक नई शुरूआत है। परिवार का कोई सदस्य पहला ही चुनाव दक्षिण से लड़ रहा है। प्रियंका गांधी ने बुधवार को केरल के वायनाड से लोकसभा के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। ऐसा नहीं है कि पहले दक्षिण से परिवार का कोई सदस्य नहीं लड़ा हो। पंडित जवाहरलाल नेहरू को छोड़कर सब लड़े हैं। इन्दिरा गांधी ने अपने सबसे खराब दिनों जब वे 1977 में रायबरेली से चुनाव हार गईं उसके अगले ही साल कर्नाटक के चिकमंगलूर से उप चुनाव लड़ा। न केवल शानदार जीत हासिल की बल्कि 1980 में जीत का माहौल भी बना दिया। दरअसल उस उप चुनाव से पहले बिहार के बेलछी में दलितों का भयंकर नरसंहार हुआ था। हार की निराशा के दौर से गुजर रहीं इन्दिरा इस नरसंहार पर घर बैठी नहीं रह सकीं। वे बेलछी के लिए रवाना हो गईं। भारी पानी बरस रहा था। नदी चढ़ी हुई थी। इन्दिरा हाथी पर बैठकर वहां पहुंची। सरकार जनता पार्टी की थी। मामले को दबाने की पूरी कोशिश हो रही थी। गृहमंत्री चरण सिंह इसे मामूली मामला बता रहे थे। लेकिन इन्दिरा के पहुंचने ने सारी तस्वीर पलट दी। मीडिया उस समय भी कांग्रेस विरोधी हुआ था। मगर मामला इतना बड़ा था और इन्दिरा गांधी का हाथी पर बैठा फोटो ऐसा असर डाल रहा था कि मीडिया इसे दबा नहीं पाया। 14 दलितों को जिन्दा जला दिया गया था। जिनमें बच्चे औरतें भी थीं। खबर और इन्दिरा का हाथी पर बैठकर जाते हुआ का फोटो अन्तरराष्ट्रीय अखबारों में भी छपने लगा। यह कहानी अधिकांश लोगो को मालूम है। यह भी मालूम है कि इन्दिरा के बेलछी जाने ने इनकी 1980 की जीत की भूमिका लिख दी थी। मगर यह शायद कम लोगों को मालूम होगा कि देश का यह पहला दलित हत्याकांड ऐसा था जिसमें दोषियों को फांसी मिली हो। यह इन्दिरा इम्पैक्ट था। 1983 में दो हत्यारों महावीर महतो और परशुराम धानुक को फांसी पर चढ़ना पड़ा। इसके बाद भी ऐसा कोई मामला याद नहीं आता, जब दलित हत्याकांड में किसी को फांसी हुई हो। जबकि उससे पहले और बाद में कई दलित लड़कियों के बलात्कार हत्या और सामूहिक दलित हत्याकांड की घटनाएं हुईं। अभी ताजा तो हाथरस की है जहां दलित लड़की के बलात्कार, हत्या के बाद उसके घर के बाहर ही आरोपियों के समर्थन में धरना लगाया गया। मीडिया को जाने नहीं दिया गया। राहुल गांधी को एक बार वापस लौटना पड़ा। उन्हें सड़क पर धक्का देकर गिराया गया। दूसरी बार में वे और प्रियंका पीड़ित परिवार के पास जा पाए। लड़की का शव भी घर वालो को नहीं दिया गया। रातों रात जला दिया। यह न्यू इंडिया है। इसे न्यू नार्मल भी कहते हैं। और यह भी बटेंगे तो कटेंगे! हमें वोट देते रहो। मुसलमानों का जो काल्पनिक भय दिखा रहे हैं उससे डरते रहो। और हम जिस हाल में रखें वैसे रहो। पहले प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि तुम्हारा मंगल सूत्र छीन लेंगे। भेंस ही छीन के ले जाएंगे। मगर उससे चार सौ पार क्या साधारण बहुमत भी नहीं आया तो अब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी कह रहे हैं बटेंगे तो कटेंगे !योगी उत्तर प्रदेश में मोदी जी को लोकसभा की सीटें नहीं दिला पाए। जो मोदी जी बहुमत से दूर रह गए उसमें उत्तर प्रदेश का बड़ा योगदान है। कहां 2019 में वहां बीजेपी की 61 सीटें आईं थी। जो 2024 में केवल 33 रह गईं। नंबर दो की पार्टी हो गई। सपा 37 सीटें जीतकर नबंर एक की पार्टी बन गई। इंडिया गठबंधन को कुल 43 सीटें मिलीं। उत्तर प्रदेश की 80 सीटों में से आधे से ज्यादा।

# मणिपुर की जातीय हिंसा, अधिकारियों की अग्नि परीक्षा

**मणिपुर में जातीय हिंसा ने गहरे जड़ें जमा चुके सांप्रदायिक संघर्षों से निपटने में भारत की प्रशासनिक प्रणाली की कमजोरी को उजागर कर दिया है। हालाँकि यह स्थिति अखिल भारतीय सेवाओं की अखंडता के लिए गंभीर चुनौतियाँ प्रस्तुत करती है, यह संघर्ष-ग्रस्त क्षेत्रों में शासन के दृष्टिकोण पर पुनर्विचार और सुधार करने का एक अनूठा अवसर भी प्रदान करती है। क्षमता निर्माण, अनुसंधान और नवीन नीति उपायों पर ध्यान केंद्रित करके, आईएएस और अन्य सेवाएँ संकट को एक सीखने के अनुभव में बदल सकती हैं जो भविष्य के संघर्षों में स्टील फ्रेम के लचीलेपन को मजबूत करती है।**





**प्रियंका सौरभ**
लेखक

हिंसा और जातीय विभाजन के कारण एस्प्रिट डे कॉर्प्स (अधिकारियों के बीच एकता और आपसी सम्मान) तनाव में है, जिससे अधिकारियों के बीच सहयोग और विश्वास कमजोर हो रहा है। संघर्ष ने एआईएस अधिकारियों के बीच पारस्परिक सम्बंधों पर गहरा प्रभाव डाला है, सामाजिक आदान-प्रदान और सहयोग दुर्लभ हो गए हैं। नफरत फैलाने वाले भाषण, प्रचार और ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से सार्वजनिक चर्चा के ध्रुवीकरण ने रिश्तों को और अधिक तनावपूर्ण बना दिया है, जिससे विभिन्न जातीय पृष्ठभूमि के अधिकारियों के लिए एक साथ काम करना मुश्किल हो गया है। मणिपुर में जातीय हिंसा ने गहरे जड़ें जमा चुके सांप्रदायिक संघर्षों से निपटने में भारत की प्रशासनिक प्रणाली की कमजोरी को उजागर कर दिया है। हालाँकि यह स्थिति अखिल भारतीय सेवाओं की अखंडता के लिए गंभीर चुनौतियाँ प्रस्तुत करती है, यह संघर्ष-ग्रस्त क्षेत्रों में शासन के दृष्टिकोण पर पुनर्विचार और सुधार करने का एक अनूठा अवसर भी प्रदान करती है। क्षमता निर्माण, अनुसंधान और नवीन नीति उपायों पर ध्यान केंद्रित करके, आईएएस और अन्य सेवाएँ संकट को एक सीखने के अनुभव में बदल सकती हैं जो भविष्य के संघर्षों में स्टील फ्रेम के लचीलेपन को मजबूत करती है.... मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच जातीय हिंसा 3 मई, 2023 को भड़क उठी। इस संघर्ष में 200 से अधिक मौतें हुई और 60, 000 लोग विस्थापित हुए। मैतेई और कुकी समुदायों के बीच संघर्ष की जड़ें मणिपुर के जातीय और ऐतिहासिक संदर्भ में गहराई से जुड़ी हुई हैं। मुख्य रूप से घाटी क्षेत्रों में रहने वाले मेइतेई और पहाड़ी जिलों में रहने वाले कुकी समुदाय के बीच लंबे समय से सामाजिक-राजनीतिक और भूमि सम्बंधी विवाद हैं। राजनीतिक सत्ता, भूमि और सरकारी संसाधनों के लिए प्रतिस्पर्धा ने इन समुदायों के बीच तनाव बढ़ा दिया है। आरक्षण, भूमि स्वामित्व और स्वायत्तता से सम्बंधित नीतियाँ इस टकराव के केंद्र में हैं। आदिवासी और गैर-आदिवासी समूहों को वर्गीकृत करने की ब्रिटिश काल की नीतियों ने विभाजन पैदा किया जो आज भी गूंजता है। कानून-व्यवस्था की स्थिति तेजी से बिगड़ गई, सांप्रदायिक तनाव बढ़ गया और हिंसक घटनाएँ सामने आईं। सांप्रदायिक विभाजन ने अखिल भारतीय सेवाओं (एआईएस) अधिकारियों के कामकाज को गहराई से प्रभावित किया, जिससे उनके बीच भौगोलिक और मनोवैज्ञानिक बाधाएँ पैदा हुईं, संघर्ष के कारण पहाड़ी और घाटी जिले दुर्गम हो गए। वर्तमान स्थिति सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा परिकल्पित ह्लस्टील फ्रेमह्व के लिए खतरा है, जिसमें अखिल भारतीय सेवाएँ भारत की प्रशासनिक मशीनरी की रीढ़ हैं। हिंसा और जातीय विभाजन के कारण एस्प्रिट डे कॉर्प्स (अधिकारियों के बीच एकता और आपसी सम्मान) तनाव में है, जिससे अधिकारियों के बीच सहयोग और विश्वास कमजोर हो रहा है। संघर्ष ने एआईएस अधिकारियों के बीच पारस्परिक सम्बंधों पर गहरा प्रभाव डाला है, सामाजिक आदान-प्रदान और सहयोग दुर्लभ हो गए हैं। नफरत फैलाने वाले भाषण, प्रचार और ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से सार्वजनिक चर्चा के ध्रुवीकरण ने रिश्तों को और अधिक तनावपूर्ण बना दिया है, जिससे विभिन्न जातीय पृष्ठभूमि के अधिकारियों के लिए एक साथ काम करना मुश्किल हो गया है। मनोवैज्ञानिक युद्ध, दुष्प्रचार और आर्थिक व्यवधान जैसे गैर-गतिशील तत्वों ने मणिपुर में तनाव को बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हाइब्रिड युद्ध के हिस्से के रूप में इन युक्तियों ने जनता के मनोबल और शासन में विश्वास को कम कर दिया है, जिससे कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए ज़िम्मेदार आईएएस और अन्य सेवाओं के लिए एक महत्त्वपूर्ण चुनौती पैदा हो गई है। विभिन्न जातीय पृष्ठभूमि के सिविल सेवकों को अपनी जातीय पहचान के साथ अपने पेशेवर कर्तव्यों को संतुलित करने में दुविधाओं का सामना करना पड़ता है। सामुदायिक अपेक्षाओं और वफादारी का दबाव बनाम प्रशासनिक तटस्थता बनाए रखने की आवश्यकता एक महत्त्वपूर्ण नैतिक चुनौती प्रस्तुत करती है। कई अधिकारियों को उनकी जातीयता के कारण व्यक्तिगत सुरक्षा खतरों का सामना करना पड़ता है। सरकारी अधिकारियों को भीड़ द्वारा निशाना बनाए जाने और सुरक्षा की आवश्यकता की रिपोर्टें उनके सामने आने वाले गंभीर खतरों को रेखांकित करती हैं। इससे मनोवैज्ञानिक तनाव पैदा हो गया है और उनके कर्तव्यों को पूरा करने की क्षमता में बाधा उत्पन्न हुई है। दुष्प्रचार, घृणास्पद भाषण और भड़काऊ सामग्री फैलाने में सोशल मीडिया प्लेटफार्मों की भूमिका ने संघर्ष को बढ़ा दिया है। हिंसा और भड़काऊ भाषणों के वीडियो ने समुदायों को और अधिक ध्रुवीकृत कर दिया है, जिससे नागरिक अधिकारियों के लिए कहानी को प्रबंधित करना मुश्किल हो गया है। चुनौतियों के बावजूद, मणिपुर संघर्ष को लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (एलबीएसएनएए) और भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (आईआईपीए) जैसे संस्थानों द्वारा अनुसंधान और दस्तावेजीकरण के अवसर के रूप में देखा जा सकता है। इस मामले के आधार पर संघर्ष प्रबंधन, सुलह और प्रशासनिक तटस्थता पर प्रशिक्षण मॉड्यूल और क्षमता-निर्माण कार्यशालाएँ विकसित की जा सकती हैं। इस तरह के केस अध्ययन लोकतांत्रिक ढांचे के भीतर जातीय केंद्रित संघर्षों से निपटने में व्यावहारिक अंतर्दृष्टि प्रदान करेंगे, जो संघर्ष क्षेत्रों में शासन की शैक्षणिक और व्यावहारिक समझ में योगदान देंगे। वेबर द्वारा प्रतिपादित नौकरशाही की अवैयक्तिक प्रकृति का लाभ संघर्षग्रस्त राज्य में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए किया जा सकता है। बैचमेट्स के बीच पेशेवर टीम भावना और राष्ट्रीय एकीकरण के एजेंट के रूप में एआईएस अधिकारियों की तटस्थ भूमिका संघर्षों को हल करने के लिए एक लचीला ढांचा प्रदान करती है। शांति-निर्माण प्रयासों में अधिकारियों को शामिल करने के लिए नवीन कार्मिक प्रबंधन नीतियों का कार्यान्वयन। विभिन्न जातीय समुदायों के अधिकारियों के बीच नियमित आभासी बैठकें बेहतर सम्बंधों को बढ़ावा दे सकती हैं और संघर्ष से उत्पन्न मनोवैज्ञानिक अलगाव को कम कर सकती हैं। इस तरह के उपाय मणिपुर में उभरे प्रशासनिक सिलोस को तोड़ने में मदद कर सकते हैं, सिविल सेवाओं के भीतर बेहतर सहयोग की सुविधा प्रदान कर सकते हैं और शांति प्रक्रिया में योगदान दे सकते हैं। यह संघर्ष भारत में संघीय एकता के महत्त्व को भी रेखांकित करता है।

# दीपावली पर सुरक्षा व्यवस्था में सेंध लगाने के अराजक प्रयास

**साथ ही वक्त सुबह का था और स्थानीय लोगों की आवाजाही भी न के बराबर थी। अगर ये घटना वर्किंग डे में होती तो जानमाल का काफी नुकसान हो सकता था। रविवार तड़के स्कूल के बाहर फटे इस बम की तेज आवाज ने पूरी दिल्ली में दहशत जरूर फैला दी है। घटना के बाद पुलिस ने एहतियातन पूरी दिल्ली को अलर्ट पर रखा है और सर्तकता बढ़ा दी है। सीआरपीएफ स्कूल राजधानी का जाना माना स्कूल है जहां पांच श्रेणी में छात्र-छात्राओं को सिलेक्ट किया जाता है। इसमें सीआरपीएफ अधिकारियों के बच्चे, सीआरपीएफ के रिटायर्ड और हैंडीकैप अधिकारियों के बच्चे, अन्य पैरामिलिट्री फोर्सेस (आईटीबीपी, बीएसएफ आदि) के जवानों के बच्चे पढ़ते हैं।**






**मनोज कुमार अग्रवाल**
लेखक

देश की सबसे संवेदनशील व सुरक्षित समझी जाने वाली राजधानी दिल्ली में करवा चौथ और दीपावली के ठीक दस दिन पहले विस्फोट की वारदात ने तमाम सुरक्षा एजेंसियों की नींद उड़ा दी है। तमाम एजेंसियां एलर्ट मोड में आ कर जांच में जुटी है। प्रशांत विहार इलाके में सीआरपीएफ स्कूल के पास हुए ब्लास्ट में कई एंगल से तफ्तीश हो रही है। सीआरपीएफ की टीम ने जांच कर ली है तो, दूसरी एजेंसी ने भी मौका मुआयना किया। जांच स्पेशल सेल या फिर केंद्रीय जांच एंजेसी को भी ट्रांसफर हो सकती है। अभी तक जो सामने आया, उसमें शक है कहीं ये किसी पाकिस्तानी आंतकी लिंक से लेकर लोकल ग्रुप का काम तो नहीं। वहीं ये बात भी सामने आ रही है कि ब्लास्ट करने वाला कोई केमिकल मेन है, जिसे केमिकल की अच्छी जानकारी थी। जांच एजेंसियां मान रही है कि इसके पीछे कोई बड़ी साजिश का रिहर्सल छिपा हो सकता है? शायद दहशतगर्द या अलगाववादी संगठन ये देखना चाहते हों कि विस्फोट की घटना पर दिल्ली की जांच एजेंसी कितनी सक्रियता दिखाती हैं? यह भी हो सकता है कि हमारी जांच एजेंसियों की क्षमता को परखने के लिए यह विस्फोट किया गया हो? ऐसी आंशका इसलिए लग रही है, क्योंकि दिल्ली पुलिस ने भी किसी बड़ी साजिश से फिलहाल इनकार नहीं किया है। सबसे ज्यादा चिंताजनक यह है कि दिल्ली के रोहिणी में सीआरपीएफ स्कूल के पास बम विस्फोट के बाद अब देशभर के अन्य राज्यों में सीआरपीएफ स्कूलों में बम विस्फोट को लेकर धमकी दी गई है। खबर है कि देशभर के सीआरपीएफ स्कूलों को ईमेल के जरिये यह धमकी दी गई है। इनमें से दो स्कूल दिल्ली और एक हैदराबाद में हैं। हालांकि ईमेल के फर्जी होने का संदेह है। इसके बावजूद ताजा धमकी ने दिल्ली समेत सभी स्कूलों में दहशत फैला दी है। माना जा रहा है कि यह ईमेल किसी ने दहशत फैलाने के लिए किया है। मेल भेजने वालों ने मेल को लिस्टेड स्कूल के कमरों में नाइट्रेट आधारित आईईडी ब्लास्ट करने की बात कही है। ईमेल भेजने वाले ने सुबह 11 बजे से पहले सभी स्कूलों को खाली करने के लिए भी कहा है। दिल्ली के रोहिणी में सी. आर.पी.एफ. स्कूल में पहले ही धमाका हो चुका है। इस धमाके को लेकर अभी भी सुरक्षा एजेंसिया अभी भी कुछ ठोस जानकारी नहीं हासिल कर पाई हैं। इसे अब भी रहस्यमय विस्फोट बताया जा रहा है। इस मामले में आरोपी अभी भी फरार है। दिल्ली में इससे पहले भी कई बार बम ब्लास्ट और आतंकी घटनाएं हुई हैं। पर उनमें और इस घटना में कुछ फर्क है। 20 अक्टूबर को सुबह फटे बम के बाद दूर-दूर तक धुआं ही धुआं फैल गया। लोगों को सांस लेने में दिक्कते हुई। तेज बदबू इलाके में फैल गई। आसपास के घरों की नीव भूकंप की भांति हिल गई। गौरतलब है कि गृह मंत्रालय की खुफिया एजेंसी आईबी के पास इस तरह के इनपुट थे कि त्योहारों के वक्त दिल्ली- एनसीआर में कहीं न कहीं कोई आतंकी घटना घटने की आशंका है। कमोबेश वैसा होता भी दिखाई दिया। खुफिया इनपुट के बावजूद अगर ऐसी घटना घटती है तो कानून तंत्र, खुफिया विभाग, एंटी टेरर विंग पर सवालिया निशान उठना लाजिमी हो जाता है। अगर वे समय पर सजग होते तो ये हादसा शायद नहीं होता। पर, अकसर होता यही है जिम्मेदार एजेंसियां इस तरह की नाकामी कभी अपने पर नहीं लेतीं। । दिल्ली में कुछ महीनों बाद विधानसभा चुनाव होने हैं। बॉर्डर पर किसानों का पहरा है। भीड़भाड़ तो सदैव दिल्ली में रहती ही है। इसके अलावा पूरी केंद्र सरकार, ब्यूरोक्रेट लॉबी सभी यहीं बसती है। इसलिए देश की राजधानी दिल्ली में खुफिया एजेंसियों और कानून तंत्र को चौबीसों घंटे चौकन्ना रहना चाहिए। पर, अफसोस ऐसा होता नहीं? दहशतगर्द उनकी नाक के नीचे घटनाओं को अंजाम देकर चुपके से निकल जाते हैं, उसके बाद जांच के नाम पर लाठी पीटी जाती है। फिलहाल, ऐसी बातों पर गौर न कर, मौजूदा घटना की जड़ तक पहुंचने की आवश्यकता है। दिल्ली के रोहिणी में ब्लास्ट के बाद देर रात पाकिस्तान से चलने वाले टेलीग्राम चैनल पर बम धमाकों के पीछे खालिस्तानी आतंकियों के हाथ होने का दावा किया जा रहा है। टेलीग्राम चैनल ह्यजस्टिस लीग इंडियाह्ण पर सीसीटीवी फुटेज डालकर बम धमाके का दावा किया गया है, उसके बाद इस मैसेज को पाकिस्तान से चलने वाले कई टेलीग्राम चैनल पर सकुर्लेट किया गया है। दिल्ली पुलिस सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली पुलिस ने टेलीग्राम मैसेंजर को पत्र लिखकर टेलीग्राम चैनल जस्टिस लीग इंडिया के बारे में जानकारी मांगी है। पुलिस अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से भी जानकारी मांग रही है। टेलीग्राम ने अभी तक दिल्ली पुलिस को कोई जवाब नहीं दिया है। जांच जारी है, धमाके के सिलसिले में अभी तक किसी संगठन का नाम सामने नहीं आया है। सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। एफएसएल टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर इसके सैंपल लिए। मौके से सफेद पाउडर और कुछ तारनुमा चीजें भी बरामद हुई हैं। इसी बीच मौके पर दमकल की गाड़ियां भी पहुंची। शुरूआती जांच में आशंका जताई जा रही है कि धमाके में हाई इंटेंसिव एक्सप्लोसिव का इस्तेमाल किया गया है। छोटा क्रूड बम भी हो सकता है। आतंकी हमला होने की आशंका को देखते हुए एनएसजी की टीम भी मौके पर पहुंच गई है। मौके पर पहुंचने के बाद एनएसजी ने घटनास्थल को अपने कब्जे में ले लिया है। फोरेंसिक साइंस लैबोरेटरी (एफएसएल) टीम के सूत्रों के मुताबिक, शुरूआती जांच में क्रूड बम जैसा मटेरियल मिला है। हालांकि, पूरी रिपोर्ट मिलने के बाद ही आधिकारिक जानकारी मिल पाएगी।

# संयुक्त राष्ट्र संघ की प्रासंगिकता

**अनुज आचार्य**

संयुक्त राष्ट्र दिवस प्रत्येक वर्ष 24 अक्टूबर को मनाया जाता है क्योंकि इसी दिन संयुक्त राष्ट्र संघ का गठन हुआ था। 24 अक्टूबर 1945 को सैन फ्रांसिस्को, कैलिफोर्निया में 50 देशों ने मिलकर ऐसे देशों का समूह बनाया जिसका लक्ष्य वैश्विक शांति के लिए मिलकर काम करना था। इस संगठन को संयुक्त राष्ट्र संघ या संक्षेप में यूएन भी कहा जाता है। संयुक्त राष्ट्र के चार उद्देश्य हैं- अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा का संरक्षण करना, विभिन्न राष्ट्रों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों का विकास करना, अंतरराष्ट्रीय समस्याओं के समाधान में सहयोग एवं मानव अधिकारों के प्रति सम्मान का संवर्धन और देशों की कार्रवाइयों के बीच तालमेल के केन्द्र के रूप में काम करना। लेकिन इधर दो वर्षों से जारी रूस और यूक्रेन युद्ध एवं इजरायल एवं अरब राष्ट्रों के बीच सीमित युद्धों ने संयुक्त राष्ट्र संघ की प्रासंगिकता एवं उपयोगिता पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। जहां तक संयुक्त राष्ट्र संघ के विभिन्न कार्यक्रमों के सफल संचालन में भारत के योगदान एवं भागीदारी का सवाल है तो आज भी भारत विकास एवं गरीबी उन्मूलन, जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद, निशस्त्रीकरण, मानवाधिकार और विश्व शांति स्थापना के प्रयासों में संयुक्त राष्ट्र संघ का कंधे से कंधा मिलाकर साथ दे रहा है। 140 करोड़ आबादी के साथ भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ी जनसंख्या वाला देश और एक उभरती हुई आर्थिक महाशक्ति भी है। भारत की विदेश नीति ऐतिहासिक रूप से विश्व शांति को बढ़ावा देने वाले देश के रूप में रही है। ऐसे में संयुक्त राष्ट्र संघ जैसी वैश्विक संस्था की नीति निर्धारक सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता से भारत को वंचित तथा बाहर रखना अन्याय ही माना जाना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना के समय से ही रक्षा मिशनों में भारत महत्वपूर्ण योगदान देता आया है। अब तक विभिन्न शांति अभियानों में भारत के 180000 सैनिक हिस्सा ले चुके हैं। भारत ने 82 देशों के लगभग 800 शांति स्थापना अधिकारियों को प्रशिक्षित भी किया है। मौजूदा समय में संयुक्त राष्ट्र संघ शांति सैनिक दल में योगदान करने वाले सभी देशों में भारत दूसरा सबसे बड़ा देश है। वर्तमान समय में भी भारत 11 यूएन मिशन और दो यूएन कार्यालयों को 6891 भारतीय सैन्य कर्मी और 782 पुलिसकर्मी उपलब्ध करवा रहा है। इससे विश्व में शांति और सौहार्द कायम करने की भारत की गहरी प्रतिबद्धता साबित होती है और यह प्रदर्शित होता है कि भारत संयुक्त राष्ट्र चार्टर पर कितना विश्वास करता है। संयुक्त राष्ट्र संघ के समक्ष उसके चार्टर के अनुसार कई ऐसे मुद्दे भी हैं जो लंबे समय से अपना हल निकलने की आस लगाए बैठे हैं। पर्यावरण प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन जैसे मानवता से जुड़े मुद्दों पर संयुक्त राष्ट्र संघ अभी तक कोई कारगर हल तलाश नहीं पाया है। स्वीडन की पर्यावरण एक्टिविस्ट 16 वर्षीया ग्रेटा थनबर्ग ने संयुक्त राष्ट्र संघ में बोलते हुए कहा था कि, आपने हमारा बचपन, हमारे सपनों को छीन लिया है। लोग मर रहे हैं और पूरा ईकोसिस्टम बर्बाद हो रहा है। उनका कहना था कि विश्व के नेता कुछ नहीं कर रहे हैं। किसी जमाने में परमाणु निशस्त्रीकरण संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रमुख एजेंडे का हिस्सा हुआ करता था, लेकिन बीते दो दशकों में यह मुद्दा जैसे पृष्ठभूमि में चला गया है। यद्यपि यूएन चार्टर का उद्देश्य विश्व समुदाय की सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक प्रगति हेतु कार्य करना है ताकि संसार में समानता, स्वतंत्रता, सहयोग, न्याय, भ्रातृत्व, मित्रता व सुरक्षा का परिवेश निर्मित किया जा सके और युद्ध की नौबत ही न आए। लेकिन बीते 75 वर्षों में न केवल युद्ध जारी हैं, अपितु सीरिया जैसे देश तो बबार्दी के कगार पर पहुंच चुके हैं। विश्व को आज भी ताकत एवं आर्थिक आधार पर ही हांका जा रहा है। पाकिस्तान आज भी आतंकवादियों की जन्मस्थली बना हुआ है और वैश्विक शांति एवं सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है। उत्तर कोरिया और ईरान बेधडक होकर परमाणु हथियारों की होड़ को बढ़ावा दे रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ड्रग्स का अवैध कारोबार बड़ी तेजी से फल-फूल रहा है जिसमें प्रतिबंधित ड्रग्स का उत्पादन, खेती और बिक्री भी शामिल है।

## संक्षिप्त खबरें

### जीवन उत्सव स्कूल में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता

चंदनपुरा तिलौथू (रोहतास) : जीवन उत्सव पब्लिक स्कूल चंदनपुरा की प्रार्थना सभा में विद्यालय में आयोजित निबंध एवं सुलेख प्रतियोगिता में चयनित छात्रों को पुरस्कृत किया गया। दीपावली के अवसर पर 22 अक्टूबर को विद्यालय में कक्षा प्रथम से पंचम के लिए हिंदी सुलेख एवं कक्षा षष्ठ, सप्तम एवं अष्टम के लिए दीपावली विषय पर 300 शब्दों में निबंध प्रतियोगिता आयोजित हुई थी। इसमें कक्षा सह प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। इस कार्य में विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं का सहयोग प्राप्त हुआ। पुरस्कार वितरण में विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील कुमार एवं मार्गदर्शक जंगलेश प्रसाद चौरसिया ने सहयोग किया। संचालन सफदर अली ने किया। आभार ज्ञापन निदेशक मिथिलेश कुमार विश्वकर्मा ने किया। कार्यक्रम हर्षोल्लास सम्पन्न हुआ।

### सुरक्षित नहीं है उत्क्रमित मध्य विद्यालय, उसरी

प्रातः किरण संवाददाता

दावथ (रोहतास) प्रखंड क्षेत्र के उसरी पंचायत स्थित पतले पगडंडी की तरह रखें पोल नहर पार करने के लिए खतरे को देता है दावत , वही कई बार बच्चे उससे गिर भी चुके हैं ।वहीं विद्यालय का चहारदिवारी नहीं होने के कारण विद्यालय प्रांगण एवं कमरे भी सुरक्षित नहीं है। पूर्व में इस विद्यालय से कई बार सामानों की चोरी भी हो चुकी है। प्रधानाध्यापक नीरज कुमार ने बतलाया कि विद्यालय प्रांगण को असामाजिक तत्वों द्वारा गंदा कर दिया जाता है ।क्योंकि यहां से चहारदिवारी या किसी तरह का कोई मुख्य दरवाजा नहीं है, जिसके कारण विद्यालय प्रांगण में चहल कदमी करने वाले परिसर को गंदा कर देते हैं। उन्होंने बतलाया कि कई बार तो मल मूत्र भी असामाजिक तत्वों के द्वारा कर दिया जाता है, जिसके कारण काफी असुविधा होती है। इस संबंध में वरीय अधिकारियों से इसकी लिखित जानकारी देने और इसके चहारदिवारी के मांग का उन्होंने जिक्र भी किया। गांव के ग्रामीणों ने भी विद्यालय के चहारदीवारी एवं पुलिया निर्माण के लिए सरकार से आग्रह किया। सामाजिक कार्यकर्ता गंगा प्रसाद सिंह, मुखिया संजय सिंह, हर्षू साह सहित कई लोगों ने यहां विद्यालय की घेराबंदी न होने से शिक्षा एवं छात्र-छात्राओं के कठिनाई की बात कही।

### कछवां पुलिस ने वाहन जांच कर वसूला जुमार्ना

नासरीगंज (रोहतास) कछवां पुलिस ने वरीय अधिकारी के दिशा-निर्देश पर चलाया वाहन जांच वसूला जुमार्ना ।जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि स्टेट हाईवे 81 मुख्य मार्ग पर थाना मोड़ के समीप स्थानीय थाना के पुलिस पदाधिकारी शालू कुमारी के नेतृत्व में वाहन जांच अभियान चलाया गया । वाहन जांच के क्रम में वाहन चालकों का ऑनर बुक,डिक्की,प्रदूषण जांच,ड्राइविंग लाइसेंस,जूता एवं हेलमेट समेत अन्य बिंदुओं पर बारीकी से पुलिस द्वारा सर्च अभियान चलाया गया । उन्होंने कहा कि वाहन जांच के दौरान स्थानीय पुलिस ने वाहन चालकों से 10 हजार रुपए का ऑनलाइन चालान काटा । श्री कुमार ने बताया कि वाहन जांच की प्रक्रिया निरंतर चलते रहेगा । मौके पर स्थानीय थाना के पुलिस पदाधिकारी शालू कुमारी,वाहन चालक एवं पुलिस बल के जवान मौजूद थे ।

### मंत्री नागमणि ने कोइरी जाति की संख्या कम बताने का लगाया आरोप

प्रातः किरण संवाददात

रोहतास (बिहार) । आज रोहतास जिले के सासाराम में पूर्व केंद्रीय मंत्री नागमणि ने प्रेसवार्ता कर बिहार में जातीय जनगणना में कोइरी जाति के लोगों की संख्या कम बताने का आरोप लगाते हुए सीएम नीतीश कुमार को घेरने की कोशिश की। उन्होंने प्रेसवार्ता कर कहा कि बिहार में 12% से अधिक कोइरी जाति के लोगों की संख्या है लेकिन जनगणना कर के मात्र 4% के करीब संख्या बताई जा रही है। जबकि जिसकी जितनी जनसंख्या है, उसके आधार पर अगर हिस्सेदारी देने की बात है तो नीतीश कुमार की सरकार ने कोईरी जाति के लोगों का गला घोटने का काम किया है। इतना ही नहीं, जातिय गणना में कलाल जैसी मुस्लिम जातियों को हिंदू में जोड़ दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि ब्राह्मण, राजपूत, भूमिहार आदि के जाति की संख्या में भी जबरदस्त हेरा फेरी की गई है। इन तमाम मुद्दों को लेकर वह पूरे बिहार का भ्रमण कर रहे हैं तथा अगले साल 23 फरवरी को पटना के गांधी मैदान में वह एक बड़ी सभा करने जा रहे हैं। जिसमें कोईरी जाति के अधिकारों से संबंध में चर्चा की जाएगी।

# लॉकेट छिनकर भाग रहे चोरों को ग्रामीणों ने पकड़ पुलिस को सौंपा



प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) लॉकेट काटकर भाग रहे चोर को जोन्ही गांव से गोटपा गांव के ग्रामीणों ने पकड़ किया पुलिस के हवाले । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि गुरुवार को बिक्रमगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत गोटपा निवासी नागेंद्र सिंह की दो वर्षीय नातिन शिवांशी राज अपने दरवाजे पर खेल रही थी । उसी क्रम में कबाड़ी लेने व बेचने के बहाने चोर ने अकेले दरवाजे पर खेल रही बच्ची को खाने के लिए पापड़ी देकर बहला-फुसला कर उसके गले से सोने का लॉकेट काटकर भागने लगा। उसी दौरान बच्ची के घर की कुछ महिलाओं द्वारा घटना को देखकर शोरगुल करने लगी। शोरगुल की आवाज सुनकर घर समेत आसपास के लोग जुट गए। तत्पश्चात्त घर की महिलाओं द्वारा बच्ची के साथ घटी घटनाओं के बारे में घर के लोगों एवं आसपास के लोगों को जानकारी दी। उसके उपरांत घर के लोग समेत सैकड़ो की संख्या में स्थानीय ग्रामीण चोर का पीछा करते-करते जोन्ही गांव से पकड़ लिए। उसके बाद चोर को पकड़कर मामले की जानकारी लेते हुए लोग मारपीट करने लगे। उसके बाद बच्ची के परिजनों ने पकड़े हुए चोर से सोने के लॉकेट के बारे में मारपीट करते हुए पूछताछ की। तो उसने लॉकेट चोरी की बातों को स्वीकारा। साथ ही साथ चोरी किए हुए लॉकेट को बच्ची के परिजनों को दे दी। जिस घटना की सूचना दूरभाष के माध्यम से स्थानीय ग्रामीणों ने डायल 112 , काराकाट थाना एवं बिक्रमगंज थाना को दी । सूचना मिलते ही डायल 112, काराकाट थाना एवं बिक्रमगंज थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच जानकारी लिया ।

### नहीं थम रही है मोटरसाइकिल चोरी की घटनाएं

बिक्रमगंज (रोहतास) चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक युवक को पुलिस के द्वारा पकड़ा गया और भेजा गया जेल। अभी कुछ ही रोज पहले रोहतास एसपी के द्वारा मोटरसाइकिल चोर का गिरफ्तारी के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया था। इसी बीच गुरुवार को बिक्रमगंज के पुलिस ने दो मोटरसाइकिल चोरों को पुनः गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष ललन प्रसाद ने इसकी जानकारी देते हुए बतलाया कि वकील कुमार उम्र 23 वर्ष पिता हरे राम शर्मा जबकि दूसरा बाइक चोर कुंदन कुमार पिता गुप्त सिंह ग्राम कई थाना सूर्यपुरा रोहतास के निवासी हैं। इन दोनों को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया है ।कांड संख्या 620 /24 के तहत इन्हें गिरफ्तार कर जांच के बाद जेल भेजे जाने की जानकारी दी गई।

# दिनदहाड़े प्रॉपर्टी डीलर को मारी गोली

## भोजपुर पुलिस की कार्यशैली पर खड़े हो रहे सवाल

प्रातः किरण संवाददात



आराःइस वक्त एक बड़ी खबर सामने आ रही है कि आरा में हथियारबंद अपराधियों ने दिनदहाड़े एक युवक को बीच बाजार में गोली मार दी है। इस घटना के बाद से इलाके में अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया है। बताया जाता है कि आरा नगर थाना क्षेत्र के गौसगंज स्थित मुक्तिधाम बैरियर के पास हथियारबंद अपराधियों ने नगर थाना क्षेत्र के बड़की सिंगही निवासी स्वर्गीय अब्दुल रहीम का पुत्र शाहिद आलम उर्फ पप्पू है, जो प्रॉपर्टी डीलर का काम करता है। बताया जा रहा है कि तीन बाइक पर सवार 4 की संख्या में अपराधियों ने उसे गोली मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा उसे आनन-फानन में इलाज के लिए आरा शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां आरा सदर अस्पताल के सर्जन डॉक्टर विकास सिंह की देखरेख में उसका इलाज जारी है। हालांकि, दिनदहाड़े बीच बाजार में गोलीबारी की घटना के बाद से भोजपुर पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़े होने लगे हैं। जहां एक तरह दीपावली और छठ पर्व को लेकर बाजारों में काफी भीड़भाड़ देखने को मिल रही है, वहीं दूसरी तरफ आरा शहर में रोजाना यातायात भी बाधित रहता है तो वहीं इस तरह बीच बाजार में गोलीबारी की घटना कर अपराधी आसानी से फरार हो जा रहे हैं। कहीं ना कहीं भोजपुर पुलिस की पुलिसिंग फेल नजर आ रही है।हालांकि, गोलीबारी की घटना क्यों घटी है? फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। गोलीबारी की घटना के बाद मौके पर पहुंचे आरा एएसपी परिचय कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, उसके बाद ही कुछ स्पष्ट हो पाएगा।

# बहुजन एकजुटता हीं सामाजिक न्याय के लक्ष्य प्राप्ति का रास्ता है : प्रो. लक्ष्मण यादव

प्रातः किरण संवाददाता



आरा के अमर शहीद जगदेव प्रसाद ट्रस्ट सह शोध संस्थान अनाइठ आरा में सोशल जस्टिस आर्मी के द्वारा सामाजिक न्याय के मुद्दों पर संवाद का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता बड़हरा विधानसभा क्षेत्र के पुर्व प्रत्याशी रघुपति यादव और संचालन रितेश कुमार तथा धन्यवाद ज्ञापन रमेश यादव ने किया।

संवाद में मुख्य वक्ता दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्रो. डॉ. लक्ष्मण यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि बहुजन समाज को आपस में मजबूती से एक दूसरे के लिए कड़ी बनने की जरूरत है।आगे उन्होंने कहा कि जगदेव प्रसाद, ललई सिंह यादव जैसे योद्धाओ के विचारों को आगे बढ़ाने के लिए मैं संकल्पित हूं,

संवाद को आगे संबोधित करते हुए सामाजिक न्याय आंदोलन के संयोजक रिंकू यादव ने कहा कि बिना मानवतावाद के समाजवाद को परिभाषित नहीं किया जा सकता, आज देश आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। देश में सामाजिक और आर्थिक समानता की जरूरत है, दुख की बात है कि अमीर कई गुना अमीर और गरीब कई गुना गरीब होते जा रहे हैं,इस पर गंभीर बस होनी चाहिए ।

आगे सोशल जस्टिस आर्मी के संयोजक गौतम आनंद ने कहा कि देश गरीब किसान मजदूर का है और बहुत दुख की बात है कि कमेरा वर्ग के लोग आज अपने आप को कुंठित महसूस कर रहे हैं, खासकर किसान मजदूर , और शिक्षा पर गंभीर बहस करने की जरूरत है। भीम आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष अमर ज्योति ने कहा कि समाज में जो दिन प्रतिदिन यातनाएं की खबरें आती है वह समाजवाद को खतरे में डालता है ,ऐसे में हम सभी को अलख जगाना चाहिए, तभी जाकर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के सपनों को पूरा किया जा सकता है।वक्ता में मुख्य रूप से पूर्व राज्यसभा सांसद अली अनवर साहब,डॉक्टर बबन यादव, सुजीत कुशवाहा, देव शंकर आर्या, मंशा कुमार राम,रवि यादव , अविनाश शर्मा, संजय यादव सहित सैकड़ो लोग कार्यक्रम में शिरकत किया।

### धावा दल के टीम ने कोईलवर प्रखंड के कायमनगर बाजार से दो बाल श्रम से लिप्त बालश्रमिकों को कराया मुक्त



प्रातः किरण संवाददात

आरा। एक्सेस टू जस्टिसह्व प्रोग्राम के तहत समाजिक संस्था दिशा एक प्रयास, भोजपुर और श्रम संसाधन विभाग, भोजपुर और स्थानीय पुलिस के सहयोग से कायमनगर बाजार से बाल श्रम से लिप्त दो बालश्रमिकों को विमुक्त कराकर बाल कल्याण समिति भोजपुर में प्रस्तुत किया गया और नियोजक रमेश कुमार और कुणाल भगत पर प्राथमिक दर्ज कराया गया। बाल श्रम से लिप्त बालश्रमिक को मुक्त कराने के लिए कोईलवर प्रखंड मे धावा दल की टीम ने जगह जगह पर छापेमारी किया। इस दौरान कायमनगर बाजार से कुमार मोटर साइकिल से एक बाल श्रमिक और उसी दुकान के बगल में फल दुकान से एक बाल श्रमिक को विमुक्त कराया गया।

इस धावा दल की टीम में ऋषिका सिंह श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी चरपोखरी, अखिलेश कुमार श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी गड़हनी, सुगीता कुमारी कोइलवर, और ह्लसंस्था दिशा एक प्रयासह्व, भोजपुर से प्रवीण कुमार तिवारी एवं स्थानीय पुलिस शामिल थे।

### सीओ करेंगे साइबर कैफे वालों के साथ बैठक

प्रातः किरण संवाददात



सासाराम(रोहतास) : अंचलाधिकारी सासाराम, शनिवार को सद्भावना भवन में परिमार्जन प्लस के आवेदन के ट्रेनिंग के लिए सासाराम के सभी साइबर कैफे वाले के साथ बैठक करेंगे। अंचलाधिकारी ने बताया कि रैयत जो आवेदन साइबर कैफे से करवा रहे है, उसमें काफी गलतियां है। जिसके कारण आवेदन को रिटर्न करना पड़ रहा है ' इसके कारण रैयतों को पुनः सुधार कर के आवेदन भेजना पड़ता है। जिससे रैयत को परेशानी उठानी पड़ रही है '

रैयतों को परिमार्जन प्लस का आवेदन साइबर कैफे से देने में समस्या होने पर सीधे अंचल कार्यालय में आकर ऑपरेटर को आवेदन देने का सुझाव दिया। कहा कि रैयत किसी भी गैर सरकारी व्यक्ति से दाखिल खारिज या परिमार्जन का कार्य के लिए नहीं मिलें। सीधे अंचल कार्यालय में आकर कर्मचारी, राजस्व अधिकारी, अंचलाधिकारी से आकर मिले एवं अपना कार्य का निष्पादन करवाएं ' अंचलाधिकारी ने यह भी बताया कि रैयत स्वयं अपने दाखिल खारिज एवं परिमार्जन का २३३४२ चेक कर सकते है। आवेदन में यदि अंचल कार्यालय के द्वारा आपत्ति नहीं लगाया गया हो तो अंचल कार्यालय आने की जरूरत नहीं है, विभाग के ऋक्रह्व नियमानुसार आवेदन का निष्पादन कर दिया जायेगा ' आवेदन पर आपत्ति लगने पर रैयत के मोबाइल पर आवश्यक कागजात के लिए मैसेज भेजा जाता है। रैयत स्वयं अंचल कार्यालय आकर अपना कागजात अंचल कार्यालय में जमा करे ' सर्वे से संबंधित कागजात विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी कार्यालय, पंचायत सरकार भवन धवडाढ़ में जमा कर सकते है।

# संगठन विस्तार पर हुई बैठक



प्रातः किरण संवाददात

आरा/ भोजपुर- संगठन विस्तार को गुरुवार को जेल रोड स्थित हर प्रसाद दास जैन धर्मशाला में हिंदू जागरण मंच आरा भोजपुर की जिला बैठक सम्पन्न हुआ। बैठक जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिन्हा के अध्यक्षता में की गई , जिस में मुख्य रूप से संगठन विस्तार तथा संगठन के कार्यो की समीक्षा पर की गई।संगठन विस्तार के क्रम में हिंदू जागरण मंच आरा जिला के सह संयोजक के रूप में विक्की सिंह आजाद को नियुक्त किया गया, जिला आर्थिक प्रमुख के रूप में अरुण कुमार , जिला सूचना संग्रह प्रमुख के रूप में राजवीर राज सोनी , जिला संपर्क प्रमुख के रूप में मुन्ना बजरंगी, सह संपर्क प्रमुख के रूप में गोलू सिंह, जिला प्रचार प्रमुख के रूप में दुर्गेश सिंह, सह प्रचार प्रमुख के रूप में ऋतिक सिंह, जिला समन्वय प्रमुख के रूप में संजय कोणाडिया, तथा जिला कार्यक्रम सदस्य के रूप में मनीष जी को नियुक्त किया गया।

आरा नगर के उपाध्यक्ष का दाईत्व डा विकाश कुमार गुप्ता को सौंपा गया, नगर सह संयोजक कुंदन केशरी, सह संपर्क प्रमुख के रूप में विकाश चंद्रेवंशी, आयुष मेहता, सत्यम सिंह और आशिस सोनी को नियुक्त किया गया, नगर सह प्रचार प्रमुख के रूप में सोनू जी, नगर सूचना संग्रह प्रमुख हरेराम जी, सह संग्रह प्रमुख धीरज जी , पवन जी और शुभम कनौजिया को नियुक्त किया गया । एवं नगर कार्यक्रणी सदस्य के रूप में चंदन गुप्ता उर्फ फोफी जी ,रोहित पटेल, किशन कुमार, शिवम सोनी, अमित जी, रोहित, प्रत्युष श्रीवास्तव, आदित्य सोनी, रमेश चौधरी, सोनू रेबेल , अमन सोनी, अंकुश सिन्हा, राहुल जी को नियुक्त किया गया।

# भोजपुर जिला युवा कांग्रेस के कार्यकारिणी की बैठक साथ ही साथ किया गया युवा चौपाल कार्यक्रम आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। स्थानीय पार्टी कार्यालय शहीद भवन आरा में भोजपुर जिला युवा कांग्रेस के कार्यकारिणी की बैठक साथ ही साथ युवा चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भोजपुर जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, संचालन नेशनल कॉर्डिनेटर युवा कांग्रेस प्रशांत ओझा तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ अमित कुमार द्विवेदी ने किया। भोजपुर जिला युवा कांग्रेस कार्यकारणी व युवा चौपाल को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रभारी सम्राट केशरी जेना जी ने कहा की युवाओं को इस चौपाल कार्यक्रम के माध्यम से आमजनो में अपनी सकारात्मक उपस्थिति दर्ज करने का सुनहरा मौका हैं। खास कर नई पीढ़ी के बीच कांग्रेस की उपलब्धियों की रखने की आवश्यकता हैं। सत्तारूढ़ दल देश को लगातार जाती,धर्म और संप्रदाय में बाटने का कुंठित प्रयास कर रही है। वर्तमान समय में कांग्रेस पार्टी का युवाओं के प्रति विश्वास बढ़ा हैं। उन्होंने युवाओं को आह्वान करते कहा की आने वाला समय कांग्रेस का हैं और कांग्रेस आपके मान सम्मान के प्रति कटिबद्ध हैं। भोजपुर जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह उर्फ मुकुल ने आगत अतिथियों को आश्वस्त किया की भोजपुर जिला युवा कांग्रेस पूरे जिले में कार्यकताओं की एक बड़ी फौज तैयार करने की दिशा में अग्रसर हैं जिससे पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में फायदा मिलेगा। भोजपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक राम ने युवाओं को व्हाट्सप्प यूनिवर्सिटी से दूर रहने की नसीहत देते हुए यथार्थ की दुनियां में लौटने की अपील की।

कार्यक्रम में भोजपुर जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह उर्फ मुकुल, विहार युवा कांग्रेस प्रभारी सम्राट केशरी जेना, प्रदेश उपाध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी, प्रशांत ओझा, खुर्रम जी, भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी अशोक राम, प्रदेश डेलीगेट डॉ श्रीधर तिवारी, प्रदेश डेलीगेट संतोष पाण्डेय, पूर्व विश्वविद्यालय अध्यक्ष डॉ अमित कुमार द्विवेदी, डॉ आशुतोष ठाकुर, बीरेंद्र मिश्रा, जितेन्द्र शर्मा, बिजेंद्र यादव, आनंद तिवारी, शक्ति सिंह उर्फ मनन, अविनाश मिश्रा, गोलू पाण्डेय, लक्षुमन सिंह, पंकज धानी, धनजय सिंह, सुमित, अनिल, अमित मिश्रा, अनिल, सन्नी, अनूप राय, लव जी, राजा, मोनू, अंशु पाठक, अभिषेक कुमार आदि थे।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत पर परिजनों से मिलने पहुंचे जिलापार्षद

काराकाट (रोहतास) विगत मंगलवार की देर संध्या एनएच 120 बिक्रमगंज-डिहरी मुख्य मार्ग पर काराकाट थाना क्षेत्र अंतर्गत जोरावरपुर के समीप सड़क दुर्घटना में कछवां थाना क्षेत्र के अमौना निवासी रामयश सिंह के 42 वर्षीय पुत्र मोहन सुधाकर की मौत घटना स्थल पर ही हो गई थी ।जिस घटना की खबर को सुन काराकाट भाग 3 के जिला पार्षद रितेश सिंह मृतक स्वर्गीय मोहन सुधाकर के पैतृक आवास पर पहुंचे ।जिस दौरान श्री सिंह ने मृतक के पिता समेत उनकी पत्नी और दोनों पुत्रियों को इस दुख की घड़ी में सांत्वना देते हुए ढाढस बंधाया ।साथ ही इस विदारक घटना को लेकर सदैव साथ देने की बातें कहीं ।उक्त दौरान मृतक के पैतृक आवास पर स्थानीय मीडिया की टीम पहुंच स्वर्गीय सुधाकर के परिजनों को सांत्वना देते हुए ढाढस बंधाया ।उसी दौरान जिला पार्षद श्री सिंह ने मीडिया के समक्ष उनके परिजनों को हर संभव मदद दिलाने की बातें कहीं ।उक्त दौरान श्री सिंह ने स्वर्गीय सुधाकर के बारे में बताया कि वो एक सामाजिक व्यक्ति के साथ-साथ सरल स्वभाव एवं मृदुभाषी भी थे ।जो आज हम सबों के बीच नही रहें ।उन्होंने उनकी मृत आत्मा की शांति हेतू ईश्वर से प्रार्थना की ।मौके पर स्वर्गीय सुधाकर के पिता रामयश सिंह,काराकाट भाग 3 के जिला पार्षद रितेश सिंह,ग्राम पंचायत अमौना के पूर्व मुखिया , सरोज सिंह,स्थानीय मीडिया के लोग सहित अन्य मौजूद थे।

### तरारी विधानसभा के चुनाव को लेकर पिरो मंडल के युवा मोर्चा का किया गया बैठक

आराःतरारी विधानसभा के चुनाव को लेकर पिरो मंडल के होटल वैभव में एक युवा मोर्चा का बैठक की गई जिसमें तरारी विधानसभा के पांच मंडल के मंडल अध्यक्ष उनकी कमेटी और जिला पदाधिकारी की टीम साथ में प्रदेश युवा मोर्चा की टीम भी बैठी इस बैठक में जिला पदाधिकारी और प्रदेश पदाधिकारी को मंडल का प्रभारी नियुक्त कर चुनाव में लगने को कहा गया और तरारी विधानसभा के ठऊअ प्रत्याशी को विशाल पांडेय जी को भारी मतों से विजय बनाना है इस बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विशुद्ध बिभु जैन के द्वारा किया गया जिसमे प्रदेश अध्यक्ष भारतेंदु मिश्रा भारत मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित थे मंच संचालन पिरो मंडल अध्यक्ष रोहित वर्मा , राहुल सिंह, कौशल सिंह, डब्लू सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष जिला प्रभारी जितेंद्र सिंह,जिला महामंत्री राहुल सिंह, अंकित सिंह चंद्रवंशी, जिला उपाध्यक्ष अंकित तिवारी,आदि सिंह आदि, राकेश सिंह, मुकेश कुशवाहा, सरवन राय, रवि केशरी, जिला मंत्री आशुतोश मिश्रा, कुणाल सिंह, जिला प्रवक्ता अंकित प्रियदर्शी, सोशल मीडिया संयोजक प्रतीक चंद्रवंशी, बैठक के बाद युवा मोर्चा के टीम के द्वारा ठऊअ प्रत्याशी सुशील पांडेय के साथ सिकार्ट मंडल के देव पंचायत में जनसंपर्क अभियान चलाया गयाऔर बहुत से कार्यकर्ता उपस्थित है जिसकी जानकारी मीडिया प्रभारी अरिहंत विजय जैन ने दी।

# मद्य निषेध व एनसीओआरडी से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई



प्रातः किरण संवाददात

सासाराम(रोहतास) : रोहतास जिला मुख्यालय सासाराम स्थित समाहरणालय की सभागार में वृहस्पतिवार को जिलाधिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में मद्य निषेध व एनसीओआरडी से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।समीक्षात्मक बैठक में डीपीएम जीविका को निर्देशित किया गया की ताडी व शराब से जुडे व्यक्तियों को अधिक से अधिक सतत जिवकोपार्जन से जोड़े। पुलिस पदाधिकारी व मद्य निषेध पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि छापामारी के संख्या बढायें व जहाँ कही भी कच्चे स्प्रिट व नकली शराब पाये जाते है वहाँ शक्ति से कार्रवाई की जाय ताकि किसी भी प्रकार की जहरीली शराब काण्ड नहीं हो सके। वाहन के अधीहरण व निलामी में तेजी लाने का भी निदेश दिया गया साथ ही स्प्रिट वाले केशो में सजा दिलाने का निदेश विशेष लोक अभियोजक को दिया गया। इसके साथ एनसीओआरडी की बैठक की गई। जिसमें निदेश दिया गया की एनडीपीए एक्ट के तहत गांजा अफीम व अन्य मादक पदार्थ अधीक मात्रा में पकडे गये है जिसका पिछला और अगला लिंकेज की जानकारी प्राप्त कर कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। साथ ही कृषी पदाधिकारी, पंचायती राज पदाधिकारी, वनप्रमंडल पदाधिकरी, सिविल सर्जन, शिक्षा पदाधिकारी, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (आईसीडीएस) रोहतास को निदेशित किया गया है कि अपनी अधिनस्तो के साथ बैठक कर जनजागरूकता फैलाये जाने का दिशा निर्देश दे।

साथ ही सभी औषधी निरीक्षक को निदेशित किया गया है कि दवा दुकानों का निरीक्षण करना सुनिश्चित करें। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार,अपर समाहर्त्तासह अपर जिला दण्डाधिकारी चंद्रशेखर सिंह, सभी अनुमंडल पदाधिकारी व सहायक अयुक्त मद्य निषेध आदि मौजूद थे।

### डीएम ने मद्य निषेध एवं एनसीओआरडी से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की

सासाराम(रोहतास) : जिलाधिकारी रोहतास उदिता सिंह ने मद्य निषेध एवं एनसीओआरडी की समीक्षा बैठक की। बैठक में डीपीएम जीविका को निदेशित किया गया की ताडी एवंशराब से जुडे व्यक्तियों को अधिक से अधिक सतत जिवकोपार्जन से जोड़े।

पुलिस पदाधिकारी एवं मद्य निषेध पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि छापामारी के संख्या बढायें एवं जहाँ कही भी कच्चे स्प्रिट एवं नकली शराब पाये जाते है वहाँ सख्ती से कार्रवाई की जाय। ताकि किसी भी प्रकार की जहरीली शराब काण्ड नहीं हो सके।

वाहन के अधीहरण एवं निलामी में तेजी लाने का भी निदेश दिया गया। साथ ही स्प्रिट वाले केशो में सजा दिलाने का निदेश विशेष लोक अभियोजक को दिया गया। इसके साथ हीं एनसीओआरडी की बैठक की गई।

# काराकाट नप ईओ ने किया छठ घाट का निरीक्षण




प्रातः किरण संवाददात

काराकाट(रोहतास) : काराकाट नगर पंचायत काराकाट में बुधवार को छह छठ घाटों का निरीक्षण नगर इओ सीमाब मतीन के नेतृत्व में किया गया । नगर पंचायत के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि मुन्ना भारती, उपमुख्य पार्षद रवीश रंजन के साथ बारह वार्ड पार्षदों के साथ छठ घाटों का निरीक्षण किया गया ।ईओ ने बताया कि नगर पंचायत में छह छठ घाट है । सबसे बड़ा छठ घाट गोड़ारी में सकला रजवाहा के तट पर है ।गोड़ारी पुल के उत्तर व दक्षिण में करीब दो किमी तक छठ व्रती पूजा पाठ करते है । बताया कि तेनुआ में नया छठ घाट बना है इसके साथ करूप, चिल्हा, बाद, नाद में छठ घाट है ।नगर स्वच्छ्ता पदाधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि नगर के सभी छठ घाटों पर साफ सफाई , रौशनी, गोताखोर, सुरक्षा व्यवस्था , मेडिकल टीम , बैरिकेटिंग की सुविधा, की व्यवस्था की जाएगी । उपचेयरमैन रविश रंजन ने बताया कि छठ व्रतियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो इसके लिए हर प्रकार की सुविधा मुहैया कराया जाएगा । नगर के छह छठ घाटों पर पहुंच निरीक्षण के साथ कई दिशा निर्देश दिया गया । जेसीबी से सतह समतल करने, सभी घाटों से गाद हटाने के साथ दीपावली के पूर्व निर्देशित किया गया है। महिलाओं के लिए विशेष रूप से सुरक्षा व कपड़ा बदलने के लिए चेंजिंग रूम बनाया जायेगा । मौके पर वार्ड पार्षद संतोष तिवारी , विनोद कुमार, पिंटू कुमार, विपिन कुमार , संजय राम, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि संतोष यादव, विनेश कांत तिवारी, अजय कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह सहित नगर के कई सामाजिक कार्यकर्ता थे ।

### उद्योग विभाग के महाप्रबंधक ने उद्योग विभाग की योजनाओं के बारे में दी विस्तृत जानकारी



स्थान । रोहतास (बिहार)। केंद्र और बिहार सरकार द्वारा उद्योग विभाग के माध्यम से चलाई जा रही विभिन्न तरह की योजनाओं की जानकारी रोहतास जिला मुख्यालय सासाराम में उद्योग विभाग के महाप्रबंधक ने विस्तृत जानकारी दी। एवं जिले में अधिक से अधिक लाभुकों को इन सभी योजनाओं का लाभ लेने की अपील भी की। उन्होंने बताया कि बिहार में मुख्यमंत्री उद्यमी योजना एवं बिहार लघु उद्यमी योजना सरकार द्वारा चलाई जा रही है जिसमें मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत 10 लाख रुपए तक का ऋण लाभुकों को दिया जाता है जिसमें 50% सरकार द्वारा सब्सिडी दी जाती है एवं शेष बचे 50% राशि को 84 किस्तों में बिना किसी ब्याज के लौटना पड़ता है। इसमें युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत आने वाले लाभुकों को मात्र 01 प्रतिशत का ब्याज देना होता है। बाकी एससी-एसटी उद्यमी योजना, महिला उद्यमी योजना, अल्पसंख्यक उधमी योजना, सहित अन्य योजनाओं के लाभुकों को बिना किसी ब्याज के ही राशि लौटानी पड़ती है। उन्होंने कहा कि उद्योग विभाग के द्वारा इस योजना को ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से लक्की ड्रॉ किया जाता है जिसमें पूरी पारदर्शिता बरती जाती है। वही बिहार लघु उद्यमी योजना के अंतर्गत लाभुकों को 2 लाख का ऋण दिया जाता है जिसे वापस नहीं करना पड़ता है। इसलिए रोहतास जिले के युवाओं महिलाओं से आग्रह है कि रोजगार की ओर बढ़ते हुए उद्योग विभाग द्वारा चलाई जा रही इन सभी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ ले और अपने और अपने परिवार को रोजगार के माध्यम से आर्थिक रूप से मजबूत बनाये।



# एनिमल निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा ने प्रभास की स्पिरिट पर दिया बड़ा अपडेट

एनिमल की आपार सफलता के बाद, निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा अपनी आगामी फिल्म स्पिरिट पर काम कर रहे हैं। फिल्म के बारे में सोशल मीजिया पर काफी चर्चा है क्योंकि इस फिल्म में प्रभास मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म कल्कि 2898 एडी की सफलता के बाद प्रभास की फैन फॉलोइंग में भी इजाफा हुआ है। फिल्म स्पिरिट अभी भी प्री-प्रोडक्शन स्टेज में है। स्पिरिट से जुड़ी हर जानकारी पर प्रशंसकों की नजर रहती है। हाल ही में मीडिया के दौरान वांगा ने स्पिरिट की कहानी को लेकर बड़ा खुलासा किया है। तेलुगु फिल्म पोटेल के प्री-रिलीज इवेंट में उपस्थित हुए संदीप रेड्डी वांगा ने स्पिरिट के बारे में खुलकर बात की। निर्देशक से फिल्म स्पिरिट के बारे में खुलासा करने के लिए कहा गया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वांगा ने एक चॉकबोर्ड लिया और उस पर चॉक से पुलिस स्टोरी लिखा। इवेंट के होस्ट ने इसे जोर से पढ़ा और भीड़ ने जमकर इसकी प्रशंसा की। इस घोषणा के बाद, प्रशंसक प्रभास को स्पिरिट में पुलिस की वर्दी पहने हुए देखने की उम्मीद कर सकते हैं। इवेंट का वीडियो एक्स पर वायरल हो रहा है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वांगा ने खुलासा किया कि स्पिरिट को 300 करोड़ रुपये के बजट पर शूट किया जाएगा। निर्देशक को यह भी भरोसा था कि फिल्म अपनी रिलीज के पहले दिन 150 करोड़ रुपये कमा लेगी। वांगा ने कहा, प्रभास और मेरे संयोजन के साथ-साथ सैटेलाइट और डिजिटल अधिकारों के साथ, हम अपना बजट वसूल कर लेंगे। अगर टीजर, ट्रेलर और गानों के साथ सब कुछ ठीक रहा तो दर्शकों का ध्यान खींचने के लिए हम जो कुछ भी करते हैं, उससे पहले दिन 150 करोड़ रुपये कमा ही लेगी। वंगा ने अब तक सिर्फ तीन फिल्में निर्देशित की हैं, जिनमें अर्जुन रेड्डी, कबीर सिंह और एनिमल शामिल हैं। इन तीनों ही फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई की थी। स्पिरिट की घोषणा 2021 में की गई थी, जब टी-सीरीज ने अपने सोशल मीडिया पर फिल्म का पहला पोस्टर साझा किया था। यह फिल्म प्रभास के करियर की 25वीं फिल्म होगी। इसे भूषण कुमार द्वारा प्रोड्यूस किया जाएगा। वंगा ने प्रभास के अलावा फिल्म के बाकी कलाकारों के बारे में अभी तक कोई घोषणा नहीं की है।



# जवान और पठान से स्त्री 2 की तुलना पर बोलीं श्रद्धा कपूर

बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने अपनी फिल्म स्त्री 2 की सक्सेस पर बात की है। अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने शाहरुख खान की फिल्म पठान और जवान से ज्यादा कलेक्शन किया है। शाहरुख खान की फिल्म से भी ज्यादा कलेक्शन करने पर श्रद्धा कपूर ने कुछ बातें कही हैं। श्रद्धा फिल्म की सक्सेस से बहुत उत्साहित हैं। वह फिल्म का हिस्सा होने पर गर्व महसूस करती हैं।

## शाहरुख खान को लेकर कही ये बात

एनडीटीवी के एक कार्यक्रम के दौरान श्रद्धा कपूर ने जवान और पठान के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के साथ स्त्री 2 को कंपेयर करते हुए कहा है। श्रद्धा ने कहा, मेरे पास सिनेमा की दुनिया के बहुत ही अच्छा नेतृत्व करने वाला इंसान है। शाहरुख खान, जिनकी मैं बहुत बड़ी प्रशंसक रही हूं इसलिए हम जहां से आते हैं, उन चीजों को अपने साथ रखते हैं।

प्रशंसकों का बहुत सारा प्यार मिला

श्रद्धा कपूर ने स्त्री 2 को लेकर कहा कि सच में फिल्म का हिस्सा बनकर वह बहुत खुश महसूस कर रही हैं। श्रद्धा ने कहा कि स्त्री 2 की सक्सेस को जो प्यार फिल्म को प्रशंसकों से मिला है, उसे प्यार पाकर मैं बहुत अभिभूत हूं। फिल्म की सक्सेस को लेकर उन्होंने अपनी खुशी जाहिर की है।

## फिल्म की सक्सेस बॉलीवुड की ग्रोथ को दर्शाती है

श्रद्धा ने कहा फिल्मों की आपस में तुलना करना बहुत ही आसान है। कोई भी बॉलीवुड फिल्म जब अच्छा करती है तो ये हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के लिए अच्छा माना जाता है। इसका मतलब किसी फिल्म को नीचा दिखाना नहीं बल्कि बॉलीवुड की सफलता को दिखाना होता है।

# 40 लोगों के साथ वॉर 2 का एक्शन सीक्वेंस शूट करेंगे जूनियर एनटीआर?

ऋतिक रोशन, कियारा आडवाणी और जूनियर एनटीआर अयान मुखर्जी की वॉर 2 में स्क्रीन पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। फिल्म को लेकर उत्सुकता अभी से बढ़ रही है, वहीं यह पता चला है कि तेलुगु स्टार जूनियर एनटीआर आज यानी 22 अक्टूबर को मुंबई में 40 लोगों की भीड़ के साथ फिल्म के एक महत्वपूर्ण एक्शन सीन की शूटिंग कर रहे हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, जूनियर एनटीआर आज यानी 22 अक्तूबर, 2024 से एक प्रमुख एक्शन सेट-पीस की शूटिंग के लिए पूरी तरह तैयार हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो, यह फिल्म के जरूरी सीन्स में से एक होगा, जो जूनियर एनटीआर को फिल्म में खलनायक के रूप में स्थापित करेगा। यह एक्शन सीक्वेंस अंधेरी के यशराज स्टूडियो में शूट किया जाएगा।

## तीन दिनों तक चलेगी शूटिंग

एक सूत्र ने बताया, अयान चाहते थे कि जूनियर एनटीआर का सोलो सीन इस तरह से डिजाइन किया जाए कि यह किरदार की असली ताकत को बाहर लेकर आए। एक्शन कोरियोग्राफर ने एक ऐसे सीन की योजना बनाई है, जिसमें जूनियर एनटीआर 40 लोगों के गिरोह से भिड़ते हुए दिखाई देंगे। टीम ने स्टूडियो के अंदर सेट पर सुबह-सुबह शूटिंग शुरू कर दी और अगले तीन दिनों तक यहीं शूटिंग करेगी।

## ऋतिक रोशन के साथ भी शूट होगा सीन

खबरों की मानें तो, ऋतिक रोशन इस सप्ताह के अंत में टीम में शामिल होंगे और निर्देशक दोनों सितारों के साथ एक और एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग करेंगे। बता दें कि कुछ दिन पहले ही जूनियर एनटीआर को मुंबई आते हुए देखा गया था। पैपराजी के शेयर किए गए वीडियो में, पैन-इंडियन स्टार ने दूर से ही कैमरे को हाथ हिलाकर इशारा किया और जाने से पहले अपनी तस्वीरें क्लिक कराईं। अभिनेता ने विनम्रतापूर्वक मीडिया को इशारा किया कि उन्हें देर हो रही है और कार्यक्रम स्थल से बाहर निकल गए।





# ऋतिक रोशन ने खुद हमेशा बताया स्ट्रगलर, सोनाली कुलकर्णी ने बांधे अभिनेता की तारीफों के पुल



जूनियर एनटीआर और ऋतिक रोशन की एक्शन ड्रामा फिल्म वॉर 2 की शूटिंग लगातार जारी है। फिल्म से जुड़ी कोई न कोई जानकारी सामने आती रहती हैं। अब हाल ही में, सोनाली कुलकर्णी ने अभिनेता की तारीफ की है और बताया है कि ऋतिक रोशन ने खुद को राकेश रोशन का बेटा और एक स्ट्रगलर बताया था। आइए जानते हैं कि अभिनेत्री ने और क्या कहा है। हाल ही में एक इंटरव्यू में, सोनाली कुलकर्णी ने 2000 में विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म में ऋतिक के साथ काम किया था। अभिनेत्री ने ऋतिक के साथ काम करने के अपने अनुभव को याद किया, जब वे फिल्म इंडस्ट्री में नए थे। सोनाली ने बताया कि उस समय उनकी उम्र सिर्फ 25 साल थी और उन्हें इस बात का बिल्कुल भी अहसास नहीं था कि वे स्क्रीन पर उनकी पालक मां का किरदार निभाने जा रही थीं।

बातचीत में सोनाली से पूछा गया कि क्या उन्हें स्क्रीन पर ऋतिक की मां की भूमिका निभाने में कोई हिचकिचाहट थी और अभिनेत्री ने कहा कि वह स्क्रीन पर संजय दत्त की पत्नी की भूमिका निभाने को लेकर ज्यादा चिंतित थीं क्योंकि उनका मानना था कि वह बहुत छोटी हैं। अभिनेत्री ने आगे ऋतिक की मां नीलिमा की भूमिका निभाने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, मुझे कोई परेशानी नहीं हुई क्योंकि मुझे हमेशा लगता था कि मैं अभिनय करना चाहती हूं। मैं कोई और बनना चाहती थी।

सोनाली कुलकर्णी ने बताया कि उन्हें विधु विनोद चोपड़ा के दफ्तर से फोन आया और बताया गया कि यह संजय दत्त की पत्नी के लिए ऑडिशन था, जिससे वह चिंतित हो गईं। मुझे लगा कि वे मुझे कास्ट नहीं करेंगे क्योंकि संजय दत्त बहुत लंबे हैं। मेरे दिमाग में उनकी लंबाई 7 फीट थी, मैं उनकी स्क्रीन प्रेजेंस के बारे में सोच रही थी। मुझे लगा कि वे मुझे रिजेक्ट कर देंगे। इसके बाद उन्होंने ऑडिशन के दिन ऋतिक से हुई मुलाकात को याद करते हुए कहा, मैं ऑडिशन के दिन ऋतिक से मिली थी। उन्होंने कहा, हाय, मैं ऋतिक रोशन हूं , राकेश रोशन का बेटा। मैं एक स्ट्रगलर हूं। उन्होंने अपनी पहली फिल्म कहो ना प्यार है पर काम करना शुरू ही किया था। मैंने कहा, हाय, मैं सोनाली कुलकर्णी हूं, बीजी कुलकर्णी की बेटी। मैं भी एक स्ट्रगलर हूं। हमने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं।

# अर्शी खान ने लगाए खेसारी लाल यादव पर गंभीर आरोप



अभिनेत्री अर्शी खान और भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल यादव ने एक साथ बॉलीवुड फिल्म अंदाज के भोजपुरी रीमेक में काम किया था। अब उन्होंने कहा है कि वो इस फिल्म में उनके साथ काम करके खुश नहीं हैं। कई मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अभिनेत्री ने खेसारी लाल यादव के साथ काम करने को एक बड़ी गलती करार दिया है। उन्होंने अभिनेता पर फिल्म के पोस्टर से उन्हें हटाने का भी आरोप लगाया है। हालांकि, अभिनेत्री ने शुरु में अभिनेता संग काम करने को लेकर खुशी जाहिर की थी, लेकिन अब उन्होंने खुलासा किया है कि उनका अनुभव बहुत अच्छा नहीं रहा है।

रिपोर्ट के मुताबिक, अभिनेत्री ने कहा कि उन्होंने फिल्म से जुड़ी सभी पेशेवर प्रतिबद्धताएं पूरी कीं, लेकिन अभिनेता के साथ काम करने के दौरान उन्हें धोखा और अहसहज महसूस हुआ। फिल्म में अभिनेता के साथ अहम भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री ने दावा किया कि खेसारी फिल्म का प्रचार करने में विफल रहे और पोस्टर से उनका चेहरा हटा दिया। अर्शी ने आगे कहा कि उनका दिल अन्य अभिनेत्रियों की तरह दुखी है, जो इस फिल्म उद्योग में इस तरह की स्थिति का सामना करती हैं। अभिनेत्री ने आगे कहा वो उन महिला अभिनेत्रियों के लिए काफी बुरा महसूस करती हैं। उन्होंने कहा, मैं उनके लिए असहाय महसूस करती हूं, जो ऐसे सख्त और गलत व्यवहार से पीड़ित हैं और उन्हें बोलने के लिए कोई मंच नहीं है।

अभिनेत्री की इन आरोपों ने भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में एक नए विवाद को हवा दिया है। हालांकि, खेसारी लाल यादव ने अब तक अर्शी के आरोपों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। बताते चलें कि हाल में खेसारी लाल यादव पर अभिनेत्री काजल राघवानी ने भी गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि वो और अभिनेता पांच साल से प्रेम संबंध में थे। इस दौरान अभिनेता ने उनसे शादी करने का वादा भी किया था, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया और दोनों का ब्रेकअप हो गया।

**अक्सर अपने बयानों से चर्चा में रही हैं अर्शी खान**

अर्शी काफी विवादित शख्सियत रही हैं। वो अक्सर अपने बयानों की वजह से चर्चा में रही हैं। उन्हें सलमान खान की मेजबानी वाले विवादित रियलिटी शो बिग बॉस 11 से पहचान मिली थी। इस शो के बाद से उन्हें काफी लोकप्रियता मिली। इसके बाद वो शो के 4वें सीजन में भी नजर आईं। शो में उनके,राखी सावंत और विकास गुप्ता के साथ झगड़ों ने दर्शकों का काफी मनोरंजन किया था।



# रामायण को लेकर यश ने तोड़ी चुप्पी, बतौर अभिनेता रावण के किरदार को बताया आकर्षक

**नितेश तिवारी की बहुप्रतीक्षित फिल्म रामायण को लेकर फैंस के बीच काफी उत्साह है। हालांकि, फिल्म में कलाकारों के द्वारा इसे लेकर आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। इस बीच अब कन्नड़ सुपरस्टार यश ने फिल्म में रावण के किरदार को निभाने की पुष्टि की है।**

नितेश तिवारी की रामायण एक बहुचर्चित और बहुप्रतीक्षित फिल्म है, जिसे लेकर लगातार खबरें सामने आती रहती हैं। फिल्म की घोषणा के बाद से ही इसे लेकर कई तरह की जानकारियां सामने आने लगीं थीं, लेकिन फिल्म के कलाकारों के द्वारा कई मौकों पर आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई। कन्नड़ फिल्मों के सुपरस्टार यश के इस फिल्म में रावण की भूमिका निभाने की खबरें लंबे अरसे से सामने आ रही हैं, लेकिन यश ने कभी अपने किरदार की पुष्टि नहीं की थी। हालांकि, अब आखिरकार उन्होंने अपनी चुप्पी तोड़ी है और पुष्टि की है कि वो फिल्म में रावण का किरदार निभाने वाले हैं।

## यश ने रामायण को लेकर तोड़ी चुप्पी

हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया के साथ एक इंटरव्यू में यश ने इसे लेकर बात की है। अभिनेता ने कहा कि वह इस कहानी में रावण के अलावा कोई और किरदार नहीं निभाएंगे। अभिनेता ने आगे कहा कि वह डीएनईजी और प्राइम फोकस के नमित मल्होत्रा से बात कर रहे थे, जब पहली बार उन्हें रामायण के बारे में जानकारी मिली। कन्नड़ सुपरस्टार ने कहा कि वो नमित के जुनून और इसे लेकर उनकी सोच से प्रभावित हुए थे। अभिनेता के मुताबिक, नमित ने उनसे पूछा कि क्या वह रावण की भूमिका के लिए फिल्म का हिस्सा बनना चाहेंगे? इस पर अभिनेता ने उन्हें जवाब दिया था कि अगर किरदार को किरदार की तरह ही दिखाया जाए, अगर ऐसा नहीं होता है, तो यह फिल्म नहीं बनेगी।

## यश को बतौर अभिनेता आकर्षित करता है रावण का किरदार

यश ने आगे बताते हुए कहा, इस तरह के बजट वाली फिल्म बनाने के लिए, आपको ऐसे अभिनेताओं की जरूरत होती है, जो एक साथ आकर प्रोजेक्ट पर काम करें। यह आपके और आपके स्टारडम से परे होना चाहिए। अभिनेता ने कहा कि इस पर बातचीत आगे बढ़ी और उन्होंने फिल्म का सह-निर्माण करने का भी फैसला किया। यश ने रावण के किरदार को लेकर कहा, यह एक बहुत ही आकर्षक किरदार है। मैं इसे किसी और कारण से नहीं करता। रामायण में, अगर आपने मुझसे पूछा होता, 'क्या आप कोई और किरदार निभाएंगे?' तो मैं कहता शायद नहीं।

अभिनेता ने आगे बताया कि उनके लिए रावण एक अभिनेता के रूप में निभाने के लिए सबसे रोमांचक किरदार है। इसकी वजह है कि उन्हें इस किरदार के अलग-अलग रंग और बारीकियां पसंद हैं। अभिनेता ने कहा कि इसे बहुत अलग तरीके से पेश करने की बहुत गुंजाइश है। एक अभिनेता के रूप में वो इस फिल्म को लेकर बहुत उत्साहित हैं। अभिनेता ने उम्मीद जताते हुए कहा कि उन्हें लगता है कि ये फिल्म काफी अनूठी होगी। बताते चलें कि इस साल की शुरुआत में फिल्म के सेट से एक लीक हुई तस्वीर सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुई थीं, जिसमें रणबीर और साई अपने-अपने किरदार राम और सीता के वेशभूषा में दिखे थे। हालांकि, फिल्म की टीम ने अभी तक इसे लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है।




# कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स खत्म कर सकती है मोदी सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर लगने वाले अप्रत्याशित लाभ टैक्स को खत्म करने पर विचार कर रही। जिसको लेकर बातें तेज हो गई है। इस मामले मेंप्रधानमंत्री के सलाहकार तरुण कपूर ने बुधवार को कहा कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें 2022 के मुकाबले तेजी से घटी हैं।इसलिए अब कच्चे




तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर लगाने का कोईमतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्रालय इस पर विचार करेगा।देश में अप्रत्याशित लाभ कर पहली बार जुलाई 2022 में लगाया गया था।उस समय दुनियाभर में कच्चे तेल की कीमतें आसमान छू रही थीं।

**2022 में पहली बार लगाया था कर-** तरुण कपूर ने कहा कि मुझे लगता है कि पेट्रोलियम मंत्रालय ने अप्रत्याशित लाभ कर को समाप्त करने के लिएपहले ही वित्त मंत्रालय को पत्र लिख दिया है।अब फैसला वित्त मंत्रालय को लेना है। बता दें कि बुधवार को वैश्विक बाजार में ब्रेंट क्रूड 1.5 फीसदी सस्ता होकर 74.90 डॉलर प्रति बैरल रहा।

# वारी एनर्जीज में जमकर निवेशकों ने लुटाया प्यार

**मुंबई, एजेंसी।** सोलर मॉड्यूल बनाने वाली मुंबई की कंपनी वारी एनर्जीज के आईपीओ पर इनवेस्टर्स ने जबदरस्त प्यार लुटाया है। इसे 76 गुना से भी ज्यादा ओवरसब्सक्रिप्शन मिला है। आज यानी गुरुवार, 24 अक्टूबर को इसके अलॉटमेंट को अंतिम रूप दिए जाना हे। जिन आवदेकों को शेयर अलॉट हुआ है, उन्हें




कल यानी शुक्रवार तक अलर्ट मैसेज या ईमेल मिल जाने की संभावना है। इसके शेयर अगले सोमवार यानी 28 अक्टूबर को लिस्ट हो सकते हैं। हम यहां बता रहे हैं अलॉटमेंट स्टेटस जानने का तरीका। वारी एनर्जीज का आईपीओ 21 अक्टूबर से 23 अक्टूबर के बीच बोली के लिए खुला था। इसने नौ शेयरों के लॉट साइज के साथ 1,427-1,503 रुपये प्रति शेयर के तय प्राइस बैंड में अपने शेयर पेश किए थे। कंपनी ने अपने आईपीओ से कुल 4,321.44 करोड़ रुपये जुटाए, जिसमें 3,600 करोड़ रुपये की नई शेयर बिक्री और 48 लाख इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश (ओएफएस) शामिल है।

**कितना गुना हुआ है ओवरसब्सक्राइब-** योग्य संस्थागत बोलीदाताओं (क्यूआईबी) की मजबूत रुचि के कारण इस आईपीओ को कुल मिलाकर 76.34 गुना सब्सक्राइब किया गया है। क्यूआईबी का कोटा तो शानदार 208.63 गुना बुक किया गया था। गैर-संस्थागत निवेशकों (एनआईआई) के लिए आवंटन 62.49 गुना बुक किया गया था। बोली प्रक्रिया के दौरान खुदरा निवेशकों और कर्मचारियों के हिस्से क्रमशः 10.79 गुना और 5.17 गुना सब्सक्राइब हुए। निवेश वारी एनर्जीज के आईपीओ की ग्रे मार्केट में शुरू से ही अच्छी डिमांड है।

# मुकेश अंबानी की भारत डील चढ़ गई परवान तो बड़े-बड़ों का बंध जाएगा बोरिया बिस्तर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुखिया मुकेश अंबानी अब देश के आम आदमी को सस्ता खाना खिलाने की तैयारी में हैं। सरकार के साथ मिलकर रिलायंस रिटेल भारत ब्रांड के आटा, चावल और दाल जैसी जरूरी चीजें कम कीमत पर बेच सकती है। इससे महंगाई पर काबू पाने में मदद मिलेगी। अगर डील परवान चढ़ती है तो यह अंबानी के रिटेल कारोबार के लिए भी बड़े फायदे का सौदा होगा।

रिलायंस रिटेल देश की सबसे बड़ी रिटेल चेन है। अब वो सरकार के साथ मिलकर भारत ब्रांड के जरिए गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों तक सस्ता राशन पहुंचाने का काम करेगी। हालांकि, यह तभी संभव होगा जब डील फाइनल होगी। इससे रिलायंस को करोड़ों नए ग्राहक मिलेंगे। वो अपने दूसरे सस्ते उत्पाद भी उन्हें बेच सकेगी।

भारत ब्रांड को सरकार ने इसी साल की शुरुआत में लॉन्च किया था। इसके तहत आटा, चावल और दाल जैसी चीजें बाजार भाव से काफी कम दाम पर बेची जाती हैं।




सरकार ने ये कदम बढ़ती महंगाई से आम आदमी को राहत देने के लिए उठाया था। अभी भारत ब्रांड के उत्पाद सरकारी संस्थाओं जैसे एनसीसीएफ और एनएएफइडी के जरिए बेचे जाते हैं। लेकिन, रिलायंस के विशाल नेटवर्क से जुड़ने के बाद इनकी पहुंच और बढ़ेगी। रिलायंस रिटेल के देशभर में 19,000 स्टोर हैं। वो ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जियो मार्ट के जरिए भी सामान बेचती है।

**सरकार और रलियांस दोनों को फायदा-** इस डील से सरकार और रिलायंस दोनों को फायदा होगा। सरकार को भारत ब्रांड के उत्पादों की पहुंच बढ़ाने में मदद मिलेगी। वहीं, रिलायंस को करोड़ों नए ग्राहक मिलेंगे। रिलायंस रिटेल की डायरेक्टर ईशा अंबानी ने अगस्त में कंपनी की सालाना आम बैठक में कहा था कि कंपनी का फोकस छोटे शहरों पर है, जहां उसके दो-तिहाई नए स्टोर खुल रहे हैं। मुकेश अंबानी ने पहले भी टेलीकॉम सेक्टर में रिलायंस जियो के जरिए क्रांति ला दी थी। सस्ते डेटा और हैंडसेट के दम पर जियो बहुत जल्दी भारत की सबसे बड़ी टेलीकॉम कंपनी बन गई। अब अंबानी रिटेल और स्वस्थ्त सेक्टर में भी यही रणनीति अपना रहे हैं। रिलायंस रिटेल पहले ही स्टोर्स की संख्या के मामले में दुनिया के टॉप 5 रिटेलर्स में शामिल हो चुका है।

## एफएमसीजी सेक्टर में बढ़ेगी हलचल

यह डील रिलायंस की भारत रणनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसका उद्देश्य देश के ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में रहने वाले करोड़ों उपभोक्ताओं को लक्षित करना है। अंबानी जानते हैं कि भारत, यानी ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्र, शहरी क्षेत्रों की तुलना में बहुत बड़ा है। इसलिए उनकी प्रमुख रणनीति कम कीमतों पर उत्पाद बेचकर तेजी से और नए क्षेत्रों में विस्तार करना है। उन्होंने टेलीकॉम और स्वस्थ्त व्यवसाय में इस रणनीति को सफलतापूर्वक लागू किया है, जहां उन्होंने हिंदुस्तान यूनिलीवर जैसी बड़ी कंपनियों को टक्कर देने के लिए साबुन और डिटर्जेंट कम कीमतों पर बेचे हैं। इसी तरह भारत ब्रांड के सब्सिडी वाले खाद्य पदार्थों जैसे आटा, चावल और दालों को बेचना भले ही कम मार्जिन वाला व्यवसाय हो। लेकिन, इससे रिलायंस के दायरे में करोड़ों उभरते हुए उपभोक्ता जुड़ेंगे। इन्हें अंबानी अपने कई अन्य कम कीमत वाले उत्पाद बेच सकते हैं।

# च्वाइस फिनसर्व ने पैसाबडी और श्योरवर्थ के रिटेल लैंडिंग बिजनेस का अधिग्रहण करने की घोषणा की

## एयूएम में होगी 75 प्रतिशत की वृद्धि

**मुंबई, एजेंसी।** च्वाइस इंटरनेशनल लिमिटेड की एनबीएफसी शाखा च्वाइस फिनसर्व प्राइवेट लिमिटेड ने आज पैसाबडी फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड और श्योरवर्थ फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के रिटेल लैंडिंग बिजनेसह्य के अधिग्रहण की घोषणा की। इस रणनीतिक कदम के बाद च्वाइस फिनसर्व की रिटेल लोन सेगमेंट में मौजूदगी के साथ-साथ इसके प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियों (एयूएम) का भी काफी विस्तार होगा। ये अधिग्रहण एक स्लंप सेल ट्रांजेक्शन के तहत किए जाएंगे जो



आवश्यक मंजूरी के अधीन होंगे। इस अधिग्रहण में जयपुर मुख्यालय वाली दोनों कंपनियों के रिटेल लोन पोर्टफोलियो, टीम का आकार, संचालन और इन्फ्रास्ट्रक्चर शामिल है। राजस्थान, गुजरात और मध्य प्रदेश (एमपी) में एक स्थापित एमएसएमई ऋणदाता, पैसबडी फाइनेंस, 278.54 करोड़ एयूएम का पोर्टफोलियो लाएगा, जबकि एमएसएमई ऋण और किफायती आवास ऋण में विशेषज्ञता रखने वाली श्योरवर्थ फाइनेंशियल सर्विसेज, च्वाइस फिनसर्व में 65.38 करोड़ एयूएम जोड़ती है।

# सदगुरु को मिला सीआईएफ ग्लोबल इंडियन अवार्ड

**नई दिल्ली।** कनाडा इंडिया फाउंडेशन ने वर्ष 2024 के लिए दिए जाने वाले प्रतिष्ठित ग्लोबल इंडियन अवार्ड की घोषणा कर दी है। इस बार यह अवार्ड ईशा फाउंडेशन के संस्थापक सद्गुरु को दिया जाएगा। सदगुरु पुरस्कार स्वरूप मिलने वाली 50 हजार कनाडाई डॉलर की धनराशि 'कावेरी कॉलिंग संस्था' को देंगे। यह संस्था भारत में नदियों को पुनर्जीवित करने के लिए कार्य करती है। कनाडा इंडिया फाउंडेशन द्वारा यह सम्मान भारतीय मूल के उन व्यक्तियों को दिया जाता है, जिन्होंने वैश्विक स्तर पर अपना गहरा प्रभाव छोड़ा है।

# डिजिटल इंडिया फाउंडेशन ने कहा, भारतीय ऑनलाइन गेमिंग और डिजिटल इकोनॉमी के लिए बड़ा खतरा है मनी लॉन्ड्रिंग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** तेजी से बढ़ता भारतीय ऑनलाइन गेमिंग सेक्टर मनी लॉन्ड्रिंग के कारण बड़े खतरे का सामना कर रहा है। इसलिए इस सेक्टर की सफलता सुनिश्चित करने और भारत की डिजिटल इकोनॉमी की रक्षा करने के लिए तत्काल एवं निर्णायक कदम उठाने की जरूरत है। डिजिटल इंडिया फाउंडेशन की तरफ से आज जारी की गई एक रिपोर्ट में यह बात सामने आई। डिजिटल इंडिया फाउंडेशन (डीआईएफ) एक गैर लाभकारी थिंक टैंक है, जो डिजिटल समावेश और विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है। इस दिशा में उठाए जाने वाले जरूरी कदमों में अवैध ऑपरेटर्स के लिए एक समर्पित टास्क फोर्स का गठन और वैध ऑपरेटर्स की सूची जारी करने जैसे कदम शामिल हैं। इसके अलावा भ्रामक विज्ञापनों पर नियंत्रण, वित्तीय अखंडता के सिद्धांतों को अपनाने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सहयोग जैसे कदम भी जरूरी हैं। ऑनलाइन गेमिंग इकोसिस्टम में मनी लॉन्ड्रिंग से मुकाबला' शीर्षक से जारी रिपोर्ट में विशेषज्ञों, हितधारकों, उच्च सरकारी अधिकारियों, वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों और गेमिंग, सार्वजनिक नीति, साइबर सुरक्षा व जांच एवं आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के विशेषज्ञों से गहन विमर्श किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का तेजी से बढ़ता हुआ रियल मनी गेमिंग (आरएमजी) सेक्टर वित्त वर्ष 2022-23 में 28 प्रतिशत सीएजीआर के साथ वैश्विक बाजार में महत्वपूर्ण सेक्टर के रूप में सामने आया है।

# बैतूल में मक्का के किसानों ने खोजे अधिक उपज के लिए प्रभावी तरीके

**बैतूल।** मध्य प्रदेश पारंपरिक रूप से मक्का उगाने वाला क्षेत्र है और भारत का दूसरा सबसे बड़ा मक्का उत्पादक राज्य है, जो देश के कुल मक्का उत्पादन में लगभग 15त्न योगदान देता है। मक्का भारत के खाद्य और पशु आहार उद्योगों के लिए एक महत्वपूर्ण फसल है, जिससे देशभर के किसानों में इसे उगाने के प्रति बड़ी रुचि पैदा करता है। इसका उपयोग, एक मुख्य खाद्य पदार्थ से लेकर पशु आहार और औद्योगिक उत्पादों में एक महत्वपूर्ण घटक के रूप में है, इसलिए यह किसानों के लिए अत्यधिक मूल्यवान है। एग्रोस्टार, उच्च गुणवत्ता वाले कृषि प्रोडक्ट्स और कृषि सलाह प्रदान करने के लिए जानी जाने वाली कंपनी है।

# फ्लिपकार्ट और उत्तर प्रदेश के ओडीओपी विभाग ने एसएचजी और सूक्ष्म उद्यमियों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के घरेलू ईकॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने आज उत्तर प्रदेश सरकार के एक जिला-एक उत्पाद (ओडीओपी) विभाग के साथ मिलकर ओरिएंटेशन वर्कशॉप का आयोजन किया। स्थानीय कारीगरों एवं शिल्पकारों को सशक्त करने और उन्हें अपने ऑनलाइन कारोबार के विकास को गति देने के लिए फ्लिपकार्ट मार्केटप्लेस की संभावनाओं का लाभ उठाने में सक्षम बनाने के उद्देश्य से इस कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान ओडीओपी विभाग के अधिकारियों और फ्लिपकार्ट के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।



उत्तर प्रदेश सरकार के ओडीओपी विभाग के साथ मिलकर इस वर्कशॉप के आयोजन को लेकर फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर श्री रजनीश कुमार ने कहा, 'देशभर के कारीगरों, एमएसएमई, एसएचजी, महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों और शिल्पकारों को सशक्त करते हुए सामाजिक-आर्थिक विकास को गति देने के लिए फ्लिपकार्ट प्रतिबद्ध है। फ्लिपकार्ट समर्थ जैसी पहल के माध्यम से हमारा लक्ष्य इन समुदायों को डिजिटल इकोनॉमी में आगे बढ़ने के लिए जरूरी टूल्स, संसाधन और राष्ट्रीय बाजार तक पहुंच प्रदान करना है।

# मुद्रास्फीति की एक और लहर का जोखिम नहीं उठा सकता भारत, गवर्नर दास बोले- सही स्थिति का इंतजार करना होगा

**मुंबई , एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि भारत मुद्रास्फीति की एक और लहर का जोखिम नहीं उठा सकता है। वर्तमान में सबसे अच्छा तरीका लचीला रहना होगा। केंद्रीय बैंक के लक्ष्य के साथ मुद्रास्फीति के स्थायी रूप से सही होने की स्थिति का इंतजार करना होगा।

महीने की शुरुआत में हुई मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक का ब्योरा देते हुए, दास ने कहा कि मौद्रिक नीति केवल मूल्य स्थिरता बनाए रखने से ही स्थायी विकास का समर्थन कर सकती है।

**लगातार दसवीं बार एमपीसी ने ब्याज दरों में नहीं किया बदलाव-** मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने बेंचमार्क ब्याज दर को 6.5 फीसदी पर बनाए रखने का फैसला किया है, जो लगातार दसवीं बार है जब एमपीसी ने दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। हालांकि,




समिति ने अपनी स्थिति समायोजन की वापसी से तटस्थ में बदल दी है।

**मुद्रास्फीति और विकास के बीच संतुलन अच्छी तरह स्थापित- दास-** एमपीसी की बैठक के ब्योरे के अनुसार, दास ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था स्थिरता और ताकत की तस्वीर प्रस्तुत करती है, और मुद्रास्फीति और विकास के बीच संतुलन अच्छी तरह से स्थापित है।

उन्होंने कहा, मुद्रास्फीति में निकट अवधि में बढ़ोतरी के बावजूद, साल के अंत में और अगले साल की शुरुआत में हेडलाइन मुद्रास्फीति का दृष्टिकोण 4 प्रतिशत लक्ष्य के साथ आगे बढ़ने की ओर इशारा करता है।

**मुद्रास्फीति स्थायी रूप से लक्ष्य के करीब होने तक प्रतीक्षा और मूल्यांकन जरूरी- देबब्रत-** इसी तरह का विचार आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा ने व्यक्त किया। उन्होंने कहा था कि नीति दर के संदर्भ में नीतिगत संयम को हटाने के लिए क्रमिक प्रतीक्षा और मूल्यांकन दृष्टिकोण तब तक उचित रहेगा जब तक मुद्रास्फीति स्थायी रूप से अपने लक्ष्य के करीब न हो। इसलिए, उन्होंने बैठक में नीतिगत दर पर यथास्थिति बनाए रखने, लेकिन रुख को तटस्थ में बदलने के लिए मतदान किया।

# वित्त वर्ष 2025 में इंडियन गारमेंट एक्सपोर्ट में आएगा उछाल, आईसीआरए ने जारी किया अनुमान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईसीआरए की रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय परिधान निर्यातकों को वित्त वर्ष 2025 में 9-11 प्रतिशत की राजस्व वृद्धि का अनुमान है। यह वृद्धि मुख्य रूप से प्रमुख बाजारों में खुदरा इन्वेंट्री के धीरे-धीरे खत्म होने और जोखिम कम करने की रणनीति के तहत भारत की ओर वैश्विक सोर्सिंग के स्थानांतरण से प्रेरित होगी। वित्त वर्ष 2024 में निर्यात उच्च इन्वेंट्री, धीमी मांग, आपूर्ति श्रृंखला समस्याओं और पड़ोसी देशों से कड़ी प्रतिस्पर्धा के कारण प्रभावित हुआ था। रिपोर्ट बताती है कि दीर्घकालिक दृष्टिकोण अनुकूल है, जिसमें उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन योजना, निर्यात प्रोत्साहन और यूके और ईयू के साथ संभावित मुक्त व्यापार समझौते जैसे सरकारी उपायों का बड़ा



योगदान होगा। अमेरिका और ईयू क्षेत्र, जो 2023 में 9.3 बिलियन के निर्यात का दो-तिहाई हिस्सा रखते हैं, भारतीय परिधान के प्राथमिक गंतव्य बने हुए हैं। वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में, परिधान निर्यात में 9 प्रतिशत की साल-दर-साल वृद्धि हुई। हालांकि, कुछ बाजारों में मांग की अनिश्चितता, भू-राजनीतिक मुद्दे और बढ़ती श्रम लागत जैसी चुनौतियां बनी हुई हैं।

# विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा से मिलीं वित्त मंत्री सीतारमण, एमडीबी सुधारों पर की गई चर्चा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा से अमेरिका के वाशिंगटन में मुलाकात की। इस दौरान बहुपक्षीय विकास बैंकों में सुधार समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई।

सीतारमण और बंगा ने विश्व बैंक और आईएमएफ की वार्षिक बैठकों के दौरान वैश्विक सार्वजनिक वस्तुओं, ऊर्जा सुरक्षा और बहुपक्षीय विकास बैंकों (एमडीबी) में सुधार में निजी पूंजी की भागीदारी से जुड़े मसलों पर विचार-विमर्श किया।

वित्त मंत्री ने कहा कि वह विश्व बैंक की ओर से भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान एमडीबी सुधारों पर आए आईईजी की सिफारिशों से जुड़ी प्रगति की उत्सुकता से प्रतीक्षा कर रही हैं और उन्होंने भविष्य में सिफारिशों के कार्यान्वयन की नियमित निगरानी का भी अनुरोध किया।

2023 भारतीय जी-20 प्रेसीडेंसी के तत्वावधान में नियुक्त स्वतंत्र विशेषज्ञ समूह (आईईजी) ने एमडीबी में सुधारों के ट्रिपल एजेंडे की सिफारिश की।

इस एजेंडे के तीन तत्व हैं - अत्यधिक गरीबी को समाप्त करना, साझा समृद्धि को बढ़ावा देना, तथा 2030 तक वैश्विक सार्वजनिक वस्तुओं के लिए



सतत ऋण स्तर को तीन गुना बढ़ाने में योगदान देना; तथा एक तीसरा वित्तपोषण तंत्र बनाना जो एमडीबी एजेंडे के तत्वों का समर्थन करने के इच्छुक निवेशकों के साथ उद्देश्यपूर्ण ढंग से जुड़ने के लिए लचीली और नवीन व्यवस्था की अनुमति देगा।

# पिज्जा हट में कभी की नौकरी और आज अपने आइडिया से 8 करोड़ साल की कमाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजस्थान के छोटे से कस्बे से दिल्ली आकर पिज्जा हट में काम करने वाले शिजू पप्पन ने आज 8 करोड़ रुपये सालाना कमाई करने वाली कैफे चेन खड़ी कर दी है। 1997 में दिल्ली आए शिजू पप्पन ने पिज्जा हट में सफाई और सर्विस जैसे कई काम किए। उनकी कंपनी द चटपटा अफेयर भारतीय स्ट्रीट फूड को बढ़ावा देती है। इसके अब पूरे भारत में 50 आउटलेट हैं। आइए, यहां शिजू पप्पन की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

**मुश्किलों में बीता बचपन-** शिजू पप्पन की कहानी संघर्ष और दूरदर्शिता का बेहतरीन उदाहरण है। उन्होंने पिज्जा हट में काम करते हुए भारतीय स्ट्रीट फूड की कमी को पहचाना और द चटपटा अफेयर की शुरुआत की। आज उनकी कंपनी 8 करोड़ रुपये सालाना कमाई कर रही है। शिजू पप्पन का बचपन राजस्थान के एक छोटे से कस्बे में बीता। माता-पिता के जल्दी गुजर जाने के कारण उन्हें बचपन से ही बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ा। 1997 में गुजारा चलाने के लिए वह दिल्ली आ गए और पिज्जा हट में काम करने लगे। यहां उन्होंने सफाई से लेकर सर्विस तक कई तरह के काम किए।

**नौकरी में 5000-6000 रुपये मिलते थे-** पप्पन को लगभग एक साल तक हर महीने सिर्फ 5000-6000



रुपये मिलते थे। किराया, बिजली और खाना चलाना मुश्किल होता था। लेकिन, उनके पास जो भी कमाई हो रही थी, उसी में गुजारा करने के अलावा कोई और विकल्प नहीं था। कम तनख्वाह और रोजमर्रा के खर्चों को पूरा करने में आने वाली चुनौतियों के बावजूद पप्पन अडिग रहे। उन्होंने फास्ट-फूड इंडस्ट्री में 20 साल तक काम किया। इस दौरान उन्होंने सदर्न फ्राइड चिकन के सीईओ के रूप में भी काम किया। इतना अनुभव हासिल करने के बाद पप्पन ने अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने का फैसला किया।

## 2020 में रखी अपने बिजनेस की नींव

बाजार पर शोध करके शिजू ने एक बड़ी कमी को पहचाना। वह थी भारतीय स्ट्रीट फूड की कमी। भारतीय स्ट्रीट फूड को बढ़ावा देने के उनके जुनून के कारण ही द चटपटा अफेयर की स्थापना हुई। 2020 में पप्पन ने द चटपटा अफेयर की शुरुआत की। अपने व्यवसाय को मजबूत बनाने के लिए उन्होंने शुरुआत में कम उत्पादों के साथ एक मोबाइल कार्ट का सहारा लिया। धीरे-धीरे पप्पन की कड़ी मेहनत रंग लाई और उनका व्यवसाय तेजी से बढ़ने लगा। आज उनकी कंपनी पूरे देश में 50 स्थानों पर फैल चुकी है। इनमें बेंगलुरु, चेन्नई, गुरुग्राम और हैदराबाद जैसे प्रमुख शहर शामिल हैं। यह कैफे चेन सालाना लगभग 8 करोड़ रुपये की कमाई कर रही है।

## मेनू में 200 डिश

बिहार के प्रसिद्ध लिट्टी चोखा से लेकर उत्तर भारत के लजीज चाट तक पप्पन के द चटपटा अफेयर के मेनू में लगभग 200 व्यंजन हैं। पप्पन का सपना बड़ा है। वह चाहते हैं कि भारतीय स्ट्रीट फूड पिज्जा और बर्गर जैसा लोकप्रिय बने। समोसे और चाट भी बर्गर और पिज्जा जितने ही लोकप्रिय हों। शिजू पप्पन की कहानी उन सभी लोगों के लिए प्रेरणा है जो अपने सपनों को पूरा करना चाहते हैं। उनकी कहानी यह साबित करती है कि कड़ी मेहनत और लगन से कुछ भी हासिल किया जा सकता है।

# महिला हॉकी की पूर्व कप्तान रानी रामपाल ने संन्यास लिया



## 254 मैच में 205 गोल किए, टोक्यो ओलिंपिक के बाद से नहीं खेला मैच

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान रानी रामपाल ने गुरुवार को संन्यास की घोषणा कर दी। इसके साथ ही उनका 16 साल का अंत हो गया । 2008 में 14 साल की उम्र में ओलिंपिक क्वालिफायर में डेब्यू करने वाली रानी ने भारत के लिए अपने 254 मैचों में 205 गोल किए। रानी हरियाणा की रहने वाली हैं। रानी ने प्रेस कांफ्रेंस में रिपोर्टर्स से कहा, ''यह एक शानदार यात्रा रही है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं भारत के लिए इतने लंबे समय तक खेलूंगी। मैंने बचपन से बहुत गरीबी देखी है लेकिन मेरा ध्यान हमेशा देश का प्रतिनिधित्व करने पर था।'' रानी ने मात्र 14 साल की उम्र में भारत के लिए डेब्यू किया था। रानी की कप्तानी में टोक्यो ओलिंपिक 2020 में भारतीय महिला हॉकी टीम ने ऐतिहासिक चौथा स्थान हासिल किया, जो टीम की अब तक की सर्वोच्च ओलिंपिक रैंकिंग है। वहीं इसके अलावा उन्होंने कई प्रमुख जीतों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसमें 2017 महिला एशियाई कप में सिल्वर मेडल और 2018 एशियन गेम्स में सिल्वर मेडल शामिल है।

**पिछले साल जूनियर विमेंस टीम का बनाया गया था कोच –** रानी रामपाल को एक साल पहले विमेंस टीम का कोच नियुक्त किया गया था। तब से ही माना जा रहा है कि उनकी वापसी मुश्किल है। वहीं हॉकी इंडिया के विमेंस लीग में उन्हें सूरमा क्लब ने बतौर मेंटर और हॉकी कोच चुना है।

### कई पुरस्कारों से सम्मानित हो चुकी हैं रानी

रानी को 2016 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। 2020 में उन्हें भारत का सर्वोच्च खेल सम्मान मेजर ध्यानचंद खेल रत्न और चौथा सबसे बड़ा भारतीय राष्ट्रीय सम्मान पद्म श्री मिला। रानी को 2010 महिला हॉकी विश्व कप में टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी और 2013 जूनियर वर्ल्ड कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट नवाजा गया था।

### टोक्यो ओलिंपिक के बाद से टीम से बाहर

टोक्यो ओलिंपिक के बाद से रानी टीम से बाहर चल रही हैं। टोक्यो ओलिंपिक के बाद तत्कालीन कोच श्योर्ड मरीन्ये अपने पद से हट गए थे और उनकी जगह यानेक शॉपमैन ने जिम्मेदारी संभाली थी। ऐसा माना जाता है कि यानेक और रानी के बीच रिश्तों सही नहीं थे। उस दौरान रानी रामपाल चोट से भी जूझ रही थीं। इसी वजह से साल 2022 में गुजरात में हुए राष्ट्रीय खेलों में 6 मुकाबलों में 18 गोल करने के बावजूद उनकी टीम इंडिया में वापसी नहीं हुई।

# अश्विन आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने

### नाथन लियोन का रिकॉर्ड टूटा

**पुणे (एजेंसी)।** भारत के स्टार ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन गुरुवार को पुणे के महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दौरान आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के इतिहास में सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए।



अश्विन ने न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम, सलामी बल्लेबाज विल यंग और बल्लेबाज विल यंग को आउट करने के बाद पहले दिन के शुरुआती सत्र में यह उपलब्धि हासिल की। ??इन तीन विकेटों के साथ अश्विन ने 2019 से 2024 तक के डब्ल्यूटीसी इतिहास में 39 मैचों में 189 विकेट लिए हैं और ऑस्ट्रेलिया के नाथन लियोन को पीछे छोड़ दिया है, जिनके नाम 43 टेस्ट में 187 विकेट थे।

ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस 42 मैचों में 175 विकेट लेकर तीसरे स्थान पर हैं। भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 30 मैचों में 124 विकेट लेकर सातवें स्थान पर हैं। अश्विन ने अब तक 104 मैचों में 24 से कम की औसत से 530 विकेट लिए हैं, जो उन्हें भारत की सर्वकालिक टेस्ट विकेट लेने वाली सूची में दूसरे स्थान पर रखता है। वह केवल महान अनिल कुंबले से पीछे हैं, जिन्होंने 619 विकेट लिए थे। अपनी शानदार गेंदबाजी के अलावा इस ऑलराउंडर ने 26.44 की औसत से 3,438 रन बनाए हैं जिसमें छह शतक और 14 अर्धशतक शामिल हैं।

# भारत-न्यूजीलैंड दूसरे टेस्ट में वाशिंगटन सुंदर की स्पिन में फंसा न्यूजीलैंड

### ● झटके 7 विकेट, अश्विन ने लिए 3 विकेट ● न्यूजीलैंड पहली पारी में 259 रन पर ढेर

**पुणे (एजेंसी)।** भारतीय गेंदबाज वाशिंगटन सुंदर के 7 विकेट की बदौलत भारत ने पहली पारी में न्यूजीलैंड को 259 रन पर ढेर कर दिया है। न्यूजीलैंड की तरफ से डेवोन कॉनवे (76) और रचिन रविंद्र (65) की अर्धशतकीय पारियों के अलावा मिशेल सेंटनर की 33 रन की पारी प्रभावशाली रही। सुंदर के अलावा भारतीय गेंदबाजों में अश्विन ही थे जिन्होंने 3 विकेट झटके जबकि कोई अन्य गेंदबाज विकेट नहीं ले सका।

न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे टेस्ट में भारत के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। न्यूजीलैंड ने अपनी अंतिम एकादश में एक बदलाव करते हुए चोटिल तेज गेंदबाज मैट हेनरी की जगह बाएं हाथ के स्पिनर मिचेल सेंटनर को शामिल किया है। भारत ने अपनी टीम में तीन बदलाव किए। मोहम्मद सिराज, केएल राहुल और कुलदीप यादव की जगह एकादश में आकाश दीप, वाशिंगटन सुंदर और शुभमन गिल को मौका मिला है। न्यूजीलैंड श्रृंखला में 1-0 से आगे है। न्यूजीलैंड की शुरूआत सधी हुई रही लेकिन अश्विन ने भारत को शुरूआती सफला दिया। पहले तीनों विकेट अश्विन के नाम रहे जिन्होंने पहले कप्तान टॉम लाथम (22 गेंदों पर 15 रन, 2 चौके) को एलबीडब्ल्यू किया और इसके बाद विल यंग (45 गेंदों पर 18 रन, 2 चौके) का विकेट लिया जिसमें उनका साथ विकेटकीपिंग कर रहे ऋषभ पंत ने कैच पकड़ कर दिया। तीसरा विकेट 44वें ओवर में आया जब अश्विन की गेंद पर डेवोन कॉन्वे पंत के हाथों कैच आउट हो गए। कॉन्वे ने 141 गेंदों पर 11 चौकों की मदद से 76 रन बनाए। वाशिंगटन सुंदर ने अश्विन का साथ देते हुए लंच के बाद दो विकेट अपने नाम किए जिसमें पहला विकेट रचिन रवींद्र और दूसरा टॉम ब्लंडेल का था। सुंदर ने दोनों को बोल्ड किया। रचिन 105 गेंदों पर 5 चौकों और एक छक्के की मदद से 65 रन की अर्धशतकीय पारी खेलकर आउट हुए जबकि ब्लंडेल मात्र 3 रन ही बना सके। सुंदर ने टीम का छठा और अपना तीसरा विकेट एलबीडब्ल्यू करके हासिल किया जिसमें उनका निशाना डेरिल मिशेल (18 रन) बने। इसके बाद सुंदर ने चार ओवर में तीन विकेट लिए जिसमें ग्लेन फिलिप्स (9), टिम साउथी (4), एजाज पटेल (5) के विकेट शामिल थे। फिलिप्स को सुंदर ने अश्विन के हाथों कैच आउट करवाया जबकि साउथी और पटेल को बोल्ड किया। आखिरी विकेट भी सुंदर के नाम रहा और उन्होंने मिशेल सेंटनर को 33 रन पर बोल्ड किया।



**हेड टू हेड**

| | |
|---|---|
| कुल मैच | 63 |
| भारत | 22 जीत |
| न्यूजीलैंड | 14 जीत |
| ड्रॉ | 27 |

### पिच रिपोर्ट

सीरीज में न्यूजीलैंड को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2023-25 ??के अंक न देने के दबाव के साथ भारत के लिए घरेलू लाभ का उपयोग करने और पुणे में स्पिन के अनुकूल सतह पाने की बहुत संभावना है। भारत बनाम न्यूजीलैंड दूसरे टेस्ट के लिए काली मिट्टी की पिच तैयार की गई है, इसलिए संभावना है कि टेस्ट के पहले दिन से ही स्पिन अपनी भूमिका निभाना शुरू कर देगी। इसका मतलब है कि रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव और संभवतः अक्षर पटेल जैसे खिलाड़ी, अगर चुने जाते हैं, तो वे शुरू से ही भारत के लिए बड़ी भूमिका निभा सकते हैं।

### प्लेइंग 11

**भारत –** यशस्वी जयसवाल, रोहित शर्मा (कप्तान), शुबमन गिल, विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), सरफराज खान, रवींद्र जड़ेजा, वाशिंगटन सुंदर, रविचंद्रन अश्विन, आकाश दीप, जसप्रित बुमराह

**न्यूजीलैंड –** टॉम लैथम (कप्तान), डेवोन कॉनवे, विल यंग, ??रचिन रविंद्र, डेरिल मिशेल, टॉम ब्लंडेल (विकेट कीपर), ग्लेन फिलिप्स, मिशेल सेंटनर, टिम साउथी, एजाज पटेल, विलियम ओरोर्के

# सुंदर को दूसरे टेस्ट में मिला मौका, गावस्कर बोले- टीम इंडिया घबरा गई है

**पुणे (महाराष्ट्र) (एजेंसी)।** दिग्गज भारतीय बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने पुणे में न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दौरान स्पिनर कुलदीप यादव को टीम से बाहर किए जाने पर निराशा व्यक्त की और कहा कि मेजबान टीम द्वारा स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर को अंतिम एकादश में शामिल करने का कदम 'घबराहट' का संकेत है। न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम



लाथम ने गुरुवार को पुणे के महाराष्ट्र क्रिकेट संघ (एमसीए) स्टेडियम में भारत के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे टेस्ट मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। भारत की ओर से तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज, बल्लेबाज केएल राहुल और स्पिनर कुलदीप यादव बाहर बैठे। गर्दन में अकड़न के कारण पहला टेस्ट मैच छोड़ने वाले शुभमन गिल की अंतिम एकादश में वापसी हुई है। आकाश दीप ने सिराज की जगह ली जबकि वॉशिंगटन सुंदर ने मार्च 2021 के बाद से अपने पहले टेस्ट मैच में कुलदीप की जगह ली। टीम इंडिया के लिए यह मैच जीतना बहुत जरूरी है, क्योंकि वे सीरीज में 1-0 से पीछे हैं। रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम को अपने 12 साल के घरेलू वर्चस्व को बनाए रखने और आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में हैट्रिक बनाने की अपनी संभावनाओं को मजबूत करने के लिए यह मैच जीतना होगा क्योंकि उन्हें ऑस्ट्रेलिया से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। मैच के दौरान ऑन एयर बोलते हुए गावस्कर ने कहा कि बल्लेबाजी को बढ़ावा देने के लिए सुंदर को शामिल करने का कदम घबराहट में उठाया गया कदम था। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि चोट की चिंता होने पर ही बहुत सी टीमें तीन बदलाव करेंगी। वॉशिंगटन सुंदर को शामिल करना बताता है कि वे अपनी बल्लेबाजी को लेकर चिंतित हैं। उनकी गेंदबाजी से ज़्यादा, उन्हें निचले क्रम में उनकी बल्लेबाजी की जरूरत है। हां, न्यूजीलैंड की बल्लेबाजी इकाई में बाएं हाथ के बल्लेबाजों के बारे में बहुत चर्चा हो रही है ।

# दक्षिण अफ्रीका 10 साल बाद एशिया में टेस्ट मैच जीता

### आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप अंक तालिका में न्यूज़ीलैंड-इंग्लैंड को पछाड़ा

**ढाका (बांग्लादेश) (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका ने 2014 के बाद एशिया में अपनी पहली टेस्ट जीत हासिल की। दक्षिण अफ्रीका गुरुवार को ढाका के शेरे बांग्ला नेशनल स्टेडियम में दो मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट में बांग्लादेश को हराकर आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप 2023-25 ??स्टैंडिंग में चौथे स्थान पर पहुंच गया।




इस जीत के साथ प्रोटियाज ने अपने अंक प्रतिशत में सुधार करते हुए 47.62 अंक प्राप्त किए जिससे उन्हें न्यूजीलैंड और इंग्लैंड को पीछे छोड़ते हुए स्टैंडिंग में चौथा स्थान प्राप्त करने में मदद मिली। बांग्लादेश की हार से उनका अंक प्रतिशत गिरकर 30.56 हो गया और वे सातवें स्थान पर बने हुए हैं जबकि भारत और ऑस्ट्रेलिया अभी भी स्टैंडिंग में शीर्ष दो स्थानों पर बने हुए हैं।

बांग्लादेश के नजमुल हुसैन शांतो ने टॉस जीतकर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया, लेकिन यह फैसला उल्टा पड़ गया क्योंकि दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजों और स्पिनरों ने मददगार परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन किया और बांग्लादेश को मात्र 106 रन पर आउट कर दिया।

कगिसो रबाडा, वियान मुल्डर और केशव महाराज ने तीन-तीन विकेट लिए। महमूदुल हसन जॉय ने 97 गेंदों में 30 रन बनाकर बांग्लादेश के लिए शीर्ष स्कोरर रहे। बांग्लादेश के स्पिनरों ने वापसी की, तैजुल इस्लाम (5/122) और मेहदी हसन (2/63) ने मिलकर सात विकेट लिए, लेकिन काइल वेरिन (144 गेंदों में 114 रन, आठ चौके और दो छक्के) के जुझारू शतक और मुल्डर (112 गेंदों में 54 रन, आठ चौके) और डेन पीट (87 गेंदों में 32 रन, दो चौके) के सहयोग से दक्षिण अफ्रीका को 202 रनों की विशाल बढ़त हासिल करने में मदद मिली।

दक्षिण अफ्रीका 308 रनों पर आउट हो गया। दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों ने तीसरी पारी में एक बार फिर से कमान संभाली और रबाडा ने शानदार प्रदर्शन किया जिससे मेजबान टीम को एक समय 112/6 पर पहुंचा दिया।

# पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने लगाया आरोप

### धोनी और चयनकर्ताओं ने 'करियर के चरम' पर कुचला आत्मविश्वास

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** मनोज तिवारी ने एक दशक पहले भारतीय टीम से निकाले जाने के बाद हुए विवाद के घाव फिर से हरे कर दिए हैं। पूर्व भारतीय बल्लेबाज ने एमएस धोनी और बीसीसीआई की चयन समिति को दोषी ठहराया है। तिवारी ने 2011 में वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे में शतक बनाया था, लेकिन अगले ही मैच में उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया। इसके बाद उन्हें आठ महीने बाद भारत के लिए अपना अगला मैच खेलने को मिला। उन्होंने इस फैसले पर अपनी निराशा के बारे में अनगिनत बार बात की है, लेकिन जब भी उन्हें टीम से बाहर किए जाने का मुद्दा फिर से उठता है, तो तिवारी अपनी निराशा जाहिर करने से खुद को नहीं रोक पाते।




तिवारी ने कहा, देखिए, यह बहुत पहले हुआ था। यह अतीत की बात है, लेकिन हां, दुख तो होता ही है। अगर मैं कहूं कि यह दुखद नहीं था तो मैं झूठ बोलूंगा। हम क्या कर सकते हैं? यह जीवन है; लेकिन इसे आगे बढ़ने की जरूरत है। अगर मुझे अपनी आत्मकथा लिखनी पड़े या मैं अपना खुद का पॉडकास्ट बनाऊं, तो मैं सब कुछ बता दूंगा। लेकिन यह आसान नहीं था। जब कोई खिलाड़ी अपने शीर्ष पर होता है, उसका आत्मविश्वास टूट जाता है, तो इससे मानसिकता में बदलाव आता है।

तिवारी ने 2008 से 2015 के बीच भारत के लिए 12 वनडे और तीन टेस्ट मैच खेले, जो उनके और विशेषज्ञों की उनके करियर के बारे में की गई कल्पना से बिल्कुल अलग था। अपनी पीढ़ी के सबसे प्रतिभाशाली युवा प्रतिभाओं में से एक तिवारी को बंगाल क्रिकेट टीम के साथ अपने अद्भुत रिकॉर्ड के लिए 'छोटा दादा' के नाम से जाना जाता था। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में सीबी सीरीज में अपनी शुरुआत की, लेकिन एक भूलने योग्य प्रदर्शन का सामना करना पड़ा, ब्रेट ली ने उन्हें 2 रन पर बोल्ड कर दिया।

### गत चैंपियन नोवाक जोकोविच पेरिस मास्टर्स से हटे, कहा– उम्मीद है कि अगले साल वापस आऊंगा



**पेरिस (एजेंसी)।** गत चैंपियन नोवाक जोकोविच ने अगले सप्ताह होने वाले पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है। आयोज इस 37 साल के खिलाड़ी ने पिछले सप्ताह 'सिक्स किंग्स स्लैम' प्रदर्शनी टूर्नामेंट में भाग लिया था। आयोजकों ने जोकोविच के हटने का कोई कारण नहीं बताया है। रैंकिंग में सबसे लंबे समय तक शीर्ष स्थान रहे सर्बिया के इस खिलाड़ी ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा, 'मुझे उन सभी लोगों के लिए खेद है जो मुझे वहां खेलते हुए देखना चाहते थे। वहां सात खिताब जीतने के दौरान मेरी कई अच्छी यादें हैं और उम्मीद है कि अगले साल वापस आऊंगा। जोकोविच ने पेरिस इनडोर टूर्नामेंट में रिकॉर्ड सात खिताब जीते हैं। उनके इसमें नहीं खेलने के फैसले से साल के अंत में होने वाले एटीपी फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने की संभावनाओं को झटका लग सकता है। इसमें शीर्ष आठ खिलाड़ी शामिल होंगे।

### जोहोर कप

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत का विजय रथ रोका

**जोहोर बाहरू (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को सुल्तान ऑफ जोहोर कप में 4-0 की जीत दर्ज कर भारत के विजय रथ को रोक दिया।



खेले गए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के पैट्रिक एंड्रयू ने (29वें मिनट में) गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। ऑस्ट्रेलियाई खिलाडियों ने मैच के दौरान आक्रामक रूख अख्तियार किया। डेकिन स्टैंगर ने (33वें, 39वें, 53वें मिनट में) गोल कर हैट्रिक बनाई। जबकि भारत की फॉरवर्ड लाइन ऑस्ट्रेलियाई रक्षापंक्ति तोड़ने के लिए संघर्ष करती देखी गई। भारतीय रक्षापंक्ति ने शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए पहले क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया हमलों विफल किया।

ऑस्ट्रेलिया के पैट्रिक एंड्रयू ने (29वें मिनट में) गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद उत्साहित डेकिन ने 33वें मिनट में गोलकर बढ़त को दोगुना कर दिया। उन्होंने भी 39वें मिनट अपना दूसरा गोला दागा। डेकिन ने 53वें मिनट में गोलकर अपनी हैट्रिक बनाई। बढ़त को 4-0 पहुंचा दिया। कई अवसर मिलने के बावजूद भारतीय टीम गोल नहीं कर पाई। इस हार के बावजूद भारत नौ अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है जबकि ऑस्ट्रेलिया न्यूजीलैंड के बाद तीसरे स्थान पर है।

# रबाडा ने मोर्ने मोर्कल को पीछे छोड़ा

### सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले शीर्ष 5 खिलाड़ियों में शामिल हुए

**ढाका (बांग्लादेश) (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा ने मोर्ने मोर्कल को पीछे छोड़ते हुए प्रोटियाज के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पांचवें सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। रबाडा ने ढाका में बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। ??बांग्लादेश की दूसरी पारी में रबाडा ने 17.5 ओवर में 6/46 विकेट लिए, जिसमें महमूदुल हसन जॉय, शादमान इस्लाम, मोमिनुल हक, मुशफिकुर रहीम, मेहदी हसन मिराज और नईम हसन के विकेट शामिल हैं।

अब 231 अंतरराष्ट्रीय मैचों में रबाडा ने 24.18 की औसत से 536 विकेट लिए हैं, जबकि मोर्कल ने 535 विकेट लिए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 7/112 रहा है। उन्होंने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 20 बार चार विकेट, 17 बार पांच विकेट और चार बार 10 विकेट लिए हैं। दक्षिण अफ्रीका के लिए सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय विकेट लेने वाले गेंदबाज दिग्गज ऑलराउंडर शॉन पोलक हैं, जिन्होंने 414 मैचों में 23.63 की औसत से 823 विकेट लिए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 7/87 रहा है। उन्होंने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 35 बार चार विकेट, 21 बार पांच विकेट और एक बार 10 विकेट लिए हैं।



बांग्लादेश की पहली पारी में रबाडा 300 टेस्ट विकेट तक पहुंचने वाले छठे दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाज बने। उन्होंने 11,817 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की, जो किसी भी गेंदबाज द्वारा अब तक का सबसे तेज आंकड़ा है। उनके नाम फिलहाल 308 टेस्ट विकेट हैं। पहली पारी में उन्होंने 11 ओवर में 26 रन देकर 3 विकेट लिए। इस मैच में रबाडा के 72 रन पर 9 विकेट से पहले, एशिया में टेस्ट में आठ या उससे अधिक विकेट लेने वाले दक्षिण अफ्रीका के आखिरी तेज गेंदबाज डेल स्टेन थे जिन्होंने 2014 में गॉल में श्रीलंका के खिलाफ 9/99 से गेंदबाजी की थी। यह भारतीय उपमहाद्वीप में उनकी आखिरी टेस्ट जीत भी है।

अब दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 107 रनों का लक्ष्य दिया गया है। पहले बल्लेबाजी करने के बाद बांग्लादेश केवल 106 रन ही बना सका, जिसमें महमूदुल हसन 30 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। रबाडा, वियान मुल्डर और केशव महाराज ने तीन-तीन विकेट लिए। अपनी पहली पारी में दक्षिण अफ्रीका ने काइल वेरिन (114) के शतक और मुल्डर (54) के अर्धशतक की बदौलत 202 रनों की बढ़त हासिल की, वे 307 रन पर आउट हो गए और 105 रन की बढ़त हासिल कर ली तथा दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 106 रन का लक्ष्य दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### पिंपरी चिंचवड़ के भोसरी इलाके में बड़ा हादसा



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के पिंपरी चिंचवड़ के भोसरी इलाके में एक दर्दनाक हादसा हुआ है। गुरुवार को निर्माणाधीन पानी की टंकी का एक हिस्सा अचानक गिर गया, जिससे तीन मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई और सात अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के समय मजदूर निर्माण कार्य में जुटे थे। प्रशासन और राहत टीमों ने तेजी से मौके पर पहुंचकर घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है। शुरुआती जांच में यह सामने आया है कि सुरक्षा मानकों की अनदेखी की वजह से यह हादसा हुआ। स्थानीय पुलिस और नगर निगम के अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए पीड़ितों के परिवारों को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया है।

### बाबा सिद्दीकी हत्याकांड मामले में पुणे से तीन और गिरफ्तार

**पुणे, एजेंसी।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता बाबा सिद्दीकी के हत्याकांड मामले में ताबड़तोड़ गिरफ्तारियां चल रही हैं। इसी सिलसिले में बुधवार देर शाम पुणे से तीन लोगों की गिरफ्तारी हुई है। दरअसल, महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की बांद्रा में तीन लोगों ने 12 अक्टूबर को गोली मारकर हत्या कर दी थी। एनसीपी नेता पर हमला उस वक्त किया गया था, जब वे अपने बेटे जीशान सिद्दीकी के कार्यालय के पास थे। उनकी हत्या की जिम्मेदारी गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह ने ली है। इस मामले में पुलिस कई लोगों को गिरफ्तार किया है। इसी सिलसिले में महाराष्ट्र से पुणे से तीन और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार हुए आरोपी पुणे के रहने वाले हैं। जिनकी पहचान शिवणे के निवासी रूपेश राजेंद्र मोहोल (22), उत्तम नगर निवासी करण राहुल साल्वे (19) और शिवम अरविंद कोहाड़ (20) के रूप में हुई है। इससे पहले मुंबई क्राइम ब्रांच ने बुधवार को एक शख्स को हरियाणा के कैथल से गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम अमित उर्फ नाथी बताया जा रहा है, जो कलायत के बाता गांव का निवासी है।अमित पर पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। जानकारी के मुताबिक, बाबा हत्याकांड मामले में जीशान अख्तर की पहचान चौथे मुख्य आरोपी के रूप में हुई है। जीशान बाबा की हत्या करने के लिए बाकी तीनों शूटर्स को बाहर से डायरेक्शन दे रहा था। वह फरार है। अमित पर आरोप है कि उसने आरोपी जाशीन अख्तर को करनाल में एक मकान किराए पर लेकर ठहराया था। बाबा सिद्दीकी हत्याकांड से केवल दो महीने पहले 15 दिन से अधिक दोनों आरोपी एक साथ रहे थे। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस आरोपी के अन्य कनेक्शनों की जांच में जुट गई है। गौरतलब है कि बाबा सिद्दीकी की हत्या मामले में 19 अक्टूबर को मुंबई पुलिस ने उनके साथ मौजूद सुरक्षा गार्ड को निलंबित कर दिया था। बाबा सिद्दीकी की सुरक्षा में तैनात कांस्टेबल श्याम सोनावणे ने वारदात के वक्त किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की। पुलिस के अनुसार, कांस्टेबल श्याम सोनावणे ने न तो आरोपियों को रोकने की कोशिश की और न ही बाबा सिद्दीकी को बचाने की। इस मामले में आंतरिक जांच भी चल रही है।

### विजयपुरा में नुमाइश मैदान में झूले से गिरकर महिला की मौत

**बेंगलुरु, एजेंसी।**कुछ दोस्तों के साथ नुमाइश मैदान गई थी। पुलिस के अनुसार, पीड़िता का झूले पर लगा 'सेफ्टी बार' टूट गया और उसने जो सेफ्टी बेल्ट पहनी थी वह भी अलग हो गयी, जिसके कारण वह ऊंचाई से नीचे गिर गई। विजयपुरा एक नुमाइश मैदान में 'रेंजर' झूले से गिरने के बाद 21 वर्षीय एक महिला की सिर में चोट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना रविवार शाम करीब सात बजे हुई।

# बेहाली उपचुनाव टिकट को लेकर विवाद, विपक्षी एकता में आई दरार!

**गुवाहाटी, एजेंसी।**
झकांग्रेस के नेतृत्व वाला विपक्षी मंच असम संयुक्त मोर्चा (अ.ख.म) टूट के कगार पर है. बुधवार को प्रदेश कांग्रेस प्रमुख भूपेन बोरा के असम संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिए जाने के बाद से मोर्चा की स्थिति डावांडोल दिख रही है. भूपेन बोरा के इस्तीफे के साथ ही यह तय हो गया है कि कांग्रेस ने असम संयुक्त मोर्चा से नाता तोड़ लिया है.



कांग्रेस पार्टी ने असम संयुक्त मोर्चा को बचाने की पहल की, जो कांग्रेस के नेतृत्व वाली विपक्षी एकता का साझा मंच है. असम में 13 नवंबर को होने वाले उपचुनावों के दौरान चार विधानसभा सीटों के साथ बेहाली की उम्मीदवारी के कारण इसे भंग होने से बचाया जा रहा है. विपक्षी मंच को एकमत करने के प्रयास में, एआईसीसी ने बेहाली से अपना उम्मीदवार नहीं उतारने का फैसला किया और एएसओएम से सीपीआई (एमएल) के अपने समर्थित उम्मीदवार के बजाय कोई दूसरा उम्मीदवार उतारने को कहा है. लेकिन इस कदम का कोई नतीजा नहीं निकला और आखिरकार बोरा को मोर्चा के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देना पड़ा.

बोरा ने अपना त्यागपत्र मोर्चा के सचिव और असम जातीय परिषद के अध्यक्ष लुरिनज्योति गोगोई को भेजा है. साथ ही उन्होंने अपने त्यागपत्र की एक प्रति कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व को भी भेजी है. अपने त्यागपत्र में बोरा ने कहा है कि, उम्मीदवारी को लेकर उन पर काफी दबाव है. असम की पांच सीटों में से बेहाली उपचुनाव के लिए कांग्रेस ने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है.

लोकसभा में विपक्ष के उपनेता और कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने वकालत की थी कि, कांग्रेस को बेहाली से अपना उम्मीदवार खड़ा करना चाहिए. असम में 2026 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता से बाहर करने के उद्देश्य से गठित असम संयुक्त मोर्चा पिछले कुछ दिनों से मुश्किल में है. वह इसलिए क्योंकि कांग्रेस ने उम्मीदवारी को लेकर अपने पत्ते मंच के सामने नहीं खोले हैं. इस बीच असम संयुक्त मोर्चा द्वारा गठित पांच सदस्यीय चयन समिति ने सीपीआई (एमएल) नेता बिबेक दास को मंच का उम्मीदवार बनाया और उनके नाम को मंजूरी के लिए प्रमुख हितधारक कांग्रेस के समक्ष प्रस्तावित किया.

माना जा रहा है कि, इस कदम को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन बोरा का समर्थन प्राप्त था, जो असम सोमा को बरकरार रखने के लिए उत्सुक थे. लेकिन गौरव गोगोई, जिनकी राष्ट्रीय नेतृत्व की नजरों में अहमियत बढ़ गई है, ने जयंति बोरा को आगे बढ़ाया, जो एक नेता हैं और जिन्होंने निर्वाचन क्षेत्र से भगवा टिकट से वंचित होने के कारण भाजपा छोड़ दी थी. कांग्रेस की राज्य इकाई ने अपने दो प्रमुख नेताओं को टिकट आवंटन को लेकर दो अलग-अलग कोनों में देखा और चीजें और अधिक धुंधली हो गई.

यहां तक कि, असम संयुक्त मोर्चा ने भी कांग्रेस को मंगलवार सुबह 10 बजे तक अपना रुख स्पष्ट करने की समय सीमा दी थी. अंत में, गठबंधन को बरकरार रखने के हित में, कांग्रेस ने पूरी चुनावी उम्मीदवार प्रक्रिया में एक मोड़ का प्रस्ताव रखा. यह बेहाली में विपक्षी मंच से एक उम्मीदवार को मैदान में उतारने के लिए तैयार थी. लेकिन उम्मीदवार को बदलने के लिए कहा. कांग्रेस के उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार, असम कांग्रेस के प्रभारी जितेंद्र सिंह ने भी मंगलवार सुबह इस संबंध में विपक्षी गठबंधन को एक पत्र लिखा. पत्र में कहा गया है कि संयुक्त मोर्चा उम्मीदवार तो दे सकता है, लेकिन वह बिबेक दास नहीं होना चाहिए।

## बेंगलुरु एयरपोर्ट पर लाउंज एक्सेस पाने के लिए महिला ने डाउनलोड किया ऐप, क्रेडिट कार्ड से उड़े 87000 रुपये

**बेंगलुरु , एजेंसी।** आज के समय में तरह-तरह के स्कैम सामने आने लगे हैं। ताजा मामला बेंगलुरु एयरपोर्ट से सामने आया है। बता दें कि बेंगलुरु एयरपोर्ट पर एक महिला अपनी फ्लाइट के लिए पहुंची थी। फ्लाइट पकड़ने से पहले महिला ने लाउंज में एक्सेस करने की कोशिश की लेकिन वह नाकाम रही।चूंकि महिला के पास क्रेडिट कार्ड नहीं था, इसलिए उसने प्रवेश पाने के लिए एक क्रेडिट कार्ड की फोटो दिखाई। इस दौरान महिला को एक लाउंज स्टाफ ने सुरक्षा कारणों के चलते एक ऐप डाउनलोड करने और अपने चेहरे की स्क्रीनिंग करवाने के लिए कहा। महिला ने सभी निर्देशों का पालन किया, लेकिन क्रेडिट कार्ड बिल मिलने के बाद ही उसे धोखाधड़ी का पता चला। 29 सितंबर को लाउंज पास ऐप डाउनलोड करने के बावजूद, महिला ने लाउंज सुविधाओं का इस्तेमाल नहीं किया। इसके बजाय उसने अपनी उड़ान से पहले स्टारबक्स में कॉफी पी।अपनी यात्रा के कुछ दिनों बाद, लोगों ने उसे बताया कि वे उससे फोन पर संपर्क नहीं कर पा रहे हैं। शुरू में, महिला को लगा कि शायद एयरटेल के नेटवर्क के कारण ऐसा हो रहा है, जिसे लेकर कई महीनों से उसे समस्या हो रही थी। अब वायरल हो रहे वीडियो में महिला ने कहा कि पिछले कुछ महीनों से एयरटेल के बुरे कनेक्शन के कारण, मैंने मान लिया कि यह खराब सिग्नल के कारण है। फिर किसी ने मुझसे कहा कि कोई पुरुष तुम्हारा फोन क्यों उठा रहा है। लेकिन उस समय वह अस्पताल में पारिवारिक स्थिति को लेकर व्यस्त थीं, इसलिए उन्होंने इस बात को नजरअंदाज कर दिया। लेकिन उन्हें तब पता चला कि उनके क्रेडिट कार्ड से 87,000 रुपये से अधिक की राशि काट ली गई है और उसे फोनपे अकाउंट में ट्रांसफर कर दिया गया है।

अब उन्हें संदेह है कि घोटालेबाजों ने ऐप के माध्यम से उनके फोन को हैक कर लिया, कॉल फॉरवर्डिंग को इनेबल किया और संभवतः अनधिकृत लेनदेन को पूरा करने के लिए ओटीपी को इंटरसेप्ट किया।

उसने बताया, यह लाउंज पास ऐप जिसे उन्होंने मुझे डाउनलोड करने के लिए कहा था, स्क्रीन शेयरिंग। वे मेरे फोन में गए, मेरी सेटिंग्स में गए, उन्होंने कॉल-फॉरवर्डिंग ऑन कर दी, इसलिए मुझे कोई कॉल नहीं आई। मुझे नहीं पता कि मेरे कितने ओटीपी उन तक पहुँचे हैं।

## दोस्त ही निकले दुश्मन, गाजियाबाद के प्रॉपर्टी डीलर का कुत्ते के पट्टे से घोंटा गला, फिर कार समेत जलाया

**ग्रेटर नोएडा/दादरी , एजेंसी।**
गाजियाबाद के गोविंदपुरम में मंगलवार शाम को प्रॉपर्टी डीलर संजय यादव की हत्या करने के बाद दोनों आरोपी दोस्त सात घंटे तक कार में शव लेकर घूमते रहे। रात में दादरी क्षेत्र के नगला नैनसुख गांव के समीप मुख्य सड़क से अंदर झाड़ियों में उन्होंने कार में आग लगाकर शव जला दिया, ताकि लोगों को यह हादसा लगे। पुलिस ने बताया कि गोविंदपुरम स्थित एक आरोपी के मकान में विशाल राजपूत और जीत चौधरी ने प्रॉपर्टी डीलर संजय यादव के साथ बैठकर बीयर पी। इसके बाद आरोपियों ने मंगलवार शाम को चार बजे मकान से कुत्ते का पट्टा उठाया और गला घोंटकर संजय यादव की हत्या कर दी।

आरोपियों ने इसके बाद संजय के शव को उसी की फॉर्च्यूनर कार में डाल लिया। वे सात घंटे तक कार में शव लेकर इधर-उधर घूमाते रहे। आरोपी कार को लेकर गाजियाबाद के गोविंदपुरम से करीब 31 किलोमीटर दूर दादरी क्षेत्र में रात करीब 11 बजे नगला नैनसुख गांव के समीप पहुंचे और कार को मुख्य सड़क से अंदर झाड़ियों की तरफ ले गए। यहां आरोपियों ने कार में आग लगा दी। उन्होंने संजय यादव का शव भी उसमें जला दिया।

आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे कार में शव को डिग्गी में डालकर लाए थे। उसके ऊपर कंबल डाल लिया था, लेकिन घटना के समय संजय का शव चालक सीट पर रख दिया था, ताकि लगे गाड़ी में आग जलने पर चालक जिंदा जल गया। आरोपियों का मकसद घटना को हादसे का रूप देना था। कार में आग लगाते समय एक आरोपी भी थोड़ा झुलस गया। वहीं, सवाल उठ रहा है कि गाजियाबाद से लेकर गौतमबुद्ध नगर की सीमा में आरोपी फॉर्च्यूनर कार में प्रॉपर्टी डीलर का शव लेकर घूमते रहे, लेकिन कहीं भी पुलिस ने कार को चेकिंग के लिए नहीं रोका, जबकि शव गाड़ी की डिग्गी में पड़ा था। सोशल मीडिया पर फॉर्च्यूनर कार का जलने का वीडियो वायरल हुआ। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कार में आग टंकी की तरफ से लगी थी। इसके बाद धीरे-धीरे आग ने पूरी गाड़ी को चपेट में ले लिया और गाड़ी जलकर राख हो गई। बताया जा रहा है कि आरोपी बोतल में भी पेट्रोल लेकर आए थे। बाइक का पेट्रोल छिड़क कर लाइटर से कार में आग लगाई गई।

ग्रेटर नोएडा के एडीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि दादरी पुलिस ने प्रॉपर्टी डीलर के परिजनों की शिकायत पर शुरुआत में जीरो एफआईआर दर्ज की। पुलिस ने आरोपी विशाल राजपूत और जीत चौधरी को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया। इस केस की विस्तृत जांच गाजियाबाद पुलिस द्वारा की जाएगी। गाजियाबाद के गोविंदपुरम में हत्या की घटना को अंजाम दिया गया था। हत्या करने के बाद आरोपी शव को दादरी क्षेत्र में लेकर आए थे।

## अठन्नी भारी पड़ गई... पोस्ट ऑफिस ने कस्टमर को नहीं दिए 50 पैसे, अब देने होंगे 15 हजार रुपये

**चेन्नई, एजेंसी।**
भारतीय डाक सेवा को एक उपभोक्ता को पचास पैसे राउंड आफ (पूर्णांक) करना महंगा पड़ा। उसके बदले में उपभोक्ता फोरम ने उपभोक्ता को रिफंड लौटाने के साथ ही इस सरकारी विभाग पर 15 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। हर्जाने के तौर पर दस हजार रुपये मानसिक परेशानी, गलत व्यापारिक तरीकों और सेवा में कमी के चलते वसूले गए हैं। कांचीपुरम जिले में एक उपभोक्ता फोरम ने डाक विभाग को पांच हजार रुपये बतौर अदालती कार्यवाही पर हुए खर्च के लिए देने को कहा है। शिकायतकर्ता ए.मनाशा के अनुसार, उसने 13 दिसंबर, 2023 को 30 रुपये नकद देकर पोझिचालुर पोस्ट ऑफिस से एक रजिस्टर्ड डाक भेजनी थी, लेकिन उसकी रसीद पर केवल 29.50 रुपये की रकम दिखा रही थी। लिहाजा, उसने वह पूरी रकम यूपीआई के जरिये देने की पेशकश की, लेकिन उसमें भी कुछ तकनीकी कारणों से डाक के भुगतान को डिक्लाइन दिखा रहा था। शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत में कहा कि प्रतिदिन लाखों लेन-देन होते हैं, अगर पूरी धनराशि लेकर भी कम दिखाई जाती रही तो सरकार को राजस्व का बहुत नुकसान होगा। उन्होंने इसे अवैध करार देते हुए इससे उन्हें गंभीर मानसिक परेशानी की बात कही। वहीं, डाक विभाग ने उपभोक्ता फोरम को बताया कि उस समय कुछ तकनीकी कारणों से डिजिटल भुगतान स्वीकार नहीं हो रहा था। इसलिए उनसे कैश




लिया गया था। उन्होंने बताया कि पोस्टल साफ्टवेयर में स्वत ही 50 पैसे राउंड आफ हो रहे थे, जबकि वह राशि काउंटर एकाउंट सबमिशन में अलग से दिखा रही थी, इसलिए उनकी शिकायत स्वीकार करने योग्य नहीं है। उधर, डाक विभाग निवेशकर्ताओं के लिए खुशखबरी लेकर आया है। दरअसल, डाक विभाग एसआईपी (सिस्टमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) की सुविधा भी देगा। डाक विभाग ने इसको लेकर ऐप व पोर्टल तैयार कर लिया है। कहा जा रहा है कि इस साल के अंत तक ये सुविधा दी जा सकती है। डाक विभाग ने ग्राहकों को एक और सुविधा दी है। इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक (आईपीपीबी) और डा कघर में संचालित खातों का आपस में लिंकअप करके किसी भी समय बड़ी धनराशि का भुगतान कर सकेंगे।

## उत्तर कोरिया ने सियोल के राष्ट्रपति भवन परिसर में एक बार फिर कचरे से भरे गुब्बारे गिराए

**प्योंगयाग, एजेंसी।**
राष्ट्रपति यून और उनकी पत्नी किम कियोन ही की आलोचना वाले पर्चे भी थे। समाचार पत्र में बताया गया कि सियोल के योंगसान जिले में ये पर्चे बिखरे हुए मिले थे और यहीं यून का राष्ट्रपति कार्यालय है। उत्तर कोरिया ने एक बार फिर दक्षिण कोरिया के सियोल स्थित राष्ट्रपति भवन परिसर में बृहस्पतिवार को कचरे से भरे गुब्बारे गिराए। दक्षिण कोरिया के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उत्तर कोरिया ने मई के अंत में दक्षिण कोरिया की ओर कचरे से भरे गुब्बारे भेजना शुरू किया था, जिसके बाद से उसने अब दूसरी बार इस तरह के गुब्बारे भेजे। दक्षिण कोरिया की राष्ट्रपति सुरक्षा सेवा ने बताया कि उत्तर कोरिया की ओर से राष्ट्रपति भवन परिसर में बृहस्पतिवार को कचरे से भरे गुब्बारे गिराए गए, हालांकि इनमें कोई खतरनाक वस्तु नहीं थी। यह तत्काल पता नहीं चल पाया कि उत्तर कोरियाई गुब्बारे के गिरने के समय राष्ट्रपति यून सुक-योल परिसर में मौजूद थे या नहीं।

विशेषज्ञों का कहना है कि उत्तर कोरिया के पास खास स्थानों को निशाना बनाकर गुब्बारे गिराने के लिए संभवतः अत्याधुनिक तकनीक का अभाव है। दक्षिण कोरिया के 'डोंग-ए इल्बो' समाचार पत्र में बृहस्पतिवार को प्रकाशित खबर में बताया गया कि उत्तर कोरिया ने सियोल स्थित राष्ट्रपति भवन परिसर में कचरे से भरे गुब्बारे गिराए।

## जस्टिन ट्रूडो गंवा सकते हैं पद, सांसदों ने दे दिया 4 दिन का अल्टीमेटम

**ओटावा, एजेंसी।**
कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। अब खबर है कि लिबरल पार्टी के नेताओं ने ही उनके इस्तीफे की मांग कर दी है। साथ ही पार्टी के नेता का पद छोड़ने के लिए ट्रूडो को डेडलाइन भी थमा दी गई है। खास बात है कि यह ऐसे समय पर हो रहा है, जब भारत और कनाडा के रिश्ते तल्ख हो गए हैं। ट्रूडो ने एक मामले की जांच में भारत के उच्चायुक्त रहे संजय कुमार वर्मा को पर्सन ऑफ इंटरेस्ट बताया था।

समाचार एजेंसी ने सीबीसी न्यूज के हवाले से बताया है कि लिबरल पार्टी में ट्रूडो को हटाए जाने की कवायद तेज हो गई है। हाल ही में बंद कमरे में हुई बैठक के दौरान सांसदों ने ट्रूडो के सामने अपने परेशानियां रखीं। खबर है कि ट्रूडो अपनी ही पार्टी में असंतोष का सामना कर रहे हैं। सांसदों ने उन्हें भविष्य पर फैसला लेने के लिए 28 अक्टूबर की तारीख दे दी है।

खबरें हैं कि 24 सांसदों ने ट्रूडो को लिबरल चीफ के पद से हटाने के लिए हस्ताक्षर किए हैं। बुधवार को हुई बैठक के दौरान ब्रिटिश कोलंबिया से सांसद पैट्रिक वीलर ने ट्रूडो के इस्तीफे के पक्ष में दस्तावेज पेश किया। इसमें बताया गया था कि जब अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया था, तब डेमोक्रेट्स को बढ़त मिलती दिखी थी। दस्तावेज में कहा गया है कि ऐसा ही लिबरल पार्टी के मामले में भी हो सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, 3 घंटे लंबी चली बैठक में किसी भी कैबिनेट मंत्री ने ट्रूडो से पद छोड़ने की



अपील नहीं की। वहीं, कहा जा रहा है कि कुछ सांसद ट्रूडो के समर्थन में भी आए। माना जाता है कि कनाडा में सियासी घमासान की एक वजह भारत के साथ तनाव भी हो सकते हैं। बीते साल ट्रूडो ने संसद में खालिस्तानी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के तार भारत सरकार से जुड़े होने की आशंका जताई थी। इसके बाद से ही दोनों देशों के रिश्ते तल्ख हो गए थे।

# अमेरिका में भारतीयों को बड़ा तोहफा, दीवाली पर छुट्टी का ऐलान

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में दीवाली पर भारतीयों को बड़ा तोहफा मिला है। यहां पहले राज्य ने दीवाली पर आधिकारिक छुट्टी का किया ऐलान कर भारतीय अमेरिकी नागरिकों को खुश कर दिया है। पेंसिल्वेनिया के गवर्नर जोश शापिरो ने सोमवार को एक कानून पर हस्ताक्षर किए, जिससे दिवाली को पेंसिल्वेनिया में आधिकारिक अवकाश के रूप में मान्यता मिली।गवर्नर शापिरो ने कहा, इस बिल पर हस्ताक्षर करके, हम दिवाली के महत्व को पहचानने के साथ-साथ पेंसिल्वेनिया में एशियाई अमेरिकी समुदाय की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और योगदान का जश्न मना रहे हैं। यह कानून राज्य सेनाटे में सेनेटर ग्रेग रॉथमैन (आर) और सेनेटर निकिल सावल (डी) द्वारा प्रस्तावित किया गया था। शापिरो के कार्यालय के अनुसार, दिवाली को दक्षिण एशियाई संस्कृति में सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक माना जाता



है। रॉथमैन ने कहा, दिवाली को आधिकारिक राज्य अवकाश के रूप में मान्यता देने से हमारी पेंसिल्वेनिया की सांस्कृतिक विविधता का जश्न मनाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि दिवाली, जिसे रोशनी का त्योहार कहा जाता है, मुख्य रूप से भारत और दक्षिण एशिया में मनाया जाता है। यह पाँच दिनों तक चलने वाला त्योहार है, जिसमें मुख्य समारोह तीसरे दिन होता है। उन्होंने कहा कि इस त्योहार के दौरान लोग अपने प्रियजनों के साथ समय बिताते हैं और अच्छाई की बुराई पर, ज्ञान की अज्ञानता पर और आंतरिक प्रकाश की आध्यात्मिक अंधकार पर विजय का जश्न मनाते हैं। दिवाली की उत्सव में पटाखे छोड़ना, दीपक जलाना और मिट्टी के दीयों को सजाना शामिल है। सावल ने कहा, हम सभी को अपनी संस्कृतियों को पहचानने और सम्मानित करने का हक है।

## तुर्की आतंकी हमले का सीसीटीवी फुटेज आया सामने, जवाब में 32 कुर्द आतंकवादियों के ठिकानों पर किया हमला

**अंकारा, एजेंसी।** तुर्की में हुए एक बड़े आतंकी हमले में पांच लोगों की जान चली गई और कई अन्य घायल हो गए। हथियारबंद हमलावरों ने अंकारा के पास तुर्की एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज (टीयूएसएएस) के मुख्यालय को निशाना बनाया। गृह मंत्रालय ने बताया कि 5 की मौत हो गई है और 22 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से तीन की हालत गंभीर है और उन्हें गहन देखभाल दी जा रही है।

यह हमला तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोआन की 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ चर्चा के समय हुआ। अल जजीरा के अनुसार एर्दोआन ने इस घटना की निंदा करते हुए इसे घृणित आतंकवादी हमला बताया। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई, जिसमें हमले से कुछ मिनट पहले हथियारबंद बंदूकधारी टीयूएसएएस कार्यालयों के पास पहुंचे। आतंकी हमले से हिलने के कुछ घंटों बाद, तुर्की ने कहा कि उसने इराक और सीरिया में कुर्दिश उग्रवादी ठिकानों पर हमले शुरू कर दिए हैं। ये हमले तब किए गए जब अंकारा ने आतंकवादी हमले के लिए उग्रवादी समूह को दोषी ठहराया, जिसमें तुर्की एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज परिसर में पांच लोग मारे गए थे। बुधवार को हुए इस हमले में विस्फोट और गोलीबारी दिखाने वाले क्लिप सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं। एक वीडियो में, एक बंदूकधारी मुख्यालय की पार्किंग में घुसता हुआ दिखाई दे रहा है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129